फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 18 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 30, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी 16

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू 15

एक नजर

घोषणा पत्र की मंजूरी को सीडब्ल्यूसी की बैठक कल

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई सीडब्ल्यूसी 19 मार्च को बैठक करेगी और मसौदा घोषणापत्र को अपनी मंजूरी देगी जिसमें न्याय के लिए पांच 'गारंटी' दी गई हैं।

सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर ने दिया बेटे को जन्म

बठिंडा। लोकप्रिय दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता के घर रविवार को एक नन्हे मेहमान ने दस्तक दी। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर शुभदीप सिंह सिद्धू की मां चरण कौर ने एक बालक को जन्म दिया है। पंजाब के मानसा जिले में करीब दो साल पहले मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर बेटे के जन्म की घोषणा की और कहा कि उनकी पत्नी चरण कौर ने मूसेवाला के छोटे भाई को जन्म दिया है।

सीयूईटी-स्नातक परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा- स्नातक (सीयूईटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी।

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते-आते छह बड़े नेता छोड़ चुके हैं कांग्रेस, बदरीनाथ विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र भंडारी भाजपा में शामिल

अब विधायक व पूर्व मंत्री ने दिया कांग्रेस को बड़ा झटका

संवाददाता, हल्द्वानी/देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड कांग्रेस में इस्तीफों का सिलसिला जारी है। रविवार को कांग्रेस को दो बड़े झटके लगे। बद्रीनाथ के विधायक व पूर्व मंत्री राजेंद्र भंडारी और टिहरी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके धन सिंह नेगी ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। राजेंद्र भंडारी ने भाजपा के दिल्ली कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। हाल ही में कांग्रेस के छह बड़े नेता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम चुके हैं।

हरीश रावत सरकार में कृषि मंत्री रहे और वर्तमान में बद्रीनाथ से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने रविवार को पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को एक लाइन में इस्तीफा लिखकर भेजा। इसके बाद विधायक भंडारी ने दिल्ली में भाजपा ज्वाइन कर ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और पौड़ी सीट से उम्मीदवार अनिल बलूनी ने भंडारी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। 2007 में राजेंद्र भंडारी नंदप्रयाग विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में जीते और भाजपा की खंडूड़ी सरकार में 2012 तक खेल मंत्री रहे। 2012 में कांग्रेस से बद्रीनाथ के विधायक निर्वाचित हुए। तब वे हरीश रावत सरकार में अंतिम छणों में तीन माह तक कृषि मंत्री रहे। वर्ष 2017 में वह महेंद्र भट्ट से चुनाव हार गए थे लेकिन 2022 में फिर कांग्रेस से विधायक बने। उधर, टिहरी में कांग्रेस से 2022 का विधानसभा चुनाव लड़े धन सिंह नेगी ने भी पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। हाल ही में छह बड़े नेता कांग्रेस से बाहर आ गए हैं। गंगोत्री के पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण व पुरोला के पूर्व विधायक मालचंद ने कांग्रेस छोड़ दी और भाजपा की सदस्यता ले ली। शनिवार को ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत की पुत्रवधु अनुकृति गुसाईं ने भी पार्टी छोड़ दी। इससे पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूडी के पुत्र मनीष खंडूडी ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए। मनीष कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं।

दिल्ली भाजपा कार्यालय में राजेंद्र भंडारी को सदस्यता दिलाते मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पौड़ी प्रत्याशी अनिल बलूनी। ● अमृत विचार

भंडारी को अयोग्य घोषित करें विधानसभा अध्यक्षः माहरा

बद्रीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के भाजपा की सदस्यता लेने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने दल-बदल कानून के अन्तर्गत विधायक भण्डारी की विधानसभा सदस्यता रद्द किये जाने हेतु विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को पत्र प्रेषित किया है। माहरा का कहना है कि चूंकि राजेंद्र भंडारी कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर निर्वाचित हुए हैं, ऐसे में पार्टी से त्यागपत्र देने पर दल-बदल कानून के तहत विस सदस्यता समाप्त हो जाती है। विधानसभा अध्यक्ष को राजेंद्र भंडारी को विस सदस्यता से अयोग्य घोषित करते हुए उनकी सदस्यता निरस्त करनी चाहिए।

नई सरकार के पहले सौ दिनों की बनाएं रूपरेखा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया शुरू की।

चुनावी बॉण्ड से भाजपा को सबसे अधिक 6,986 करोड़ रुपये मिले

लाभ पाने में टीएमसी दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नए आंकड़े रविवार को सार्वजनिक किए। यह आंकड़े आयोग ने सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे थे। कोर्ट ने बाद में इन्हें आयोग की वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि ये आंकड़े (विवरण) 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। अब रद हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपये का दान दिया। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

● निर्वाचन आयोग ने सार्वजनिक किए चुनावी बॉण्ड से संबंधित नए आंकड़े

ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। गैर सरकारी संगठन, एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित एक पूर्व रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2018 से जनवरी 2024 तक 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड बेचे गए थे। दोनों आंकड़ों को मिलाकर अनुमान लगाया गया है कि योजना की पूरी अवधि के दौरान भाजपा को कुल 7,700 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनता दल (सेक्युलर) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले। फ्यूचर गेमिंग कंपनी 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं।

तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़, राजद ने 56 करोड़, सपा ने 14.05 करोड़ प्राप्त किए। अकाली दल ने 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक ने 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 50 लाख रुपये के बॉण्ड भुनाए। आम आदमी पार्टी को 65.45 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के बाद उसे 3.55 करोड़ रुपये और मिलने का अनुमान है, जिससे कुल दान 69 करोड़ रुपये हो गया।

बॉण्ड एक प्रयोग, कितना फायदेमंद रहा समय बताएगा

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है और वक्त आने पर पता चलेगा कि यह कितना फायदेमंद और प्रभावी रहा। चुनावी बॉण्ड मुद्दे पर जतायी जा रही चिंताओं और लाभ पाने के लिए इन्हें खरीदने के दावों के बारे में होसबाले ने कहा कि संघ ने अभी तक इसके बारे में चर्चा नहीं की है क्योंकि चुनावी बॉण्ड एक प्रयोग है। उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण और संतुलन के साथ किया गया और ऐसा नहीं है कि चुनावी बॉण्ड आज अचानक पेश किए गए, ऐसी योजना पहले भी लाई गई थी। जब भी कोई बदलाव होता है तो सवाल उठाए जाते हैं। जब ईवीएम लाई गई थीं तब भी सवाल उठाए गए थे। जब नयी चीजें आती हैं तो लोगों का सवाल उठाना स्वाभाविक है।

यूट्यूबर एल्विश यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा पुलिस ने यहां एक पार्टी में नशे के लिए सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल की जांच के संबंध में यूट्यूबर एल्विश यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यादव पिछले साल तीन नवंबर को यहां सेक्टर-49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद छह आरोपियों में से एक हैं। मामला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रावधानों और आईपीसी धारा 120बी के तहत दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (नोएडा) मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर रही सेक्टर-20 थाने की एक टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता यादव ने मामले में संलिप्तता के आरोपों से इनकार किया है। पुलिस ने पूर्व में उनसे पूछताछ की थी। मामले में सेक्टर-49 थाने के प्रभारी उप निरीक्षक को हटा दिया गया था जहां प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह मामला पशु अधिकार समूह 'पीपल फॉर एनिमल्स' के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

● सांप के जहर के इस्तेमाल का मामला

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल के खिलाफ रिपोर्ट

रायपुर, एजेंसी

- महादेव सट्टा एप मामले में 18 अन्य के खिलाफ एफआईआर
- छह हजार करोड़ रुपये का है पूरा मामला, ईडी कर रही जांच

छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर कथित महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव एप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है। महादेव एप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं।

ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बघेल, एप प्रवर्तकों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल तथा 14 अन्य को प्राथमिकी में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

कोविड के समय प्रतिमाह कमाए 450 करोड़ रुपये

प्राथमिकी में दावा किया गया है कि कोविड-19 के कारण 2020 में लॉकडाउन लागू होने के बाद प्रवर्तकों और एप से जुड़े पैनल संचालकों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के माध्यम से प्रति माह लगभग 450 करोड़ रुपये कमाए। प्राथमिकी के मुताबिक, एप के प्रवर्तकों एवं पैनल संचालकों ने अवैध रूप से प्राप्त धन के लेन-देन के लिए फर्जी दस्तावेज पर बैंक खाते खोले थे। पैनल संचालकों ने विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में प्रवर्तकों को अवैध धन हस्तांतरित किया। एप के प्रवर्तकों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं को मोटी रकम दी थी।

ईडी ने केजरीवाल को फिर भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। अधिकारियों के अनुसार केजरीवाल (55) को सोमवार 18 मार्च को एपीजे अब्दुल कलाम रोड स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने और धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

धनशोधन रोधी कानून के तहत दर्ज यह दूसरा मामला है जिसमें केजरीवाल को बुलाया गया है। इससे पहले, उन्हें दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में समन जारी किए गए हैं। केजरीवाल इस मामले में अब तक आठ समन को अवैध बताते हुए पेश नहीं हुए हैं। नौवां समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

दिल्ली जल बोर्ड मामला

- पूछताछ के लिए आज अपने दिल्ली कार्यालय में बुलाया
- आबकारी नीति मामले में 9वें समन पर 21 मार्च को तलब

यह चुनाव प्रचार से रोकने की बैकअप योजना : आप

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कार्रवाई के मकसद पर चिंता व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि यह किसी भी तरह केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उन्हें लोकसभा चुनाव प्रचार करने से रोकने की बैकअप योजना है।

ठेके में भ्रष्टाचार माध्यम से प्राप्त धन आप को दिया गया

डीजेबी मामले में, ईडी ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार के विभाग द्वारा दिए गए ठेका में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी 'आप' को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था। ईडी का मामला सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें तकनीकी पात्रता पूरे नहीं करने पर भी डीजेबी की ओर से एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर को दिए गए 38 करोड़ रुपये के ठेका में अनियमितताओं का आरोप है।

अरुणाचल, सिक्किम में अब दो जून को मतगणना

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है। इसे देखते हुए इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया गया है। अरुणाचल में विधानसभा चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र 27 मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे। उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापसी की तिथि 30 मार्च तय है। मतगणना दो जून को होगी। सिक्किम में विधानसभा चुनाव 19 अप्रैल को कराया जाएगा। राज्य की 32 सीटों वाली विधानसभा के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी, नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च, जांच की 28 मार्च और वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। मतगणना दो जून को होगी।

- विधानसभा के कार्यकाल को देखते हुए किया गया बदलाव

अल्मोड़ा में गोली लगने से सिपाही की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पुलिस लाइन अल्मोड़ा में रविवार सुबह ड्यूटी पर तैनात सिपाही की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई है। घटना के बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

घटना रविवार की सुबह करीब छह बजे की है। पुलिस लाइन में तैनात सिपाही सुंदर सिंह शाही (32) पुत्र दिलीप सिंह शाही रविवार सुबह ड्यूटी करने पुलिस लाइन पहुंचा था। छह बजे सुंदर ने नाइट ड्यूटी करने वाले सिपाही से चार्ज लिया। नाइट ड्यूटी करने वाला सिपाही अपने कमरे की ओर चला गया। इसी बीच गोली चलने की आवाज आई। सुबह का समय होने के कारण आसपास अधिक लोग भी नहीं थे। पुलिस कर्मियों ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वह दौड़कर मौके पर पहुंचे। वहां सुंदर सिंह शाही जमीन पर पड़ा हुआ था। लहूलुहान सुंदर को जमीन पर गिरा देख वहां हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों सुंदर को मृत घोषित कर दिया। मृतक कपकोट (बागेश्वर) का रहने वाला था।

- रविवार की सुबह पुलिस लाइन में आया था ड्यूटी पर
- घटनास्थल पर पहुंचे एसएसपी, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

गोली उसी सरकारी राइफल से चली है, जिसे लेकर वह ड्यूटी कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोली सुंदर की ठोडी से होते हुए सिर से पार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी देवेंद्र पींचा मौके पर पहुंचे।

उन्होंने घटना को चिंताजनक बताते हुए कहा कि पुलिस लाइन में तैनात संतरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई और गोली कैसे चली, इसकी जांच की जा रही है। पींचा ने कहा कि मामला आत्महत्या का है या दुर्घटना यह जांच का विषय है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

तीरंदाज शीतल बनीं निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय दूत

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी को शारीरिक रूप से चुनौती का सामना कर रहे मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही पहल को प्रचारित करने के लिए अपना राष्ट्रीय दूत बनाया है। यह घोषणा राजधानी में आयोग द्वारा भारतीय बधिर क्रिकेट संघ और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के साथ मिलकर आयोजित एक क्रिकेट मैच के अवसर पर की गई। कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू उपस्थित थे।

दत्तात्रेय होसबोले फिर चुने गए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नागपुर मुख्यालय में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने तीन दिन के मंथन के बाद अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए रविवार को दत्तात्रेय होसबोले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। बाद में उनकी ओर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा समेत उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी कई परिवर्तन हुए हैं।

संघ में जनरल सेक्रेटरी (महासचिव) को सरकार्यवाह कहते हैं। सरसंघचालक (प्रमुख) के बाद दूसरा सबसे बड़ा पद सरकार्यवाह का ही होता है। दत्तात्रेय होसबाले 2021 से सरकार्यवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। छह साल के अंतराल के बाद आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक 15 मार्च को मुख्यालय नागपुर में शुरू हुई थी। रविवार अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हुआ। बैठक में सभी 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। संघ की कार्यकारिणी के पुनर्गठन में डॉ. मनमोहन वैद्य को सह सरकार्यवाह के पद से मुक्त कर दिया गया। जबकि छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए हैं। कार्यकारिणी में पुनः सरकार्यवाह चुने गए दत्तात्रेय होसबाले द्वारा कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये और आलोक कुमार को सह सरकार्यवाह नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि सह सरकार्यवाह आलोक कुमार अभी तक अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख तथा अतुल लिमये पश्चिम क्षेत्र प्रचारक का दायित्व देख रहे थे।

इसके साथ ही दिल्ली प्रांत कार्यवाह भारत भूषण को अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर को शामिल किया गया है। इसके अलावा नवल को अखिल भारतीय गौ सेवा और अनिल ओंक को अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख (अब केंद्र जयपुर होगा) बनाया गया है।

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा, उत्तर क्षेत्र व पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में बदलाव

संघ के उत्तर क्षेत्र में हुए यह बदलाव

जतिन को उत्तर क्षेत्र प्रचारक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भनवीर को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, रोशन लाल को क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, गेंदालाल को सह क्षेत्र कार्यवाह उत्तर क्षेत्र, योगेन्द्र को सह सम्पर्क प्रमुख, सुरेंद्र पाल को प्रांत प्रचारक हरियाणा, विजयानंद को प्रांत प्रचारक जोधपुर प्रांत, विशाल को सह प्रांत प्रचारक जयपुर प्रांत, धर्मेन्द्र को सह प्रांत प्रचारक चित्तौड़, विक्रांत को सह संघचालक जम्मू कश्मीर, अवतार को प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर, अजय को सह प्रांत कार्यवाह जम्मू कश्मीर नियुक्त किया गया है।

हरीश रौतेला पदोन्नत, सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बने

संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र से संबंधित भी कई बदलाव किए गए हैं। कृष्ण मोहन को क्षेत्र संघचालक, पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। इस दायित्व पर रहे सीए वीरेंद्रजीत को मुक्त कर दिया गया। अजय को क्षेत्र पर्यावरण प्रमुख पूर्वी क्षेत्र बनाया गया है। कानपुर वाले रमेश को सह-प्रांत प्रचारक कानपुर से प्रांत प्रचारक काशी बनाया गया है। प्रांत प्रचारक काशी रहे रमेश को अब प्रांत प्रचारक गोरक्ष (गोरखपुर) प्रांत बनाया गया है। युद्धवीर को क्षेत्र सेवा प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश, अनिल श्रीवास्तव को सह क्षेत्र कार्यवाह, रामकेश को प्रांत कार्यवाह कानपुर, सुभाष को क्षेत्र प्रचारक प्रमुख, मुनीश को सह प्रांत प्रचारक कानपुर बनाया गया है। ब्रज प्रांत के हरीश रौतेला को प्रोन्नति देकर सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख बनाया गया। अवध प्रांत प्रचारक कौशल अवध प्रांत में ही रहेंगे, धर्मेंद्र ब्रज प्रांत के प्रचारक नियुक्त हुए हैं।

एक नजर

लेक सिटी क्लब की ज्योति अध्यक्ष व दीपा सचिव बनीं

नैनीताल : सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था लेक सिटी वेलफेयर क्लब के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से ज्योति ढौंडियाल को अध्यक्ष और दीपा पांडे को सचिव निर्वाचित किया गया। वहीं कविता त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष, अमिता साह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सीमा सेठ को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, तनु सिंह को उप सचिव, प्रगति जैन को सांस्कृतिक सचिव, खष्टी बिष्ट को मीडिया प्रभारी, सरिता त्रिपाठी को सांस्कृतिक उप सचिव एवं दया कुंवर को जलपान संयोजक चुना गया। इसके अलावा संस्थापक अध्यक्ष हेमा भट्ट, संरक्षक मीनू बुधलाकोटी, रानी साह कॉर्डिनेटर, एवं रेखा जोशी को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे कविता गंगोला, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, डॉ पल्लवी गहतोडी को चुना गया। चुनाव अधिकारी रानी साह व सह चुनाव अधिकारी सरिता त्रिपाठी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मंजू बिष्ट, जीवंती भट्ट, विनीता पांडे, गीता साह, आभा साह, लीला जोशी, मधुमिता, डॉली वर्मा, तारा चौधरी, रमा तिवारी, रेखा त्रिवेदी, सविता कुलोरा, तनप्रीत आदि मौजूद रहीं।

भाजपा की बैठक में मत प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा

भीमताल : भाजपा की भीमताल नगर व ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों की बैठक मंडल अध्यक्ष कमला आर्या की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रत्येक बूथ में मत प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि भीमताल विधानसभा में अनेक विकास कार्य हुए हैं जो कि पिछले कई दशकों से लंबित थे। विधान सभा प्रभारी गोपाल रावत ने प्रत्येक बूथ एवं शक्तिकेंद्रों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ से दोगुने वोट के अंतर से जीतने का लक्ष्य दिया। संचालन कमलेश रावत और योगेश तिवारी ने किया। बैठक में विधायक एवं विधानसभा संयोजक राम सिंह कैड़ा, सहसंयोजक नितिन राना, प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बीना आर्य, जिला मंत्री योगेश रजवार, विस्तारक गिरीश जोशी, पुष्कर मेहरा, राहुल जोशी आदि मौजूद रहे।

आई रे बसंत बहार सखी मोहे अति मन भाए...

सारथी फाउंडेशन ने किया होली महोत्सव का आयोजन, महिलाओं ने रचाए स्वांग, बच्चों ने पेश किए मनमोहक नृत्य और नाटक

जगदंबा बैंक्वेट हॉल में आयोजित होली महोत्सव में प्रस्तुति देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुखानी स्थित जगदम्बा बैंक्वेट हॉल में रविवार को होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न टीमों ने होली गायन, वादन और स्वांग से संदेशात्मक होली का प्रदर्शन किया। सारथी फाउंडेशन की ओर से आयोजित होली महोत्सव में कलाकारों ने सुंदर फूलों की होली की प्रस्तुति दी। सभी कृष्ण व राधा के रास रंग में भाव विभोर होकर नृत्य में डूबे रहे। बच्चों ने भोलेनाथ के जीवन पर नृत्य नाटिका और राधा-कृष्ण की होली नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुति दी।

होली टीमों ने आई गई फाग संभालो चुनरिया....., बसंत ऋतु हो अलबेली सबको मुबारक होली....., आई रे बसंत बहार सखी मोहे अति मन भाए...आदि होली और स्वांगों की प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, रेनू अधिकारी, हरीश पाठक, नवीन पंत, सुमित्रा प्रसाद, ज्ञानेंद्र जोशी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। यहां सुरेश भट्ट, अनिल कपूर, पुष्पा भट्ट, मंजू सनवाल, शीला भट्ट, हेमा जोशी, मीना शाही, बबीता टकवाल, रमा जोशी, गीता बेलवाल, वर्षा टंडन, महेंद्र सिंह अधिकारी, प्रकाश हर्बोला, सरोज आनंद जोशी, शोभा बिष्ट, कार्तिक हरबोला, विनोद आदि मौजूद रहे।

इन टीमों ने किया प्रतिभाग

शिव शक्ति ऊंचापुल, नैनी महिला जागृति संस्थान नैनीताल, गौरा माहेश्वरी सीएमटी, होली राधिका ग्रुप, शिव संगठन पीलीकोठी, महिला होली दल, मधुबन होली, जय ईष्ट कृपा होली आदि 11 टीमों ने प्रतिभाग किया।

होली महोत्सव कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि व लोग।

नैनीताल में बैठकी होली के दौरान होली गीत गातीं महिलाएं।

संगीत और फूलों की होली से मोहा मन

हल्द्वानी : नवाबी रोड स्थित अरुणोदय धर्मशाला में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बाल कलाकार शुभांग, विहान, अनिका, आरुष, अनन्या और श्रेया ने संगीत व फूलों की होली से सभी का मन मोह लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में एके श्रीवास्तव, वीके श्रीवास्तव, जीके अस्थाना, एसके सक्सेना, विजय श्रीवास्तव, नरेंद्र सक्सेना, शोभा श्रीवास्तव, राज दुलारी, रत्ना श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

बैठकी होली में महिलाओं ने मचाया धमाल

नैनीताल : राम सेवक सभा की ओर से आयोजित 28वें फागोत्सव का रविवार को महिला बैठकी होली के साथ शुभारंभ हो गया है। महिला होलियारों ने विभिन्न होली गीतों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। राम सेवक सभा प्रांगण में कार्यक्रम के दौरान महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि सोमवार को तल्लीताल धर्मशाला से विशाल होली जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें स्कूली बच्चों के अलावा महिला व अन्य वरिष्ठ होल्यार प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान सभा के अध्यक्ष मनोज शाह, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, विमल चौधरी, भीम सिंह कार्की, मिथिलेश पांडेय, हीरा रावत, हिमांशु जोशी, हरीश राणा, तारा राणा, सरस्वती खेतवाल आदि मौजूद रहे।

वोट करेगा नैनीताल, हर वोट जरूरी है

हल्द्वानी : बिठोरिया स्थित हर्ष विहार में होली कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पोस्टर के जरिये वोट करेगा नैनीताल, हर वोट जरूरी है, महिला, पुरुष, बुजुर्ग और यूथ, आओ मिलकर चलें पोलिंग बूथ का संदेश दिया गया। कहा कि लोकतंत्र का सम्मान करें शत-प्रतिशत मतदान करें। इस मौके पर माया फर्त्याल, जानकी मिश्रा, पूनम कांडपाल, भिम्मी तिवारी, कला भंडारी आदि उपस्थित रहे।

कायस्थ महासभा के होली महोत्सव में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिक।

पूर्व सैनिकों ने मनाया होली मिलन समारोह

हल्द्वानी : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की एक बैठक स्वयंवर बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। जिसमें नए जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके बाद होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व सैनिकों ने एक से बढ़कर एक होली के गीत गाए। यहां सेना मेडल कर्नल (रि.) जगत सिंह जनतौला, कैप्टन (रि.) बहादुर सिंह, कैप्टन (रि.) खीलानंद चिलकोटी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष कैप्टन (रि.) डीके जोशी, प्रदेश संगठन मंत्री बीसी भगत, सूबेदार गोविंद सिंह बड़ती, त्रिवेणी पांडे, दया किशन जोशी मौजूद रहे।

आवश्यकता है
कृष्णा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
गुरु नानकपुरा, हल्द्वानी में
• मेडिकल ऑफिसर (MBBS)
• नर्सिंग स्टाफ
वेतन योग्यतानुसार
शैक्षिक योग्यता के प्रमाणपत्र, फोटो एवं आधार कार्ड के साथ अस्पताल में दोपहर 1:00 से 2:00 बजे के बीच पर आकर एचआर डिपार्टमेंट पर संपर्क करें।
9837003915, 8800567984, 8057704599

यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना वसूला

गरमपानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर खैरना पुलिस ने अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर विशेष चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। खैरना चौकी पुलिस की टीम ने प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अगुवाई में हाईवे पर लोहाली के समीप विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, बगैर कागजात हाईवे पर वाहन दौड़ा रहे सात छोटे-बड़े वाहन चालकों के चालान कर 3500 रुपये जुर्माना वसूला।

जबकि पांच लोगों का शांति भंग करने पर पुलिस एक्ट में चालान कर 1250 रुपया जुर्माना लगाया गया। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यातायात के नियमों का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र सती, जगदीश धामी, प्रयाग जोशी आदि मौजूद रहे।

नैनीताल झील किनारे सेल्फी लेते सैलानी। ● अमृत विचार

सैलानियों से गुलजार हुई सरोवर नगरी

नैनीताल, अमृत विचार : पर्यटकों की आदम बढ़ने से सरोवर नगरी गुलजार होने लगी है। शहरों में गर्मी बढ़ने से बड़ी संख्या में लोग नैनीताल घूमने के लिए पहुंचे रहे हैं। रविवार को बड़ी संख्या में विभिन्न शहरों से पर्यटक नैनीताल पहुंचे। जिससे मॉल रोड तल्लीताल, मल्लीताल पंत पार्क, भोटिया बाजार, केप गार्डन, सरियाताल, हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, नयना पीक पर पर्यटकों अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। पर्यटकों ने नौकायन, रोपवे व घुड़सवारी का जमकर लुफ्त उठाया। वही पंत पार्क फड़ बाजार से जमकर खरीदारी की। जिससे व्यापारियों के चेहरों पर रौनक देखने को मिली।

पंत पार्क में चहल कदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

नशे पर लगाम और सुगम यातायात होगी प्राथमिकता

नैनीताल : मल्लीताल कोतवाली के नए कोतवाल हरपाल सिंह ने बढ़ते नशे के प्रचलन पर लगाम लगाना और शहर की यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद रखना अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद पुलिस कर्मियों को जरुरी निर्देश भी दिये। रविवार को कर्मचारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कोतवाल ने बताया कि शहर में नशे के बढ़ते प्रचलन पर लगाम लगाने के साथ ही सुगम यातायात व्यवस्था बनाना प्राथमिकता में रहेगी। जिसके लिए वह स्कूलों और अभिभावकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम चलायेंगे।

हर बूथ को मजबूत करने का किया आह्वान

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने मंडल भीमताल के भाजपा पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस अवसर पर विधायक कैड़ा ने कहा कि हम सभी को मिलजुलकर आगामी लोकसभा चुनाव में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र (भीमताल विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों) से सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाना है। बैठक में भाजपा विधानसभा प्रभारी गोपाल सिंह रावत, गिरीश जोशी, कमला आर्य, योगेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

सख्ती डीएम के आदेश के बाद पर्यटन विभाग जिले में कर रहा सर्वे, पंजीकरण अभियान चलेगा

अवैध रूप से चल रहे होटल और होमस्टे पर कसेगा शिकंजा

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : जनपद में तेजी से बढ़ रहे पर्यटन कारोबार के बीच बिना पंजीकरण होटल और होमस्टे संचालन से चांदी काट रहे कारोबारियों की मनमर्जी पर अब पर्यटन विभाग नकेल कसने जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशों पर पर्यटन विभाग जिलेभर में संचालित पर्यटन इकाइयों का सर्वे कर बिना पंजीकरण संचालित होटल और होमस्टे की सूची तैयार करेगा। इसके बाद इन अवैध इकाइयों पर कार्रवाई की जायेगी।

डीएम वंदना ने पर्यटन विभाग को सर्वे पूरा कर इसी पर्यटन सीजन तक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि जिले में पर्यटन कारोबार के साथ ही होटलों और होमस्टे की संख्या बढ़ रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी होटल और होमस्टे का विस्तार हो रहा है। जिसके लिए पर्यटन विभाग से होमस्टे और अन्य पर्यटन स्वरोजगार योजनाएं भी संचालित की जा रही है। मगर जिलेभर में संचालित होमस्टे और होटलों में 10 से 20 फीसदी इकाइयां ही पर्यटन विभाग में पंजीकृत है। वर्तमान में जिले में 900 होमस्टे और 927 होटल ही पर्यटन विभाग में पंजीकृत है। जिससे सरकार को राजस्व की हानि होने के साथ ही आपराधिक गतिविधियों की आशंका बनी हुई है। जिसकी रोकथाम को जिला प्रशासन के निर्देशों पर अब पर्यटन विभाग होटल और होमस्टे का पंजीकरण अभियान चलाएगा।

पहले चरण में ऑनलाइन बुकिंग इकाइयों की बनेगी सूची

जिले में अवैध रूप से संचालित होमस्टे और होटलों को चिह्नित करना चुनौतीपूर्ण है। इसके लिए विभागीय टीम को हर भवन में जाकर जांच करनी होगी। इसे देखते हुए पहले चरण में ऑनलाइन डाटा से ऐसी इकाइयों की सूची तैयार की जाएगी। डीएम ने बताया कि पहले चरण में पर्यटन विभाग इंटरनेट मीडिया और ऑनलाइन साइट के माध्यम से बुकिंग कराने वाले होटलों और होमस्टे की सूची तैयार करेगा। जिसमें से गैर पंजीकृत इकाइयों को चिह्नित किया जाएगा। फिर विभाग इन गैर पंजीकृत होटल और होमस्टे संचालकों को पंजीकरण के लिए नोटिस जारी करेगा। इस पर्यटन सीजन तक कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

सरकार को मिलेगा राजस्व, विभाग के पास होंगे स्पष्ट आंकड़े

पर्यटन कारोबार में तेजी से विस्तार हो रहा है। मगर कई होटल और होमस्टे पंजीकृत न होने से पर्यटकों का स्पष्ट आंकड़ा विभाग के पास नहीं होता है। जिससे भविष्य में पर्यटन अवस्थापनाओं के विकास और अन्य योजनाओं को धरातल पर उतारने समेत भावी आवश्यकताओं का सटीक पता नहीं लग पाता। बिना पंजीकरण व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन से सरकार को पंजीकरण शुल्क, जीएसटी समेत अन्य माध्यमों से होने वाली आय प्राप्त नहीं होने से राजस्व हानि हो रही है।

> होमस्टे और होटलों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। इनका विभाग में पंजीकृत होमस्टे और होटलों से मिलान किया जाएगा। गैर पंजीकृत होटल और होमस्टे संचालकों को नोटिस जारी करने के बाद भी पंजीकरण नहीं किया तो कार्रवाई की जाएगी। – **अतुल भंडारी**, जिला पर्यटन अधिकारी

> बिना पंजीकरण होटल और होमस्टे की रोकथाम के लिए पर्यटन विभाग को सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। पहले चरण में ऑनलाइन साइट से बुकिंग कराने वाले होमस्टे और होटलों की सूची तैयार की जाएगी। जिनको विभाग की ओर से नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा।
>
> – **वंदना सिंह**, डीएम नैनीताल

जिले में होटल, रेस्टोरेंट और होमस्टे की संख्या

- टैंट कालोनी-89
- होमस्टे-900
- होटल-927
- धर्मशाला-8
- ट्रेवल एजेंट-132
- रेस्टोरेंट-102



एक नजर

आज होगी उक्रांद की कार्यकारिणी की बैठक

हल्द्वानी : उत्तराखंड क्रांति दल की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार (आज) को देहरादून कार्यालय में होगी। जिसमें पार्टी के समस्त पदाधिकारी शामिल रहेंगे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूरन चंद्र कठायत ने बताया कि बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने और राज्य की पांचों सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर चर्चा की जाएगी। जिसके एक-दो दिन बाद प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। इधर, नैनीताल सीट पर पार्टी के टिकट के लिए तीन-चार नामों को लेकर खासी चर्चा है। पार्टी के कुमाऊं मंडल प्रभारी भुवन चंद्र जोशी, जिले के प्रभारी व केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, चंपावत प्रभारी शिव सिंह रावत आदि नेता इस सीट पर दावेदारी ठोक रहे हैं। भुवन चन्द्र जोशी वर्ष 2004 व 2014 में भी पार्टी की ओर से नैनीताल सीट पर उम्मीदवार रह चुके हैं।

होली के बाद बकायेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हल्द्वानी : बकायेदारों के खिलाफ जल संस्थान होली के बाद कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह है ऐसे में बकायेदारों से वसूली जारी है। पानी का बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को होली तक का मौका दिया है। इसके बाद बिल न जमा करने पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जायेगी। जल संस्थान को 38 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य पूरा करना है। इसमें से अभी तक 29 करोड़ रुपये की वसूल हो चुकी है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली ने बताया कि उपभोक्ताओं को होली तक दिक्कत नहीं होगी, लेकिन बिल जमा करने वालों के कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

अप्रैल तक तापमान रहेगा तीन डिग्री ज्यादा, अल-नीनो वर्ष होने से मई से पड़ सकती है भीषण गर्मी

20 मार्च के बाद दिखेगा अल-नीनो का असर

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम विभाग के अनुसार यह वर्ष अल-नीनो के प्रभाव वाला वर्ष है। इस वजह से इस बार गर्मी सामान्य से ज्यादा पड़ेगी। अल-नीनो का असर मई में जाकर खत्म होगा। तब अपेक्षाकृत गर्मी से कुछ राहत मिलेगी।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस बार का मौसम अल-नीनो के प्रभाव वाला है। इस वजह से दिसंबर में सामान्य से ज्यादा तापमान था तो वहीं जनवरी में सामान्य से ज्यादा ठंड पड़ी थी। फरवरी और मार्च की शुरूआत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने और बारिश-बर्फबारी होने की वजह से अल-नीनो का असर कम हुआ था। लेकिन, अब फिर से अल-नीनो का असर दिखना शुरू हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 20 मार्च के बाद से गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू कर देगी। 20 मार्च से अप्रैल माह तक अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री तक ज्यादा रहेगा। इसका असर पहाड़ से लेकर मैदान तक दिखेगा। कुल मिलाकर होली के बाद से ही अच्छी-खासी गर्मी शुरू हो जाएगी, जो अप्रैल में असहनीय होने लगेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार मई माह की शुरूआत के साथ ही अल-नीनो का असर खत्म हो जाएगा। तब अपेक्षाकृत गर्मी से राहत मिलेगी।

> अब अल-नीनो का असर देखने को मिलेगा। अगले करीब डेढ़ माह तक असामान्य गर्मी पड़ेगी। मई में इसका असर खत्म होगा।
> **-डॉ. आरके सिंह**, मौसम वैज्ञानिक, जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर

असामान्य गर्मी देने वाली मौसमी घटना है अल-नीनो

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अल-नीनो एक जलवायु संबंधी घटना है। जिसमें पूर्वी प्रशांत महासागर में सतही जल असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। इसका असर व्यापक क्षेत्र में पड़ता है और मौसम असामान्य तौर पर गर्म होता है। हिमालयी क्षेत्रों के लिए अल-नीनो को विषम मौसम माना जाता है।

पश्चिमी विक्षोभ ने दी थी राहत

सर्दियों में भी अल-नीनो का असर था, इस वजह से बारिश की संभावनाएं कम बन रहीं थीं लेकिन पिछले पश्चिमी विक्षोभों ने जमकर बारिश और बर्फबारी की। इससे अल-नीनो का असर काफी कम रहा। नहीं तो फरवरी मध्य के बाद से ही तापमान में असामान्य उछाल शुरू हो सकता था।

29 डिग्री रहा तापमान

शहर में दिन के समय हल्की गर्मी की शुरूआत हो गई है, लेकिन रात को तापमान में काफी गिरावट आ रही है। दिन और रात के तापमान में करीब 19 डिग्री का अंतर है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 .6 डिग्री रहा है।

मार्च में होने लगा है गर्मी का एहसास

नैनीताल, अमृत विचार : इस वर्ष बर्फबारी न होने के चलते तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। लोगों ने गर्म कपड़ों को समेटना शुरू कर दिया है। हालांकि सुबह और शाम को हल्की ठंड हो रही है। लेकिन दिन में तेज धूप से लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। मार्च शुरू में ही गर्मी का एहसास होने लगा है, जबकि बीते वर्ष मार्च अंत के बाद हल्की गर्मी होने लगी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष नैनीताल में भी गर्मी अधिक पड़ सकती है। बारिश व हिमपात न होने से पानी की समस्या से भी लोगों को जूझना पड़ सकता है। फायर सीजन के दौरान जंगलों में आग लगने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। रविवार को नगर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा।

आप नेता के भाइयों पर हमला करने वाले चार पर मुकदमा

हल्द्वानी, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरीश सिंह सिरोही उर्फ हर्ष के तीन भाइयों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गोरापड़ाव स्थित हाथीखाल निवासी हरीश सिंह सिरोही ने 14 मार्च को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उनके भाई नरेश, पवन, संदीप को फोन करके बुलाया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें नरेश को गंभीर चोट आई है।

कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मान सिंह राणा, नरेंद्र सिंह राणा और सोनू भट्ट सहित एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ड्रोन से की जाएगी दुर्गम क्षेत्रों की निगरानी

चुनाव के मद्देनजर संवेदनशील और दुर्गम इलाके चिह्नित किए गए, दोनों जिलों में अपराधियों पर पुलिस सख्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग सख्त कदम उठा रहा है। सुरक्षा और शांतिपूर्ण मतदान के लिहाज से तय किया गया है कि लोकसभा क्षेत्र के संवेदनशील और दुर्गम इलाकों की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। इसके अलावा जिलों की सीमाओं पर सीसीटीवी से मॉनिटरिंग की जा रही है। पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए दबिश देना भी शुरू कर दिया है।

आचार संहिता लगने के बाद पुलिस व प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने को पूरी मुस्तैदी से जुट गया है। चिन्हित संवेदनशील, अति संवेदनशील इलाकों के साथ दुर्गम इलाकों की ड्रोन से निगरानी की तैयारी की जा रही है। करीब दो दर्जन ड्रोन से निगरानी की जाएगी। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों जिलों में फोर्स डिप्लॉयमेंट प्लान तैयार कर लिया है और 10 कंपनी अर्द्ध सैन्य बल की तैनाती भी कर दी गई है। दूरस्थ क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी के साथ संचार व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने पर काम किया जा रहा है।

अपर जिला अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि आचार संहिता और चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर देहरादून से गाइड लाइन जारी की गई है। दिशा-निर्देशों का पालन हो रहा है अथवा नहीं, इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है।

एमबी कॉलेज में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति कक्ष में निगरानी करते सदस्य।

चुनाव में वाहन न भेजने वालों के परमिट होंगे निरस्त

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। जिसके लिए वाहनों का अधिग्रहण कर टीमों के साथ लगाया जाना है। इसी क्रम में रविवार को एमबी इंटर कॉलेज में वाहन स्वामियों को चुनाव ड्यूटी में वाहन भेजने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आदेश के बाद भी कई वाहन स्वामियों ने वाहन नहीं भेजे है। आरटीओ संदीप सैनी ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों ने वाहन नहीं भेजे हैं। उनके परमिट निरस्त करने के साथ ही वाहन स्वामियों पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी।

इन नंबरों और मेल आईडी पर मिलेगी सारी जानकारी

एमबीपीजी कॉलेज में निर्वाचन कंट्रोल रूम, एमसीएमसी की स्थापना कर दी गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि दूरभाष नंबर- 05946-297148/ 297136/297146/ 297137 और टोल फ्री नंबर 1950 के साथ ही कंट्रोल रूम की मेल आई डी loksabhacontrol roomnainital24@gmail.com और एमसीएमसी की mcmcnainital2024@gmail.com पर निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जमा करानी होगी प्रचार सामग्री की एक-एक प्रति

उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि राजनैतिक दलों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को प्रचार सामग्रियों की एक-एक प्रति कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। साथ ही मुद्रित और प्रकाशित की जाने वाली सामग्री में मुद्रित करने वाले प्रेस का नाम और मुद्रित की जाने वाली सामग्री की संख्या प्रिंट लाइन अनिवार्य रूप अंकित होनी चाहिए।

10 की चाय, 25 की कॉफी और नाश्ता 100 रुपये का

चुनाव के दौरान होने वाले खर्चों की रेट लिस्ट निर्वाचन आयोग ने जारी कर दी है। जिसके तहत प्रत्याशी एक व्यक्ति के हिसाब से 60 रुपये का नाश्ता, 100 रुपये का शाकाहारी और 150 रुपये का मांसाहारी भोजन करा सकता है। जबकि प्रति व्यक्ति को चाय 10 और कॉफी 25 रुपये की पिला सकता है। इसी तरह आयोग ने चुनाव के दौरान होने वाले 90 खर्चों की लिस्ट जारी की है।

सोशल मीडिया पर आईटी एक्सपर्ट रखेंगे पैनी नजर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब सोशल मीडिया पर आईटी एक्सपर्ट अपनी कड़ी नजर रखेंगे। वहीं

मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति ने इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया समेत सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। हालांकि अभी भी कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सरकारी विज्ञापन नहीं हटाए गए हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लेकिन अभी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सरकारी विज्ञापन देखे जा सकते हैं। आचार संहिता के बाद सरकारी कार्यालयों, भवनों, सार्वजनिक मार्गों से पोस्टर, झंडे, बैनर हटाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया समेत प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए 7 सदस्यीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति बनाई गई है। समिति में शामिल सदस्य 24 घंटे मॉनिटरिंग करेंगे। सहायक नोडल अधिकारी ज्योति सुंदरियाल ने बताया कि समिति सदस्यों में सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए आईटी क्षेत्र के एक्सपर्ट भी रखे गए हैं। इसके लिए एक कक्ष में 4 टीवी, चार कंप्यूटर समेत वाईफाई नेट की व्यवस्था की गई है।

24 घंटे में 856 पोस्टर बैनर व वॉल पेंटिंग हटाए

नोडल अधिकारी, आर्दश आचार संहिता शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद 24 घंटे के अन्दर शासकीय कार्यालय भवन, परिसर से अनाधिकृत राजनैतिक प्रचार सामग्री पोस्टर, पम्पलेट, बैनर, झंडे, होर्डिंग्स, वॉल पेंटिंग एवं कट आउट आदि हटाये जाने की कार्यवाही की गई है। जिसमें नैनीताल- यूएस नगर में संसदीय क्षेत्र में कुल 479 सरकारी भवन, परिसरों से 856 प्रचार सामग्री हटाए गए हैं।

दिल के मरीजों को बीडी पांडे में मिलेगी इको की सुविधा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : दिल की बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें इलाज के लिए नैनीताल से हल्द्वानी नहीं जाना पड़ेगा। अब जिला अस्पताल बीडी पांडे में आसानी से उपचार मिल जायेगा। इसके लिए अस्पताल में हाईटेक मशीनें स्थापित की जा रही हैं।

बीडी पांडे अस्पताल में जल्द ही ईको और टीएमटी की सुविधा शुरू हो जायेगी। जिसका सबसे अधिक लाभ हृदय के मरीजों को मिलेगा। बता दें कि बीडी पांडे अस्पताल में कार्डियक यूनिट में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन लगभग 40 से ज्यादा मरीजों को उपचार देते हैं।

▸▸ **जल्द स्थापित होंगी मशीनें मरीजों को मिलेगा लाभ**

अब तक अस्पताल में ईसीजी की रिपोर्ट के आधार पर ही मरीजों का उपचार किया जा रहा था। ईको के लिए मरीजों को हल्द्वानी जाना पड़ता था। लेकिन अब ईको व टीएमटी जांच मरीजों को बीडी पांडे अस्पताल में ही मिलेगी। स्वास्थ्य महानिदेशक के प्रयासों से अस्पताल में मशीनों को स्थापित किया जा रहा है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि ईको मशीन अस्पताल में पहुंच चुकी है। इस सप्ताह टीएमटी मशीन भी अस्पताल में पहुंच जाएगी। जिसके बाद दोनों मशीनों को स्थापित कर दिया जाएगा।

> ईको मशीन से दिल में छेद, वाल्व में खराबी, हार्ट अटैक पता लगाया जाता है। इको टेस्ट एक अल्ट्रासाउंड की तरह है जो हृदय की संरचना और कार्य के बारे में जानकारी प्रदान करता है। वहीं टीएमटी, ट्रेडमिल परीक्षण, हृदय स्वास्थ्य के मूल्यांकन और कुछ हृदय स्थितियों को जानेगा। इस प्रक्रिया में ट्रेडमिल पर चलना या दौड़ना शामिल है। दोनों मशीनें लगने से मरीजों को इसका लाभ मिल सकेगा।
> **- डॉ. सुधांशु सिंह**, हृदय रोग विशेषज्ञ बीडी पांडे अस्पताल

प्रेमिका ने शादी से किया इन्कार तो खा लिया जहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। उसने अपने जन्मदिन के मौके पर प्रेमिका के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था, जिसे प्रेमिका ने ठुकरा दिया। इससे आहत युवक ने जन्मदिन के दिन जहर खा लिया और अगले दिन अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

कुल्यालपुरा नवाबी रोड निवासी कमल कश्यप (21 वर्ष) की सुभाषनगर में नाई की दुकान थी। पुलिस के मुताबिक 15 मार्च को उसका जन्मदिन था। ऐसी चर्चा है कि कमल एक लड़की से प्यार करता था। अपने जन्मदिन के मौके पर कमल ने लड़की के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन लड़की ने शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया। जिसके बाद उसने जहर खा लिया। हालत बिगड़ी तो परिजन उसे एसटीएच ले गए, जहां 16 मार्च को उसकी मौत हो गई। क्षेत्रीय पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि कमल का एक बड़ा भाई और एक बहन है। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा।

खुदकुशी

▸▸ **जन्मदिन के मौके पर प्रेमिका के सामने रखा था शादी का प्रस्ताव**

▸▸ **15 मार्च को खाया था जहर एसटीएच में अगले दिन हुई मौत**

कॉर्बेट के ढेला रेंज में नर हाथी का शव मिलने से मचा हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेंज के हल्दूखेड़ा पूर्वी में गश्त के दौरान वन कर्मियों को एक दांत वाले हाथी का शव मिला। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। कर्मियों की सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने हाथी के शव को जलाकर नष्ट कर दिया।

रविवार को ढेला हिल सैक्सन हल्दूखेड़ा पूर्वी बीट कक्ष 9 में कॉर्बेट पार्क की टीम गश्त कर रही थी तभी टीम को एक दांत वाला नर हाथी मृत मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना उच्चाधिकारियों दी। सूचना पर कॉर्बेट पार्क के सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पार्क के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि हाथी के सभी अंग मौके पर सुरक्षित थे। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की एसओपी के अनुसार कॉर्बेट पार्क के डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और हाथी के शव विच्छेदन की कार्यवाही की। जिसके बाद हाथी के शव को जलाकर नष्ट कर दिया गया। इस दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी कार्बेट टाइगर रिजर्व डॉ. दुष्यन्त शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल सती व डॉ. आयुष उनियाल आदि मौजूद रहे।

हाथी के शव के समीप कॉर्बेट के वनकर्मी। ● अमृत विचार

उत्साह शहर में बनाए चार केन्द्र, बनभूलपुरा बवाल के चलते 10 फरवरी को नहीं हुई थी परीक्षा

674 बच्चों ने दी जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में प्रवेश के लिए रविवार को परीक्षा आयोजित हुई। इसके लिए शहर में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज, एचएन इंटर कॉलेज और रेलवे बाजार स्थित महिला इंटर कॉलेज में परीक्षा आयोजित हुई।

सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 789 बच्चे पंजीकृत थे। जिसमें 674 उपस्थित रहे, जबकि 115 अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी ओर जवाहर नवोदय विद्यालय सुयालबाड़ी में पहली बार 11वीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए लेटरल एंट्री परीक्षा हुई, जिसमें 55 पंजीकृत बच्चों में 46 उपस्थित रहे, जबकि 9 अनुपस्थित रहे। नौवीं कक्षा में 734 बच्चे पंजीकृत थे, जिसमें 628 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 106 अनुपस्थित रहे। बीते 10 फरवरी को बनभूलपुरा उपद्रव के कारण जिले में यह परीक्षा नहीं हो सकी थी, जिसे रविवार को कराया गया।

हल्द्वानी में एक केन्द्र से परीक्षा देकर बाहर आते बच्चे। ● अमृत विचार

211 ने दी राजीव नवोदय परीक्षा

हल्द्वानी : राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग में कक्षा छह में प्रवेश के लिए रविवार को एमबी इंटर कॉलेज में परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 225 में से 211 बच्चों ने परीक्षा दी, जबकि 14 अनुपस्थित रहे। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट और उप शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्य ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

निगम अफसरों ने पकड़ी शराब

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम के अधिकारियों ने रविवार को रामपुर रोड में सुशीला तिवारी अस्पताल के निकट एक ठेले से देशी व विदेशी शराब बरामद की।

निगम के एई नवल नौटियाल ने बताया कि आचार संहिता के पालन के लिए एक टीम रामपुर रोड पर पोस्टर, बैनर आदि हटा रही थी। इसी दौरान शक होने पर एक ठेके पर छापेमारी की गई, जहां से 11 अंग्रेजी शराब और 22 देशी शराब के पव्वे बरामद किए गए। हालांकि, टीम को देखकर ठेले वाला भाग खड़ा हुआ। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी आबकारी विभाग को दे दी गई है।

70 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार : हल्दूचौड़: हल्दूचौड़ चौकी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि शनिवार की रात मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति गौला गेट बेरीपड़ाव में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। जिस पर उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी को धर दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 70 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नंदन सिंह राणा उर्फ नंदू निवासी इंद्रपुर गरवाल बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

नगर निगम की टीम द्वारा रामपुर रोड में ठेले से पकड़े गए शराब के पव्वे।

छह किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

रामनगर, अमृत विचार : पुलिस ने नशे का कारोबार करने वाले एक युवक के घर में दबिश देकर छह किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि रामनगर के मोहल्ला नई बस्ती गूलरघट्टी निवासी रमेश त्यागी लंबे समय से नशे का अवैध कारोबार अपने घर से संचालित कर रहा था। जिसकी सूचना पुलिस को लगातार मिल रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपी पूर्व में भी अवैध रूप से नशा बेचने के मामले में जेल जा चुका है। शनिवार की शाम मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में आरोपी के घर में न्यायालय से जारी सर्च वारंट के आधार पर कार्रवाई की। तलाशी लेने पर घर से 6 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ।

सार-संक्षेप

श्रीमद् देवी भागवत कथा में पूजा-अर्चना करते यजमान। ● अमृत विचार

सुखमय जीवन के लिए धार्मिक प्रवृत्ति जरूरी: जोशी

कालाढूंगी : चकलुवा देवीपुरा तल्ला स्थित देवी मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के सातवें दिन व्यास आचार्य नीरज जोशी ने श्री गणपति, शिव-पार्वती, ब्रहमा की स्तुती के बाद श्रीदेवी भागवत कथा का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य की आकांक्षाएं बढ़ती हैं, जिस कारण उसे दुख का सामना करना पड़ता है। कहा कि धार्मिक प्रवृत्ति धारण कर जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है। कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर यजमान इन्द्र अटवाल, दलीप जलाल, तारा जलाल, रामू अटवाल, कुबेर जलाल, भूपाल जखवाल, कुबेर जलाल, विनोद अटवाल, भूपाल अटवाल, राजेन्द्र अटवाल, संतोष रावल, किशन जखवाल समेत कई भक्त मौजूद रहे।

एक्सपोनेंशियल स्कूल के छह बच्चों ने पास की प्रवेश परीक्षा

लालकुआं : एक्सपोनेंशियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिंदुखत्ता के छह बच्चों ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा पास की है। स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह नैनवाल ने बताया कि कक्षा 5 व 8 में पढ़ने वाली हिमानी मेहरा, गौरव नौटियाल, युवराज सिंह, कुमकुम, नमन सनवाल व कवींद्र बिष्ट ने परीक्षा पास की है। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इधर, छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल, रामबाबू मिश्रा, जगदीश अग्रवाल, प्रधानाचार्य किरण नैनवाल व शिक्षकों ने बधाई दी है।

मोहन राम जिलाध्यक्ष, दीपक अधिकारी मंत्री बने

हल्द्वानी : चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ जिला नैनीताल एवं उपशाखा हल्द्वानी का चुनाव आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें जिला शाखा में जिलाध्यक्ष मोहन राम आर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश पांडेय, उपाध्यक्ष दीपा आर्या, मंत्री दीपक अधिकारी, कोषाध्यक्ष भूपाल सिंह बिष्ट, संयुक्त मंत्री मोहन चंद्र उपाध्याय, संगठन मंत्री दीपक पांडेय, प्रचार मंत्री हरीश फर्तियाल को बनाया गया। हल्द्वानी उपशाखा में जिलाध्यक्ष रमेश गिरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खीम सिंह, उपाध्यक्ष शेर सिंह नेगी, मंत्री सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह महरा, संयुक्त मंत्री रमेश चंद्र, संगठन मंत्री रमेश चंद्र, प्रचार मंत्री रूप सिंह को बनाया गया।

मेधावी बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य।

नन्हे मेधावियों को किया सम्मानित

रामनगर : किड्जी तथा माउंट लिटरा ज़ी स्कूल में शिक्षा, खेल और संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले नन्हे बच्चों को स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य रितु पंत ने कहा कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करना स्कूल का प्रयास रहता है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै ने कहा कि बाल मन को अच्छी शिक्षा के सांचे में ढालने का यह उपयुक्त समय होता है। विद्यालय की शिक्षाएं इसके लिए बधाई की पात्र हैं। इस दौरान प्रभजोत साहनी, रश्मि गैरोला, अर्चना रावत, मंजू तिवारी, उमा तिवारी, रूबी नेगी, आयुषी अग्रवाल, पूनम देवराणी, सलोनी मौजूद रहे। इधर, स्कूल के निदेशक स्पर्श अग्रवाल ने बताया कि एक से पांच वर्ष तक के बच्चों का टेलेंट हंट 22 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभिभावक बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

रामनगर में बैठक के दौरान समस्याओं पर चर्चा करते पूर्व सैनिक।

पूर्व सैनिकों की बैठक में उठीं कई समस्याएं

रामनगर : जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, पूर्व सैनिक कल्याण एवं उत्थान समिति की ओर से पदाधिकारियों, वीर नारियों और पूर्व सैनिकों की बैठक की गयी। बैठक में नवनियुक्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रमेश सिंह अधिकारी का स्वागत किया। सचिव नायक भुवन सिंह डंगवाल ने सभी वीरनारियों व पूर्व सैनिकों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। वीर नारियों व पूर्व सैनिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रमेश सिंह अधिकारी के सामने रखा। पूर्व सैनिकों ने कैंटीन की समस्या पर एक मांगपत्र जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को सौंपा। सचिव भुवन सिंह डंगवाल ने उपनल के कई रिक्त पदों पर सही समय से भर्तियां न होने की बात रखी। कर्नल रमेश सिंह अधिकारी ने बताया कि पेंशन के लिए समस्याओं को जल्द दूर कर दिया जायेगा। बैठक में उपाध्यक्ष दामोदर जोशी, ब्लॉक प्रतिनिधि सीएस मनराल, भारत बंधु, भारत सिंह रावत, चन्दन सिंह अधिकारी, भगवत सिंह चौहान, बालम सिंह डंगवाल, मंगल सिंह रावत, हरेन्द्र सिंह बिष्ट, पूरन सिंह बिष्ट, चंद्र मोहन खाती, सावित्री देवी, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

रामनगर में बैठक में मौजूद पर्वतीय सभा के सदस्य।

पर्वतीय सभा के कार्यकारिणी चुनाव की तिथि घोषित

रामनगर : पर्वतीय सभा लखनपुर ने कार्यकारिणी के चुनाव की तिथि घोषित कर दी है। महामंत्री हेम चन्द्र पांडे ने वार्षिक बैठक में विगत वर्ष में किये गये कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष निखिलेश उपाध्याय ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद सर्वसम्मति से वरिष्ठ एडवोकेट दीपक जोशी को चुनाव अधिकारी चुना गया। चुनाव अधिकारी ने 31 मार्च को त्रैवार्षिक चुनाव की तिथि निर्धारित की। साथ ही जानकारी दी कि सुबह 9 बजे से सभा भवन में नामांकन पत्र वितरित किये जायेंगे। निर्विरोध चुनाव नहीं होने की स्थिति में सायं 2 बजे से संविधान प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया संपन्न करायी जाएगी। अंत में अध्यक्ष दिनेश जोशी ने सभी आजीवन सदस्यों से निर्विरोध चुनाव संपन्न कराने की अपील की।

सरकार व्यापारियों को बनाए राहत का पात्र

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने उठाई व्यापारी कल्याण बार्ड बनाने की मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सभी संगठनात्मक 19 जिलों की कार्यशाला हुई। जिसमें संगठन का विस्तार करने, उसे और मजबूत बनाने के साथ ही व्यापारियों के कल्याण में सरकार की भूमिका बढ़ाने पर चर्चा हुई।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि जिला कार्यकारिणी को अपनी इकाइयों से निरंतर संवाद रखना चाहिए। नई इकाइयों को सृजित करके उनमें चुनाव कराने होंगे। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा कि नगर इकाइयों की संख्या 450 करनी होगी। व्यापारियों ने बात रखी कि सरकार को व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाना चाहिए। सरकार को आपदा में व्यापारी को राहत का पात्र बनाने, सरकारी योजनाओं में सब्सिडी देने, सरकारी योजनाओं में व्यापारियों के विस्थापित होने पर उनका उचित विस्थापन, मुआवजा आदि की व्यवस्था करनी चाहिए।

सभी व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि व्यापारी भी समाज का अंग है। उसे भी नुकसान होता है। सरकार को समाज के अन्य अंगों की तरह मुसीबत के समय व्यापारियों की भी मदद करनी चाहिए। इस दौरान महिला संगठनों ने भी कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में उत्तरकाशी, टिहरी, श्रीनगर, पौड़ी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर आदि जिलों से प्रतिनिधि आए थे। इस मौके पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे, विपिन गुप्ता, प्रदेश महामंत्री प्रकाश चंद्र मिश्रा, राजेश अग्रवाल, एनसी तिवारी, दिनेश पंत, चंद्रशेखर पंत, नवनीत राणा, रुपेंद्र नागर, शांति जीना, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन, दिगंबर वर्मा, उर्वशी बोरा आदि मौजूद रहे।

व्यापार मंडल की कार्यशाला को संबोधित करते जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे व मंचासीन वरिष्ठ पदाधिकारी। ● अमृत विचार

चार जून के बाद होगा आंदोलन

व्यापारियों ने प्रस्ताव पारित किया कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। पिछले वर्ष स्वीकृति के बावजूद व्यापार मित्र की बैठक हुई। इससे जिलास्तर पर ही व्यापारियों की कई समस्याएं सुलझ जातीं। प्रस्ताव में कहा गया कि इस समय आचार संहिता चल रही है। चार जून के बाद जब आचार संहिता खत्म होगी तब अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

आपदा राहत कोष से मिले मदद

व्यापारियों ने मांग रखी कि व्यापारियों को आपदा से प्रभावित होने पर आपदा राहत कोष से मदद मिलनी चाहिए। साथ ही सरकार और व्यापारियों के माध्यम बेहतर समन्वय बनाए जाए। व्यापारियों का कहना है कि कोविड के बाद से ही व्यापार को संभालना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में सरकार को व्यापारियों की मदद करनी चाहिए।

रामनगर में बैठक के दौरान मौजूद ठेका श्रमिक।

वोट मांगने वाले नेताओं से जवाब मांगेंगे श्रमिक

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: आईएमपीसीएल के ठेका श्रमिकों ने कर्मचारी भविष्य निधि के 1.12 करोड़ की धनराशि श्रमिकों में बांटने और सरकारी आयुर्वेदिक दवा कारखाने का विनिवेश रद करने की मांग की है। रविवार को आईएमपीसीएल ठेका मजदूर कल्याण समिति ने मोहान में बैठक कर ऐलान किया कि चुनाव में वोट मांगने के लिए आने वाले नेताओं से उनके आश्वासनों पर जवाब मांगा जाएगा।

श्रमिकों ने कहा कि पिछले 13 सालों से मजदूर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई और नियमित रोजगार की मांग कर रहे हैं। केंद्र व राज्य में कांग्रेस व भाजपा दोनों दलों की सरकारें रहीं, लेकिन किसी सरकार ने उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया। इसलिए लोकसभा चुनाव में वोट मांगने को आने वाले भाजपा, कांग्रेस के नेताओं से वह पिछले 13 वर्षों के कागज दिखाकर जबाब मांगेंगे।

समिति के अध्यक्ष किशन शर्मा ने कहा कि श्रमिकों के पीएफ के बकाया 1.12 करोड़ रुपए के भुगतान, आईएमपीसीएल का विनिवेश रद करने, श्रमिकों को नियमित व स्थायी काम देने आदि मांगों पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उत्तराखंड के पांचों सांसदों को पत्र भेजे गये, लेकिन सभी ने श्रमिकों की उपेक्षा की है। समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि देश में युवाओं के समक्ष रोजगार का संकट गहराता जा रहा है। बैठक में चुकम, तड़म, कुनखेत, मोहान, सुंदरखाल, रामनगर व काशीपुर से बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल हुए।

सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

▸▸ चुनाव बहिष्कार का ऐलान

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम कौड़ार/पश्या से अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र कांडा होते हुए कैड़ाईजर तक सड़क की दशकों पुरानी मांग पूरी न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को ग्रामीणों ने कौड़ार पहुंचकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। साथ ही मांग पूरी न होने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया।

ग्रामीणों ने कहा कि वह कई बार सड़क की मांग को लेकर शासन-प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि करीब 7 वर्ष पूर्व सड़क निर्माण के लिए दो बार सर्वे हुआ, लेकिन उसके बाद किसी ने उनकी सुध नहीं ली।

सड़क न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन-प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीण अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वह चुनाव बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में राम सिंह, मोहन कुराई, भुवन सिंह, अम्बा दत्त त्रिपाठी, नरेश, दिवान सिंह, बालकिशन, महेश कुराई, बद्रीदत्त, प्रयाग दत्त, महेश, चम्पा देवी, सुनीता आदि शामिल रहे।

पेट्रोल पंप पर विक्रम चालक को पीटा

लालकुआं, अमृत विचार : पेट्रोल पंप पर डीजल भरवा रहे एक विक्रम चालक से युवक ने मारपीट कर दी। कोतवाली में दी तहरीर में रुद्रपुर आजाद नगर ट्रांजिट कैंप निवासी सतीश कुमार ने कहा कि वह बीते रोज रुद्रपुर से सवारी लेकर लालकुआं आ रहा था। रास्ते में लालकुआं निवासी एक युवक विक्रम से उतर गया। जब उससे किराया मांगा तो उसने देने से इंकार कर दिया। इसको लेकर युवक से नोंकझोंक हो गई। जिसके बाद युवक ने विक्रम और उसकी फोटो खींचकर व्हाट्सएप पर किसी को भेज दी। जब वह लालकुआं आकर पेट्रोल पंप में डीजल भरवा रहा था तभी वहां नाजिम नामक युवक ने उसे बेल्ट से बुरी तरह पीट दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बलूनी को रामनगर से मिलेगी बढ़त

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : भाजपा कार्यकर्ता पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट पर जीत का अंतर बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। अनिल बलूनी को प्रत्याशी बनाये जाने से आम जन में उत्साह है। पार्टी संगठन बलूनी के राज्यसभा सांसद व उत्तराखंड हितैषी के रूप में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की दस साल की उपलब्धियां और बलूनी का प्रत्याशी होना पौड़ी सीट पर जीत की गारंटी है। इसके लिए रामनगर विधानसभा के सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क में जुटेंगे।

यह बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और गढ़वाल लोकसभा सीट के सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी ने चुनाव प्रबंध समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं से कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपते हुए कहा कि मतदान तक हर पार्टी पदाधिकारी को जुटे रहना है। राज्यसभा संसद रहते बलूनी ने पहाड़ के हित में कार्य किए और कई विकास योजनाओं को अंजाम देने की पहल की। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ में जमीनी स्तर पर जाकर जनता से संवाद करें। बैठक में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, विधानसभा प्रभारी प्रताप सिंह बोरा, ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, मालधन अध्यक्ष दीपा भारती, माया रावत, नीमा मठपाल, भगीरथ लाल चौधरी, मनीष अग्रवाल, निर्मला रावत, रुचि गिरी, गणेश रावत, सत्यप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

रामनगर में बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट। ● अमृत विचार

रोडवेज बसों में पनीर और मावा लाने पर होगी कार्रवाई

आदेश

- ▸▸ यूपी से अवैध तरीके से बसों में आता है पनीर और मावा
- ▸▸ बीते दिन खाद्य सुरक्षा विभाग को रोडवेज में मिला था माल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन की टीम को बीते शुक्रवार को रोडवेज बस स्टेशन पर करीब 5.50 कुंतल पनीर और मावा मिला था। यह माल सरकारी यात्री बसों से मंगाया गया था। अब परिवहन निगम होली को देखते हुए बसों से पनीर और मावा लाने पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

बस स्टेशन पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने करीब डेढ़ कुंतल पनीर और मावा नष्ट कर दिया था। उसके सैंपल भी लिए थे। इसी तरह चार कुंतल से ज्यादा मावा भी बस से लाया गया था। विभाग ने बताया कि सरकारी बसों में पनीर और मावा कैसे लाया जा रहा है, इस पर हम कार्रवाई नहीं सकते। हम केवल सैंपल ले सकते हैं।

इधर, जब बसों में पनीर और मावा लाने का मामला खुला तो परिवहन निगम की किरकिरी हो गई। अब परिवहन निगम होली को देखते हुए उन चालक-परिचालकों पर कार्रवाई करेगा जो अवैध तरीके से इस तरह का सामान ला रहे हैं।

> परिवहन निगम की बसों में सामान लाना मना है। अगर सामान लाया जा रहा होगा तो संबंधित कर्मी पर कार्रवाई होगी। हम कार्रवाई को तेज करेंगे। **-एसएस बिष्ट,** एआरएम, हल्द्वानी डिपो

> बसों में पनीर और मावा लाया गया था। हम केवल खाद्य पदार्थों की जांच कर सकते हैं और नियमानुसार कार्रवाई कर सकते हैं। अन्य कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। **-अभय कुमार सिंह,** वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी

लगातार अभ्यास करने से ही आती है भाषा

हल्द्वानी, अमृत विचार : बिंदुखत्ता स्थित एक विद्यालय में संस्कृत भारती उत्तरांचल की ओर से संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें प्रांत अध्यक्षा जानकी त्रिपाठी ने कहा कि भाषा संभाषण व लगातार अभ्यास करने से ही आती है। हम सभी को संस्कृत संभाषण का प्रयास करते रहना चाहिए। डॉ. हेमंत जोशी ने संस्कृत भारती के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्कृत भारती वर्तमान में 21 देशों में सक्रियता के साथ संस्कृत का प्रचार-प्रसार कर रही है। इस मौके पर प्रदेश प्रचार प्रमुख जगदीश जोशी, मुकेश जोशी, हरीश भट्ट, प्रकाश रुवाली, स्वाति भरत, डॉ. चन्द्रप्रकाश उप्रेती आदि मौजूद रहे।

गदरपुर, चंपावत, खटीमा व नानकमत्ता फाइनल में

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला खेल विभाग की ओर से रविवार को दो दिवसीय मंडल स्तरीय अनुसूचित जनजाति ओपन बालक-बालिका की खो-खो और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गौलापार स्टेडियम में किया गया। इसमें चंपावत, बैलपड़ाव, गदरपुर व रामनगर की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच बैलपड़ाव व गदरपुर के बीच खेला गया। जिसमें गदरपुर ने 14-3 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच चंपावत व रामनगर के बीच हुआ, जिसमें चंपावत 9-2 से विजेता रही। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का पहला मैच बैलपड़ाव व गदरपुर कुल्ला स्टेडियम के बीच हुआ। जिसमें गदरपुर कुल्हा स्टेडियम 25-9 अंक से जीत दर्ज की। दूसरा मैच रामनगर व गदरपुर कुल्हा के बीच हुआ, जिसमें गदरपुर कुल्हा 27-25 अंक से विजेता बनी। तीसरा मैच खटीमा व गदरपुर स्टेडियम कुल्हा के बीच हुआ। जिसमें खटीमा ने 25-14 अंक से जीत दर्ज की। चौथा मैच नानकमत्ता व गदरपुर कुल्हा के बीच हुआ। जिसमें नानकमत्ता 25-8 अंक से जीत दर्ज की। फाइनल में खटीमा और नानकमत्ता ने जगह बनाई।

आयोजन 31 मार्च तक होंगे प्रतिभागियों के पंजीकरण, विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर किया जायेगा सम्मानित

14 अप्रैल को नौकुचियाताल में होगी दूसरी ट्रायथलॉन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : रन टू लिव संस्था की ओर से 14 अप्रैल को दूसरी ट्रायथलॉन का आयोजन किया जाएगा। नैनी झील में तैराकी प्रतिबंधित होने के कारण इस वर्ष कार्यक्रम नौकुचियाताल में होगा। संस्था ने पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। 31 मार्च तक प्रतिभागी पंजीकरण करा सकेंगे। अब तक भारतीय सेना की टीम के साथ ही एकल रूप से चार लोग पंजीकरण करा चुके है।

रविवार को रन टू लिव युवा के संयोजक सागर देवराड़ी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 14 अप्रैल को दूसरी ट्रायथलॉन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में कुमाऊं मंडल विकास निगम और जीडी गोएनखा इंटरनेशनल स्कूल सहयोगी है। ट्रायथलॉन में एकल व टीम दो वर्गों में प्रतिभाग किया जा सकता है। एकल वर्ग में एक ही प्रतिभागी को 500 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिल रेस व दस किमी दौड़ पूरी करनी होगी। वहीं टीम में अलग-अलग गतिविधियों को अलग-अलग रुप से तीन प्रतिभागी पूरा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से पंजीकरण शुरू कर दिये गए है। जिसमें एकल वर्ग में एक हजार व टीम वर्ग में 1500 रुपये शुल्क रखा गया है। प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में पहला स्थान पाने वाले प्रतिभागी को दस हजार, दूसरे को सात हजार व तीसरा स्थान पाने वाले प्रतिभागी को पांच हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस दौरान सचिव हरीश तिवारी, सुधीर वर्मा, भरत अधिकारी, नरेंद्र रावत मौजूद रहे।

नैनीताल में पत्रकार वार्ता करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संसाधन होने के बावजूद प्रतिभाओं की उपेक्षा

संस्था पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में पहाड़ों में खिलाड़ियों को तैयार करने के संसाधन होने के बावजूद उनकी उपेक्षा किये जाने की बात कही। कहा कि ट्रायथलॉन एक अलग तरह का आयोजन है, जिसमें प्रतिभा को निखार कर खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कॅरियर बना सकते हैं। मगर प्राकृतिक वॉटर बॉडी होने के बावजूद नैनी झील में तैराकी पर प्रतिबंध है। मुंबई के रहने वाले प्रभात कोली ने नैनीझील में अभ्यास कर सात समंदर पार करने का विश्व रिकार्ड बनाया। मगर यहां के युवाओं को झील में तैराकी प्रतिबंधित होने के कारण प्रतिभा निखारने का अवसर नहीं मिल रहा है।

यह रहेगा ट्रायथलॉन का रूट

सागर देवराड़ी ने बताया कि नौकुचियाताल झील से 500 मीटर तैराकी के साथ ट्रायथलॉन का शुभारंभ होगा। तैराकी पूरी करने वाले प्रतिभागी नौकुचियाताल से जंगलियागांव रोड होते हुए वापस केएमवीएन के परिचय रिजार्ट में 20 किमी साइकिलिंग पूरी करेंगे। जिसके बाद परिचय से भीमताल और वापस जीडी गोएनखा इंटरनेशनल स्कूल में दस किमी की दौड़ पूरी करेंगे। जहां पुरस्कार वितरण समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त

गरमपानी, अमृत विचार : बेतालघाट थाना परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापारियों व पुलिस की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें लोगों ने क्षेत्र की तमाम समस्याएं रखीं और उनके समाधान की मांग उठाई। नवनियुक्त थानाध्यक्ष अनीस अहमद ने व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करने का भरोसा दिलाया। साथ ही शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। बैठक में टैक्सी स्टैंड का मुद्दा जोर शोर से उठा। व्यापार मंडल अध्यक्ष बालम सिंह बोहरा ने स्टैंड निर्माण पर जोर दिया। पूर्व सरपंच व भाजपा नेता तारा भंडारी ने बाहरी लोगों का सत्यापन करने व लगातार बढ़ रही नशाखोरी पर शिकंजा कसने की मांग की। इस दौरान भारत आर्या, प्रताप सिंह बोहरा, चंपा जलाल, हीरा सिंह, पंकज जोशी, दीपक पडियार, चित्रा जैडा, भगवती बोहरा आदि रहे।

टेक्नोलॉजी से नई पीढ़ी को मिल रहा बेहतरीन लाभ

एचएन इंटर कॉलेज में दो दिवसीय किताब कौतिक का समापन, नेचर वॉक के तहत लोगों ने पेड़-पौधों, जड़ी बूटियों और पक्षियों के बारे में जाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : किताब कौतिक के दूसरे दिन उत्तराखंड के संगीत उद्योग के विस्तार और चुनौतियों पर गहन मंथन कर आधुनिक दौर में कैसे इसका विस्तार हुआ इस पर कुमाउनी गायकों ने अपने विचार रखे। साथ ही व्यंग विधा, साहित्य से मीम तक विषय पर परिचर्चा की।

एचएन इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित दो दिवसीय किताब कौतिक का रविवार को समापन हो गया। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने किया। उन्होंने कहा कि यह समय शिक्षा की बेहतरी का है। कुमाऊं विश्वविद्यालय में हमारा प्रयास है कि अब वर्तमान समय के अनुसार कुछ नए पाठ्यक्रम खोले जाएं, इस ओर तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। कहा कि नई टेक्नोलॉजी से नई पीढ़ी को बेहतरीन लाभ मिल रहा है। इससे पूर्व नेचर वॉक का कार्यक्रम एफटीआई में हुआ। जिसमें लगभग सौ लोगों ने नैचर वॉक के तहत एफटीआई में मौजूद विभिन्न तरह के पेड़-पौधों, जड़ी-बूंटियों और कई तरह के पक्षियों के बारे में जाना।

डॉ. बीएस कालाकोटी ने जड़ी-बूंटियों व वनाधिकारी मदन बिष्ट ने पेड़-पौधों और बर्ड वाचर राजेश भट्ट ने पक्षियों के बारे में जानकारी दी। किताब कौतिक के साथ ही विभिन्न विषयों पर आयोजित परिचर्चा में पहले सत्र में उत्तराखंड में खेलों की संभावनाएं विषय पर चर्चा की गई। जिसमें प्रसिद्ध खिलाड़ी भास्कर भट्ट और हरीश चन्द्र पांडे ने अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि खेलों में अब कॅरियर बनाया जा सकता है। पहले वाली स्थितियां तेजी के साथ बदल रही हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के संगीत उद्योग विस्तार और चुनौतियों विषय पर प्रसिद्ध कुमाउनी गायक प्रह्लाद मेहरा, चांदनी इंटरप्राइस के निदेशक नरेंद्र टोलिया ने विचार रखे। व्यंग विधा, साहित्य से 'मीम' तक विषय पर परिचर्चा में साहित्यकार डॉ. दिवा भट्ट, एंकर और व्यंग्यकार नीरज बधवार, लेखक और कवि विनोद पंत ने भागीदारी की। किताब कौतिक के आखिरी दिन विभिन्न लेखकों, कवियों की लिखी एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लोकार्पण भी वरिष्ठ कथाकारों, लेखकों और रंगकर्मियों ने किया।

यहां मनोज चंदोला, संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित भूपेश जोशी, कुमार कैलाश, चारु तिवारी, आयोजन समिति के हेम पंत, दयाल पांडे, नरेन्द्र बंगारी, रिक्सी पाठक, जगमोहन रौतेला, मंजू पांडे, उदिता, डॉ. सरस्वती कोहली, हरीश पंत, सतीश जोशी आदि मौजूद रहे।

एचएन इंटर कॉलेज में किताब कौतिक में लगे स्टाल में किताबें देखती छात्राएं।

विज्ञान प्रदर्शनी के स्टाल में प्रयोग को विकसित करता युवक।

पानी और तेल को आपस में मिलाना सीखा

किताब कौतिक में रविवार को शिवालिक बाल विज्ञान क्लब आकर्षण का केंद्र रहा। जहां बच्चों की जमकर भीड़ जुटी। यहां बच्चों ने तरह-तरह के प्रयोग किए। जिसमें पानी और तेल को आपस में मिलाने के प्रयोग ने सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया। बाल विज्ञान क्लब के हर्षित सामंत ने बताया कि पानी व तेल के गुण अलग-अलग होते हैं, लेकिन सोप सॉल्यूशन से दोनों को आपस में मिलाया जा सकता है। इसके अलावा विशेषज्ञों और क्लब के जूनियर वैज्ञानिकों ने एनसीईआरटी से संबंधित 30 से अधिक अन्य प्रयोगों को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। जिसमें माइंड, कंस्ट्रेशन व क्वीज गेम्स आदि शामिल रहे। संस्था अध्यक्ष सुमित पांडे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान की ओर प्रोत्साहित करना तथा प्रयोगों के माध्यम से वैज्ञानिक शिक्षा में छात्रों की रुचि बढ़ाकर नवभारत निर्माण को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि दो दिन में 2500 से अधिक छात्र संस्था के कार्यक्रमों से लाभांवित हुए।

बच्चों ने लगाया अपनी किताबों का स्टॉल

किताब कौतिक में प्रख्यात लेखकों की किताबें तो उपलब्ध थीं वहीं बच्चों की लिखित किताबों का भी एक स्टॉल लगा था। बाल प्रहरी साहित्य संस्थान के बैनर तले लगे बाल लेखन कार्यशाला स्टॉल में हल्द्वानी के विभिन्न स्कूलों के बच्चों की लिखी गई किताबों को रखा गया। बाल प्रहरी पुस्तिका के संपादक उदय किरौला ने बताया कि अब तक 16 राज्यों में 296 जगहों पर बाल लेखन कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका। स्टॉल में हल्द्वानी के स्कूलों के 40 बच्चों ने अपनी-अपनी किताबों का अलग-अलग नाम रखा है। स्टॉल का संचालन छोटी बच्ची दीया आर्या ने किया।

पुष्पा व दान सिंह कर रहे कठपुतलियों से कुमाउनी लोक संस्कृति का प्रचार-प्रसार

पिछले 20 सालों से कठपुतली का प्रदर्शन कर रहे शहरफाटक अल्मोड़ा निवासी पुष्पा फर्त्याल, दान सिंह फर्त्याल का कठपुतलियों का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। दान सिंह फर्त्याल ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य कठपुतलियों के माध्यम से विलुप्त होते कुमाउनी लोक गीत, लोक गाथा, वेशभूषा, आभूषणों को जीवित रखना और युवा पीढ़ी को इसकी जानकारी देना है।

ओपन टेनिस प्रतियोगिता में हल्द्वानी के रजत विजेता

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सैम ओपन टेनिस प्रतियोगिता में हल्द्वानी के रजत कुमार मैंस ओपन सिंगल्स के विजेता बने। जबकि मैंस डबल्स इवेंट में सहर्ष और राघव की जोड़ी विजेता रही।

सेंट जोसेफ स्कूल टेनिस एकेडमी नैनीताल में आयोजित सैम ओपन टेनिस प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। पहले सेमीफाइनल मैच में 35 से 50 आयु वर्ग के सिंगल्स इवेंट में सुमित तिवारी रामनगर ने अमर जगाती नैनीताल को 7-3, दूसरे सेमीफाइनल मैच में रितेश शर्मा रुद्रपुर ने रामनगर के मोहित सिंह राठौर को 7-1, 50 प्लस के फाइनल सिंगल्स मैच में अमित जोशी नैनीताल ने रामनगर के कमल सती को 8-4, मैंस ओपन के सिंगल्स इवेंट फाइनल में हल्द्वानी के रजत कुमार सती ने हल्द्वानी के ही देवेन्द्र सिंह बिष्ट को 8-4, जबकि 35 से 50 आयु वर्ग के सिंगल्स इवेंट में सुमित तिवारी रामनगर ने रुद्रपुर के रितेश शर्मा को 8-5 से हराया। इससे पूर्व मैंस ओपन के डबल्स फाइनल मैच में सहर्ष पांडेय व राघव वर्मा की जोड़ी ने रजत कुमार सती व तनुज सनवाल की जोड़ी को 8-5 से, 35 से 50 आयु वर्ग के फाइनल डबल्स मैच में राजेश कुमार व पूरन सिंह बिष्ट की जोड़ी ने अमित जोशी व मानवेंद्र हरबेला की जोड़ी को 8-4 से हराया।

जिला टेनिस एसोसिएशन नैनीताल के सचिव हेम कुमार पांडेय ने बताया कि अप्रैल माह के अंत में बीएलएम एकेडमी गोरापड़ाव में कुमाऊं स्तरीय जूनियर टेनिस इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में मुख्य अथिति सेंट जोसेफ स्कूल नैनीताल के प्रधानाचार्य ब्रदर पिंटो रहे। यहां टूर्नामेंट डायरेक्टर सुमित गोयल, टूर्नामेंट आयोजक सचिव अमर जगाती, सीएफओ रजत कुमार सती, नवनियुक्त प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम, ब्रदर सैंटो डिसूजा, ब्रदर लारेंस(स्कूल सेक्रेट्री), जेबा राजा (एकेडमिक हैड), निखिल आर्या आदि मौजूद रहे।

ओपन टेनिस के विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते संगठन महामंत्री अजय कुमार व अजय भट्ट।

भाजपा ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हल्द्वानी : तिकोनिया नैनीताल रोड में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लोकसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ हो गया है। रविवार को विधि विधान से प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार और अजय भट्ट ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर कार्यालय का उद्घाटन किया। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं ने बाजार में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए जनसंपर्क किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, विवेक सक्सेना, प्रदीप बिष्ट, लोकसभा मीडिया प्रबंधन प्रभारी चंदन बिष्ट, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला, अध्यक्ष उत्तराखंड मंडी परिषद अनिल कपूर डब्बू, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य अनुश्रवण समिति सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या, सचिन शाह, गजराज सिंह बिष्ट, प्रताप रैक्वाल, कमल नयन जोशी, देवेंद्र ढैला, प्रदीप जनौटी आदि थे।

दून में अपनी बात रखते आम आदमी पार्टी के संयोजक। ● अमृत विचार

शिशुपाल आप प्रदेश चुनाव संचालन समिति के संयोजक बने

रामनगर : आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक में रामनगर के शिशुपाल सिंह रावत को चुनाव के लिए प्रदेश संचालन समिति का संयोजक चुना गया है। देहरादून प्रदेश कार्यालय में बैठक के दौरान पार्टी पदाधिकारीयों ने नैनीताल-उधम सिंह नगर सीटी पर आप प्रत्याशी को चुनाव लड़ाने की बात कर इंडिया गठबंधन के तहत इस सीट की मांग की। तय किया कि शीघ्र ही राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक, आप प्रभारी वीरेंद्र गोयल और सह प्रभारी रोहित मेहरौलिया से मिलकर कार्यकर्ताओं की भावनाओं से अवगत कराया जाएगा। इस दौरान रविंद्र आनंद, चौधरी रविंदर कुमार, डॉ. विनोद सावंत, मोहम्मद नासिर खान, विपिन खन्ना, सुधा पटवाल, संजय सैनी, पवन धीमान, जोगिंदर सिंह, इकबाल राव, अमनदीप, अनिल सती, आजाद अंसारी, नफीस बानो, विजय लक्ष्मी, विकास बिष्ट, तरुण जोशी मौजूद रहे।

कार्यशाला के दौरान वॉटर राकेट लांच करते शिक्षक।

कार्यशाला में छात्रों ने सीखे भौतिकी के गुर

रामनगर : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन वॉटर राकेट लांच के साथ किया गया। कार्यशाला में छात्रों ने भौतिक विज्ञान के कम लागत वाले प्रयोगों को समझा। जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पौड़ी के वैज्ञानिक डॉ. बीएस तिवारी ने छात्रों को भौतिकी के नियमों के बारे में विस्तार से बताया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर से आये वक्ता डॉ. विनोद रावत ने भौतिकी के प्रयोगों में होने वाली त्रुटियों को सुधारने पर जोर दिया। क्रीड़ा मैदान में छात्रों को डॉ. किमोठी ने वॉटर राकेट लांच करके दिखाया, जो कार्यशाला का मुख्य आकर्षण रहा। संयोजक डॉ. सुभाष चन्द्र पोखरियाल, डॉ.संजीव किमोठी, डॉ. विनोद रावत ने सभी छात्रों को सम्मानित किया। संचालन डॉ. डीएन जोशी ने किया। कार्यशाला में डॉ. प्रकाश सिंह बिष्ट, डॉ. प्रमोद कुमार पांडे, डॉ. मनोज नैनवाल आदि मौजूद रहे।

जैंती में गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पहाड़ के लोगों को अभी भी डिजिटल इंडिया का लाभ मिलने में सालों लग रहे हैं। करीब 10 साल पहले ही घरेलू गैस कंपनियों ने गैस सिलेंडर बुक कराने के लिए ऑनलाइन सेवा देनी शुरू कर दी थी। जिससे लोगों को बहुत राहत मिली, लेकिन अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा ब्लॉक के जैंती गांव के लोगों को अब यह सुविधा मिली है।

गैस सिलेंडर ऑनलाइन बुक कराने की सुविधा शुरू होने के एक दशक तक भी यहां के लोग गैस सिलेंडर बुक कराने के लिए गैस एजेंसी कार्यालय जाते थे। पहाड़ के दुर्गम इलाकों में रहने वालों के लिए गैस सिलेंडर लेने से पहले उसे बुक कराना ही एक चुनौती होता था। अब केएमवीएन ने घोषणा की है कि जैंती में इंडेन गैस ऑनलाइन बुक करने के लिए मोबाइल नंबर और पोर्टल का लिंक जारी किया गया है। उपभोक्ता इंडेन कार्यालय से व्हॉटसएप नंबर 7588888824, मिस्ड कॉल के लिए 8454955555 और एसएमएस के लिए 7718955555 से सिलेंडर की बुकिंग करा सकते हैं।

> डिजिटल इंडिया का लाभ लेने में हमें सालों लग गए। यही पहाड़ की पीड़ा है। सरकार को प्रयास करना चाहिए कि पहाड़ के सभी दुर्गम गांवों को भी डिजिटल इंडिया से जोड़े। – **किशन सिंह नेगी**, सामाजिक कार्यकर्ता जैंती

किसानों को बताए उन्नत खेती के गुर

गरमपानी, अमृत विचार : राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत रामगढ़ ब्लॉक के सिरसा गांव में किसानों को एक दिवसीय कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उन्नत खेती के गुर सिखाए गए। किसानों ने जानवरों से लगातार चौपट होती उपज को बचाने के लिए ठोस उपाय किए जाने की मांग उठाई। पंचायत भवन में हुई कार्यशाला का ग्राम प्रधान इंदू जीना ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान इंदु ने कार्यशाला पर कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से किसान निश्चित रूप से लाभान्वित होते हैं। कृषि विभाग के कुशल सिंह व तृप्ति पांडे ने किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई। बताया कि बेहतर तकनीक व सही जानकारी से की गई खेती से किसान लाभान्वित हो सकते हैं। फसलों में लगने वाली बीमारियों व उनसे बचाव के तौर तरीके बताए।

आतिथ्य व पर्यटन उद्योग में तकनीक का है विशेष स्थान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आम्रपाली विश्वविद्यालय में आतिथ्य व पर्यटन विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। होटल प्रबंधन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म की प्रो. परोमिता शुक्ला वैद्य, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली, ए चटर्जी, एमपीआईएस, प्रो. लव कुश मिश्रा, विभागाध्यक्ष पर्यटन व होटल प्रबंधन आगरा विश्वविद्यालय आदि ने तकनीकी सत्र में अपने अनुभव साझा किए। आयोजक सचिव प्रो. प्रशांत शर्मा ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में मानव जीवन में तकनीक ने विशेष स्थान हासिल कर लिया है। आतिथ्य व पर्यटन उद्योग भी इससे अछूता नहीं है। बताया कि वर्तमान में आतिथ्य व पर्यटन उद्योग प्रतिदिन नई तकनीकें विकसित कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षाविदों और पर्यटन उद्योग के लिए तकनीकी विकास और इसके महत्व के बारे में बताया। पैनल डिस्कशन में प्रो. परोमिता शुक्ला, प्रो. प्रांशु चौंपले, डॉ. नीरज अग्रवाल , डॉ. अशोक कुमार और रवीश छेत्री ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में सीएल ढींगरा, नरेंद्र ढींगरा, हर्षिता रैखोला, उमा अधिकारी, डॉ. आशीष बिष्ट, रोहित चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

सम्मेलन में मंचासीन अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

गौलापार के किसानों का काले गेहूं से हुआ मोह भंग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुछ साल पहले गौलापार के किसानों में काले गेहूं की फसल उगाने की होड़ लग गई, लेकिन अब कुछ किसान ही इसका उत्पादन कर रहे हैं। काले गेहूं से लोगों का मोहभंग होने का मुख्य कारण ज्यादा मेहनत, उत्पादन कम होने और बाजार उपलब्ध नहीं होना है।

किसानों ने बताया कि तीन साल पहले एक प्राइवेट कंपनी ने काले गेहूं के उत्पादन के लिए क्षेत्र के लोगों को प्रोत्साहित किया था। तब 35-40 किसानों ने अपने खेतों में इसकी बुआई की। उस समय ज्यादातर किसान अपने खेतों में रसायनिक खादों का इस्तेमाल करते थे, लेकिन काले गेहूं का उत्पादन जैविक तरीके से किए जाना था। पहले साल उत्पादन कम हुआ तो कई किसानों ने अगले साल इसकी बुआई नहीं की और सामान्य गेहूं बोने लगे।

वर्तमान में स्थिति यह है कि सिर्फ तीन-चार किसान ही इसकी बुआई कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि उक्त कंपनी ने उन्हें बीज 110 रुपये किलो, जबकि उनका गेहूं 35 रुपये किलो के हिसाब से खरीदा।

कंपनी की मोनोपोली व बाजार उपलब्ध ने होने से इसकी खेती कम कर दी। बताया कि सामान्य की तुलना में काले गेहूं का उत्पादन भी आधे से कम होता है, जिस खेत में सामान्य गेहूं का उत्पादन 100 किलो हुआ, उसी में काला गेहूं 40-50 किलो ही हुआ। इस कारण से भी किसानों का इससे मोह भंग हुआ।

काला गेहूं स्वास्थ्य के लिए है बेहतर : सामान्य से काले गेहूं कीकीमत ज्यादा होती है। इसमें सामान्य गेहूं की तुलना में 60 फीसदी अधिक लौह तत्व होते हैं। गेहूं का काला रंग इसमें मौजूद एंथोसायनिन नामक रंगद्रव्य के कारण होता है। काले गेहूं की खेती प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में होती है।

> मैं अब अपने खाने के लिए 2-3 बीघा जमीन में ही काले गेहूं की खेती करता हूं। इसमें मेहनत ज्यादा व उपज कम मिलती है।
> – **दीवान सम्मल**, किसान

> तीन साल पहले काला गेहूं बोया, लेकिन पिछले और इस साल नहीं बोया। बीज नहीं मिल पाया और इसका उत्पादन भी कम होता है।
> – हरीश बगडवाल, किसान

> स्थानीय स्तर पर काले गेहूं का बाजार नहीं है और अभी इसके उचित दाम नहीं मिलते हैं। दो साल पहले मैंने अपना गेहूं हिमाचल में बेचा था।
> – **डॉ. नरेंद्र चुफाल**, किसान

बाहरी लोगों का सत्यापन करने की मांग

भीमताल, अमृत विचार : क्षेत्र में बाहरी प्रदेश से आकर कारोबार करने वाले लोगों की जांच की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले चार माह में दर्जनों लोग भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं। इन लोगों ने आसपास के क्षेत्रों में दुकानें भी किराए पर ले रखी हैं। यह लोग न केवल कारोबार कर रहे हैं, बल्कि इनमें से कई लोगों ने अपने पतों का सत्यापन भी नहीं कराया हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे लोगों की जांच कराने की मांग उठाई है, ताकि कोई अप्रिय घटना होने से बचा जा सके।

हरियाणा के आधार कार्ड पर कूड़ा बीन रहे हैं कबाड़ी

भीमताल में कई लोग बाहरी प्रदेश का आधार कार्ड लेकर कूड़ा बीन रहे हैं। मामला तब प्रकाश में आया जब स्थानीय व्यापारी नेता अखिलेश सेमवाल ने दो संदिग्ध युवकों से पूछताछ की। एक युवक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। जबकि दूसरे के पास हरियाणा का किसी अन्य का आधार कार्ड मिला। अखिलेश के मुताबिक क्षेत्र में कई संदिग्ध लोग सुबह से शाम तक घूमते नजर आ रहे हैं। कहा कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

> क्षेत्र में इन दिनों दर्जनों लोग बिना पहचान पत्र और आवश्यक कारोबार करने के दस्तावेज के साथ घूमते नजर आ रहे हैं। कूड़ा उठाने से लेकर कई अन्य कार्य भी कर रहे हैं। इनकी जांच होनी चाहिए। साथ ही जो लोग इनके आवश्यक प्रपत्र बनाने में सहयोग दे रहे हैं उनको भी चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। – **अखिलेश सेमवाल**, व्यापारी नेता

अमृतेश को मिली पहली रैंक

हल्द्वानी : ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में हल्द्वानी के अमृतेश सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड में पहली रैंक हासिल की है। जबकि देश में चौथी रैंक प्राप्त की है। जस गोविन पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत अमृतेश के पिता सागर सिंह बिष्ट उत्तराखंड पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। जबकि माता अनीता बिष्ट गृहिणी हैं। अमृतेश मूल रूप से पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट तहसील के रिठायत गांव के रहने वाले हैं।

नैनीताल-बसानी सड़क का नहीं हुआ स्थाई उपचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पिछले 10 साल से नैनीताल-बसानी मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा है। जिसका अब तक स्थाई उपचार नहीं हो पाया है। हाल यह है कि सड़क कहीं-कहीं धंस चुकी है और कहीं दीवार टूटने से संकरी हो गई है।

ऐसे में वाहन चालक रोजाना जान जोखिम में डालकर सड़क से सफर करने को मजबूर हैं। करीब एक दशक के बाद करोड़ों रुपये की लागत से बनी देवीधुरा बसानी सड़क में जून 2023 में डामरीकरण हुआ था। ट्रायल के बाद क्वालिटी टेस्ट में अधिकारियों ने सड़क को हरी झंडी दिखाई। इससे पहले की सड़क वाहनों के चलने के लिए पास की जाती बरसात में भारी बारिश के चलते सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई। इतना ही नहीं कई स्थानों पर पहाड़ियों से मलबा गिरने से सड़क बंद हो गई। बारिश रुकने के बाद विभाग ने सड़क से मलबा हटाकर अस्थाई मरम्मत कर आवाजाही के लिए मार्ग को खोल दिया, लेकिन जिन स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त हुई थी वहां पर गड्ढे पड़ गये। जिसका अभी तक स्थाई उपचार नहीं किया जा सका है। इधर, पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि सड़क के स्थाई उपचार के लिए दो करोड़ 30 लाख का स्टीमेट बनाकर यूआरडीए को भेजा है। बजट मिलते ही सड़क का स्थाई उपचार किया जाएगा।

अपने बयान से पलटे लापता भाष्कर के दोस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बीती 17 फरवरी से लापता कक्षा 9 के छात्र भाष्कर को पुलिस अब तक ढूंढ़ नहीं पाई है। भाष्कर की गुमशुदगी के बाद उसे आखिरी बार देखने वाले उसके दोस्त न सिर्फ अपने बयानों से मुकर गए हैं, बल्कि पुलिस और पीड़ित परिवार की शिकायत लेकर मंडलायुक्त के पास पहुंच गए हैं।

मूलरूप से पदमपुरी के पास रहने वाले सुभाष दुम्का का 15 वर्षीय बेटा भाष्कर यहां शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहता है। वह यहां हिमालय विद्या मंदिर आवास विकास में पढ़ता है। 17 फरवरी की सुबह साढ़े 8 बजे भाष्कर स्कूल के लिए निकला था, लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। पता लगा 17 फरवरी को स्कूल में सिर्फ पैरेंट्स मीटिंग थी। पुलिस तफ्तीश में जुटी तो भाष्कर को सीसीटीवी में दिखा और उसके दो दोस्तों ने भी उससे मिलने की बात स्वीकारी। पुलिस ने इस बाबत जब उक्त दोस्तों से कई बार पूछताछ की तो दोस्त अपने परिजनों के साथ शनिवार को मंडलायुक्त दीपक रावत के पास पहुंच गए। भाष्कर के ममेरे भाई विनोद तिवारी ने बताया कि भाष्कर के दोस्तों ने मंडलायुक्त के सामने न सिर्फ पीड़ित परिवार और पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया, बल्कि यह भी कह दिया कि अभी तक उन्होंने पुलिस को जो भी बताया वह सिर्फ एक कहानी थी।

एक नजर

कैंसर से पांच वर्षीय एंजल का निधन, शोक में परिवार

दिनेशपुर। समीरन राय निवासी जगदीशपुर की पांच वर्षीय पुत्री एंजल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। ढाई वर्ष की उम्र में एंजल के कान में फुंसी होने पर परिजनों को इलाज के दौरान कैंसर की बीमारी का पता चला। परिजनों ने मासूम एंजल को टाटा मैमोरियल हॉस्पिटल मुंबई, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल कोलकाता, हिमालय हॉस्पिटल देहरादून, राममूर्ति हॉस्पिटल भोजीपुरा (बरेली) आदि हॉस्पिटलों में इलाज के दौरान लगभग 20 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी एंजल को नहीं बचा सके। शनिवार को एंजल को सांस लेने में तकलीफ होने पर परिजन रोहिलखंड हॉस्पिटल बरेली ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चाकू के साथ गिरफ्तार

बाजपुर। बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस ने लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जनपद में अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध अभियान शुरू किया है। इसके तहत गश्त के दौरान कार्रवाई कर मेन बाजार बैलपड़ाव थाना कालाढूंगी जिला नैनीताल निवासी चंद्रप्रकाश उर्फ चंकी पुत्र भुवन राम को चाकू के साथ बन्नाखेड़ा रोड पर बल्ली बैरियर के पास से गिरफ्तार किया।

45 पाउच कच्ची शराब समेत गिरफ्तार

बाजपुर। दोराहा चौकी की पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई कर ग्राम हरलालपुर निवासी राजकुमार पुत्र स्व .राजेंद्र सिंह को 45 पाउच कच्ची शराब समेत हाईवे-74 पर लेवड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

दो वारंटी गिरफ्तार

बाजपुर। पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में चौकी दोराहा पुलिस ने रविवार को फरार वारंटी ग्राम कनौरा निवासी कमरूदीन पुत्र शम्सुद्दीन व जाकिर पुत्र शम्सुद्दीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में दोराहा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल मनोज भाकुनी शामिल रहे।

कार में ले जा रहे थे शराब

खटीमा। कोतवाली छेत्र की सत्रहमील पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान कार में ले जाई जा रही 60 पाउच और 30 लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने बनगवां निवासी जसपाल सिंह और उसकी पत्नी गुरमीत कौर और कार को कब्जे में लेकर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बाजपुर में टीका लगातीं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी। ● अमृत विचार

बाजपुर के बरहेनी में होली मिलन समोराह में महिलाओं के बीच मौजूद पूर्व केबिनेट मंत्री अरविंद पांडे व अन्य। ● अमृत विचार

कुमाउनी बैठकी होली में होल्यारों ने पूरी रात बिखेरे गीतों के रंग

संयुक्त रूप से किया गया होली महोत्सव का शुभारंभ, हुक्का क्लब अल्मोड़ा के वरिष्ठ होल्यार ने राग यमन कल्याण पर थिरकने को किया मजबूर

हैप्पी होली

- पर्वतीय समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया
- होली गायन कर संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : मलत-मलत भये लाल नयना, कन्हैया मत मारो नयना गुलाल जैसे होली गीतों पर कुमाउनी होल्यारों ने पूरी रात धमाल मचाया। कुमाउनी बैठकी होली महोत्सव में पर्वतीय समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

शैल सांस्कृतिक समिति शैल परिषद द्वारा होली महोत्सव का शुभारंभ परिषद के संरक्षक नवीन चंद्र पांडे, भारत लाल शाह, अध्यक्ष गोपाल पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडेय, वरिष्ठ होलियार प्रभात साह व नरेंद्र पंत, संजय जोशी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान हुक्का क्लब अल्मोड़ा के वरिष्ठ होल्यिार प्रभात शाह ने राग यमन कल्याण पर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। प्रभात शाह ने मलत-मलत भये लाल नयना, कन्हैया मत मारो नयना गुलाल, हल्द्वानी से आए संजय जोशी ने काफी"में गावो सुहागिन होरी, बरस की शुभ ऋतु अलबेली, नरेंद्र पंत ने राग जंगला काफी" में सांची कहो मोसे बतिया बलम,,तैने कहा बिताई सारी रतिया बलम, राग "खम्माज" में बसंत बिष्ट ने आज राधे रानी चली ब्रिज नगरी, राज मंडल में धूम मची है आज, राग"रसिया" में दिवाकर पांडे ने रंग डालूंगी मैं नंद जी के लालन पर, सावरा रंग लाल कर डारी हो, मलत गुलाल दोऊ गालन में होली गीतों पर थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान होल्यारों ने कॉफी ,जंगला काफी, खम्माज, माड, सहाना, विहाग, राज देश, जै-जैवन्ती बागेश्री, परज आदि रागों पर आधारित होली गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरु, पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. एलएम उप्रेती, अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री दिवाकर पांडे, कोषाध्यक्ष डीके दनाई, सतीश ध्यानी, मोहन सिंह बिष्ट, राजेंद्र बोरा, दिनेश बम, मोहन उपाध्याय, हरीश मिश्रा, दिनेश भट्ट, कीर्ति निधि शर्मा, हरीश दनाई, मनोज शर्मा, डीएस मेहरा, महेश कांडपाल, जगदीश बिष्ट, राजेंद्र बलौदी, संजीव बुधौरी, धीरज पांडेय, गगन काण्डपाल, नरेन्द्र रावत, अतुल पाण्डे, त्रिभुवन जोशी, अवतार सिंह सतीश लोहनी, भास्कर जोशी, ललित दुम्का, त्रिलोचन पनेरु, उत्तम सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में होली के गीतों की प्रस्तुति देते पर्वतीय होल्यार। ● अमृत विचार

भारतीय संस्कृति के पर्व होली को भाईचारे के साथ मनाएं

बाजपुर। भाजपा महिला मोर्चा व मधुवन कलस्टर परिवार की ओर से ग्राम बरहैनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गदरपुर विधायक अरविंद पांडे मुख्य अतिथ रहे। कार्यक्रम में महिलाओं की ओर से प्रतिभाग किया गया। रविवार को बरहैनी के शनि बाजार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर भट्ट, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष गुलशन कुमार आदि ने किया। इस मौके पर पांडे द्वारा सभी को होली की बधाई देते हुए कहा किसभी लोग विभिन्न रंगों के बीच रंग कर भारतीय संस्कृति के इस पर्व को शान्तिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाएं। कार्यक्रम आयोजक उमा जोशी ने कहा कि होली एक खुशियों का पर्व है। बाजपुर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूजा जिंदल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर ढोलक की थाप पर उर्मिला पाठक ने होली गायन कर सिद्धि विनायक की प्रार्थना की इसके उपरान्त,अंवा के भवन में विराजे होली देवा के घर विराजे होली ..,होली में आना श्याम रंग लगा जाना, आ जाना आ जाना..... खेलो खेलो री आज संग कान्हा के होली खेलो री ..... होल्यारों ने चलो री चलो सब होरी खेलन चलो...., सबको मुबारक होली फागुन .....तु शुभ अलबेली...., मोहन के साथ आज होली खेलगें रे.... के साथ एक के बाद एक होली गीतों से माहौल को होलीमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन खीम सिंह दानू ने किया। जिला उपाध्यक्ष कमल भट्ट, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, महिला मोर्चा की पूजा जिंदल, जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट, जिला मंत्री कविता नेगी, सविता, उर्मिला पाठक, गीता, बबली, निशा, उर्मिला आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

बाजपुर में मोहल्ला मझरा प्रभु में होली के गीतों पर नृत्य करतीं महिलाएं।

होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा...

बाजपुर। क्षेत्र में इन दिनों कुमाऊं की परंपरागत बैठकी होली गायन की धूम मची है। पर्वतीय समाज की महिलाओं की ओर से अबीर-गुलाल लगाकर पर्वतीय संस्कृति, प्रेम व भाईचारे एवं एकता की भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया गया। होली गीतों पर महिलाओं ने नृत्य भी किया। रविवार को महिला होल्यारों की टोली वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु स्थित पार्वती जोशी के आवास पर पहुंची और होली गायन कार्यक्रम का शुभारंभ होली की प्रार्थना सिद्धि के दाता विध्न विनाशन, होली खेले गिरजापति नंदन... से किया गया। तदोपरांत महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को रंग-अबीर व गुलाल का तिलक लगाकर कुमाउनी संस्कृति के गीत एवं नृत्य शुरू किया गया जिसमें सिर धरे मुकुट खेले होली..., ऐ-गो बसंत बहार फागुन मैहना..., होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा..., शिव गंगा बही जन जारन को..., पहले बूंद पड़ो गणपति में... आदि होली गीत बड़े आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सरस्वती, लक्ष्मी, बीना, अनीता, आशा, रूपाली, मुन्नी, नेहा, राधा, पुष्पा, उर्मिला, रेखा, पार्वती जोशी, मंजू पांडे, राधा तिवारी, विमला आदि मौजूद रही। वहीं इससे पहले हल्द्वानी बस अड्डा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पहुंची महिलाओं ने पूजा कर होली गायन की शुरुआत की।

ऑनलाइन ऑर्डर देने पर तीन लाख ठगे

संवाददाता, रुद्रपुर

धोखाधड़ी

- साइबर रिपोर्ट के बाद कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

अमृत विचार : कोतवाली इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति को ऑनलाइन कुर्सी का ऑर्डर देना महंगा पड़ गया। पीड़ित ने ऑनलाइन नंबर पर बात की तो उसके बाद साइबर ठगों ने खाते से तीन लाख रुपये निकाल लिए।

मॉडल कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उसने एक ऐप के माध्यम से 420 की एक कुर्सी का आर्डर किया था। जब कुर्सी नहीं आई, तो उसने 20 फरवरी को एप के कस्टमर केयर का नंबर खोजा और नंबर पर कॉल कर एक अज्ञात व्यक्ति से वार्ता की। आरोप था कि फोन उठाने वाले ने कुर्सी का ऑर्डर नहीं आने की बात करते हुए ऑनलाइन भुगतान करने का आश्वासन दिया। आरोप था कि खाते में 420 रुपये की धनराशि तो वापस नहीं आई। मगर उसके खाते से तीन लाख रुपये का ऑनलाइन भुगतान हो गया। जब नंबर पर कॉल की तो मोबाइल बंद आने लगा। इसके बाद ठगी की भनक लगी। पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। साइबर रिपोर्ट आने के बाद कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

महिला पर चाकू से किया हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : महिला हेल्पलाइन के ऐच्छिक ब्यूरो से काउंसिलिंग कर लौट रही विवाहिता पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। विवाहिता का आरोप था कि पति ने पहले अपहरण करने का प्रयास किया और जब विफल हो गया, तो चाकू से हमला कर दिया। हरियाणा फार्म बरेली रोड किच्छा निवासी गुड़िया ने बताया कि उसका पति से पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसको लेकर 27 फरवरी को वह महिला हेल्पलाइन की ऐच्छिक ब्यूरो से पति के साथ काउंसिलिंग कर घर लौट रही थी कि अचानक पति पीछे-पीछे आया और इंदिरा चौक पर टुकटुक में अपहरण कर जबरन बैठाने की कोशिश करने लगा। जब विरोध किया, तो दुपट्टे से गला दबाने का प्रयास करना लगा। आरोप था कि जब पति विफल हो गया, तो पति ने चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। आरोप था कि पति जुनैद ने जान से मारने की कोशिश की और चीख पुकार सुनकर पति मौके से फरार हो गया। आरोप था कि हमले के दौरान ससुर अलाउद्दीन भी मौके पर मौजूद था। पुलिस हेल्प लाइन नंबर पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

खटीमा स्थित बनबसा के शारदा घाट पर हेड कांस्टेबल को अंतिम सलामी देते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

राजकीय सम्मान से हेड कांस्टेबल को दी अंतिम विदाई

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: एक माह पूर्व कार हादसे में घायल यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल का हरिद्वार में उपचार के दौरान निधन हो गया। मृतक जवान का रविवार को राजकीय सम्मान के साथ बनबसा के शारदा घाट पर अंतिम संस्कार किया।

चकरपुर बिलहरी निवासी महेश सिंह राणा (43) पुत्र अमर सिंह राणा 15 अगस्त 2003 में पीएससी में भर्ती हुए और बाद में यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल बने। महेश राणा हेड कांस्टेबल की ट्रेनिंग के लिए बरेली गए थे। इसी दौरान 16 फरवरी को कार दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका उपचार राम किशन सेवा आश्रम हरिद्वार में चल रहा था, जहां शनिवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

महेश सिंह राणा।

हरिद्वार से रविवार को हेड कांस्टेबल हेमराज सिंह, अनुपम सिंह और महेश सिंह मृतक का पार्थिव शरीर लेकर उनके आवास चकरपुर पहुंचे, जहां पत्नी सुविता सहित परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के एक पुत्र प्रिंस और पुत्री रिया हैं। यूपी पुलिस के हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना पर चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांश जोशी समेत पुलिस कर्मियों ने आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए बनबसा के शारदा घाट ले जाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ सलामी देने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुखाग्नि पुत्र प्रिंस व भतीजे कार्तिक ने दी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संदीप सिंह राणा, सुरेश चंद, विनोद राजपूत, अजय सिंह अज्जू, किशन चंद कुक्कू, राजेंद्र पंत, पूरन सिंह राणा, कमल खनका, सचिन राणा आदि मौजूद थे।

70 पाउच कच्ची शराब समेत महिला तस्कर को दबोचा

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने 70 पाउच अवैध कच्ची शराब समेत महिला शराब तस्कर को दबोच लिया। आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव के दृष्टिगत एवं पुलिस मुख्यालय स्तर से प्रचलित ऑपरेशन प्रहार के तहत शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई कर वार्ड नंबर 3 टैगोर नगर निवासी 52 वर्षीय महिला शराब तस्कर मिनती राय पत्नी शंकर राय को गिरफ्तार किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

खटीमा में उतरवाए बैनर वॉल पेंटिंग को पुतवाया

खटीमा। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के साथ ही निर्वाचन अधिकारी/ उपजिलाधिकारी रवींद्र सिंह बिष्ट के निर्देशन में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों को हटाने का काम रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। वहीं वॉल पेंटिंग को भी साफ करने में कर्मचारी जुटे रहे। लोकसभा चुनाव की तिथियों के क्रम में उत्तराखंड में पहले ही फेस में चुनाव को देखते हुए प्रशासन पूरी मुस्तैदी से सफाई अभियान शुरू कर किया है। एसडीएम के निर्देशन में नगरपालिका के कर्मचारियों ने रविवार को नगर छेत्र के सभी मुख्य मार्गों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरकारी संपत्तियों, विद्युत पोलों पर लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाने का काम जारी रखा। कर्मचारियों द्वारा जगह-जगह दीवारों पर की गई वॉल पेंटिंग को भी मिटाने और पुताई का काम किया गया। इस अभियान में विजय सिंह राणा, विजय कुमार, खुशबुद्दीन खान, संजय कुमार आदि शामिल रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोग के निर्देशों का सख्ती से करें पालन

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन न होने पर होगी कार्रवाई

तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा होने के बाद नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार ही कराई जाएगी। प्रत्याशी को भी आयोग की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है। नियमों के विरुद्ध कार्य करने पर कार्रवाई की जाएंगी।

डीएम उदयराज सिंह।

रविवार को पत्रकार वार्ता में डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि 20 मार्च से 27 मार्च तक नामांकन की प्रक्रिया होगी और नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 28 मार्च व नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च घोषित की गई है। बताया कि मतदान 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को होगा तथा मतगणना चार जून को होगा। बताया कि इस बार फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के अलावा आयोग द्वारा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक एवं डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई के द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख, केंद्र व राज्य सरकार सार्वजनिक उपक्रमों,सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों के द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद, विधायक, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी विशिष्ठ दिव्यांगता फोटो पहचान पत्र के तहत मतदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आयोग के आदेशों की अवलेहना करने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

बाजपुर तहसील में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा करते रिटर्निंग ऑफिसर आरके तिवारी।

आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करवाएं

बाजपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने एफएससी, एफएसटी टीमों के साथ ही राजस्व व पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करवाने की बात कही गई। इसके अलावा मतदाताओं में विश्वास पैदा कर मत प्रतिशत बढ़ाने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने का आह्वान किया गया। रविवार को तहसील कार्यालय सभागार में बैठक में स्थानीय निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आरसी तिवारी ने संवेदनशील व अतिसंवेदनशील एवं सामान्य बूथों पर जरूरी आधारभूत जरूरतों की व्यवस्था समय से दुरुस्त करवाने, धारा 144 व आदर्श आचार संहिता का हर हाल में अनुपालन करवाने, दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं का चिह्नीकरण आदि के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, सीओ अन्न राम आर्य, बीडीओ बसंत बल्लभ जोशी, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, एसएसआई विनोद फर्त्याल, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, पंकज चौहान, लोनिवि के जेई राकेश पैंतोला, शिक्षक हरपाल सिंह, वाइके भगत, ललित मोहन जोशी सहित चुनाव से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दिनेशपुर में बैनर व पोस्टर उतारने में जुटे नगर पंचायत के कर्मचारी।

लाइसेंसी हथियार जमा न करने पर सख्ती शुरू

लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत पुलिस ने दिया था नोटिस, ढुलमुल रवैया अपनाने वालों पर कसा जाएगा शिकंजा

चौकसी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर हथियार जमा कराने को पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। लाइसेंसी हथियार धारक लोगों को पुलिस ने आचार संहिता के तहत उनके हथियार जमा करने के नोटिस जारी किये हैं। साथ ही निर्धारित तिथि में जमा नहीं करने पर निरस्तीकरण व कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

काशीपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत करीब 1300 लाइसेंसी हथियार धारक हैं, जिनको पुलिस ने नोटिस जारी कर अपने-अपने लाइसेंसी हथियार जमा करने के आदेश दिये थे। शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही देश के साथ प्रदेश में भी आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके बाद पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया और उसने लाइसेंसी हथियार जमा कराने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। पूर्व में भेजे नोटिस के आधार पर अभी तक मात्र 10 से 20 प्रतिशत ही लोगों ने अपने हथियार जमा किये हैं, जिनमें से कुछ ने थानों में, तो कुछ ने गन हाउस में हथियार जमा करा उसकी पर्ची संबंधित चौकी क्षेत्र में मुहैया करा दी है। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके तहत लाइसेंसी हथियार जमा कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। संबंधित थानों से लाइसेंसी हथियार धारकों को हथियार जमा करने के नोटिस भी जारी हो चुके हैं। निर्धारित समय तक हथियार जमा नहीं करने वालों के खिलाफ निरस्तीकरण व कानूनी कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

10 से 20 प्रतिशत लोग अब तक करा चुके हैं हथियार जमा जिनमें से कुछ ने थानों तो कुछ ने गन हाउस से पर्ची लेकर संबंधित चौकी क्षेत्र में मुहैया करा दी है

1300 लाइसेंसी हथियार हैं काशीपुर कोतवाली क्षेत्र में, निर्धारित समय तक जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी

काशीपुर के टांडा उज्जैन क्षेत्र में वाहन चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस की सख्ती बढ़ी, वाहनों की तलाशी लेकर संदिग्धों से की पूछताछ

काशीपुर। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। जिसको लेकर पुलिस ने जिले और राज्यों की सीमा पर भी पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है। आने जाने वाले वाहनों की पुलिस तलाशी कर रही है। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ में भी लगी है। रविवार को पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए बॉर्डर सहित शहर में भी चेकिंग अभियान चलाया। टांडा उज्जैन चौकी पुलिस ने सीपीयू कर्मियों के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए बगैर हेलमेट फर्राटा भरने वाले दर्जनों वाहनों के चालान काटते हुए उन्हें सख्त हिदायत दी। वहीं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग भी की। इस दौरान पुलिस अराजक तत्वों से निपटने को पूरी तरह तैयार नजर आ रही है। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि बॉर्डर पर चेकिंग अभियान चल रहा है। संदिग्धों पर पुलिस नजर रखी जा रही है। कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

बैनर और पोस्टर हटाने का अभियान दूसरे दिन भी जारी

अभियान

- नगर निगम ने राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाए
- आचार संहिता के बाद पहले दिन भी बड़ी संख्या में बैनर हटाए गए थे

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही नगर निगम का राजनीतिक पार्टियों के बैनर, पोस्टर हटाने का अभियान लगातार जारी है। पहले दिन बड़ी संख्या में बैनर पोस्टर हटाने के बाद रविवार को भी टीम ने बैनर पोस्टर हटाए।

रविवार को आचार संहिता के तहत नगर निगम की टीम ने कुंडेश्वरी रोड, रतन सिनेमा रोड, अलीगंज रोड, दढ़ियाल रोड, रामनगर रोड व बाजपुर रोड आदि स्थानों से राजनीतिक पार्टियों के बैनर व पोस्टर हटाये। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत आचार संहिता लागू होते ही सभी राजनीतिक पार्टियों से संबंधित बैनर व पोस्टर हटाने शुरू कर दिये हैं। निगम का यह अभियान लगातार जारी है। इस दौरान टीम में कर एवं राजस्व निरीक्षक जगदीश सैनी, वेद प्रकाश सैनी, अब्दुल सलीम आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में दूसरे दिन भी बैनर पोस्टर हटाते निगम कर्मी। ● अमृत विचार

दिनेशपुर में भी हटाए होर्डिंग

दिनेशपुर। लोकसभा चुनाव की तिथि जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संगीता लागू हो गई है। नगर पंचायत व लोनिवि के कर्मचारियों ने नगर के अलावा कालीनगर, बंगालीमोड, चक्कीमोड़ व जाफरपुर बाजारों में लगे होर्डिंग व बैनर अभियान चलाकर विद्युत पोलों, सरकारी स्थान व भवनों पर लगे विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर व झंडे आदि सामग्री को उतारने में जुट गए हैं। इस मौके पर चुनाव प्रभारी देव कुमार सिंह के नेतृत्व में दिलीप मंडल, प्रताप मंडल, नव कुमार, मुकेश कुमार, सुपरवाइजर संदीप कुमार, संजय कुमार, अंकित राय आदि सहित लोनिवि के कर्मचारी शामिल थे।

नेपाल सीमा पर भी चौकस हैं एजेंसियां

बढ़ाई गश्त

- नेपाल और यूपी सीमा पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान
- एसएसबी के जवानों की नेपाल आने जाने वालों पर कड़ी नजर

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के साथ ही भारत नेपाल सीमा और उत्तर प्रदेश सीमा छेत्र में पुलिस ने रविवार को गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सीमा पर तैनात सशस्त सीमा बल ने भी गश्त और चेकिंग तेज कर दी है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा और उत्तराखंड में पहले ही फेस में कराए जाने वाले मतदान को देखते हुए पुलिस प्रशासन तत्काल चुनावी मोड में आ गया है। पुलिस ने बाहरी क्षेत्र से आने जाने वाले वाहनों की गहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आज रविवार को भारत नेपाल सीमा से लगे झनकइया थाना क्षेत्र में उप निरीक्षक मनोज देव, उपनिरीक्षक रूबी मौर्य और कांस्टेबल राजेंद्र ओली द्वारा पूरनपुर, माधोटांडा के साथ ही गभिया, नौजलिया, रामनगरा, बोडीभुद, सुंदरनगर आदि क्षेत्रों से आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया।

अलबत्ता इस अभियान में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। उधर उत्तर प्रदेश सीमा पर सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने अपनी टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इधर भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों द्वारा गश्त बढ़ाने के साथ ही नेपाल से आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

खटीमा से आने जाने वाले वाहनों की झनकइया क्षेत्र में चेकिंग करती पुलिस।

तमंचा लेकर टशन दिखाने का आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर। सिडकुल चौकी इलाके में तमंचा लेकर टशन दिखा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ 16 मार्च की शाम को लोकसभा चुनाव को लेकर वाहन चेकिंग कर रहे थे कि अचानक मुखबिर सूचना दी कि टांडा तिराहे हल्द्वानी मोड़ पर एक युवक तमंचा लहराते हुए टशन दिखा रहा है, जिसकी वजह से लोग भयभीत हो रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस को देख आरोपी युवक भागने लगा,तो पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश पाल निवासी गोल मढैया ट्रांजिट कैंप बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि वह तमंचा हमेशा अपने पास रखता है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन	हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)	1) ऐशरमैन का इलाज
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)	2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)	3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच	4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन	5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन	

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

वार्ता — कोतवाल ने श्रमिकों को दिया आचार संहिता का हवाला, 105 दिन से श्रमिक मांगों को लेकर आंदोलित हैं

आंदोलित श्रमिकों को गांधी पार्क खाली करने का अल्टीमेटम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही पुलिस प्रशासन ने भी सख्त रवैया अपनाना शुरू कर दिया है। गांधी पार्क में पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे श्रमिकों को हटाने कोतवाल पुलिस बल के साथ पहुंचे। आचार संहिता का हवाला देते हुए धरना समाप्त करने का आदेश दिया। मगर श्रमिक नहीं माने। जिस पर माहौल गरमाने लगा। बाद में पुलिस ने एक घंटे का अल्टीमेटम ने देकर लौट गई।

बताते चले कि गांधी पार्क में पिछले 105 दिन से सिडकुल की टीवीएस लुकास कंपनी के श्रमिक कुछ मांगों को लेकर आंदोलित हैं और गांधी पार्क में धरना दे रहे हैं। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही रविवार को कोतवाल धीरेंद्र कुमार पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और आचार संहिता का हवाला देते हुए धरना समाप्त करने की बात कही। जिसे सुनकर श्रमिकों का पारा चढ़ गया और गहमागहमी के बाद श्रमिकों ने आपसी बैठक कर निर्णय ले ने की बात कही। उनका कहना था कि कई माह से धरना देने के दौरान कोई भी पुलिस प्रशासन एवं प्रशासन का नुमाइंदा नहीं आया और कंपनी प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ कार्रवाई न हीं। बावजूद इसके शांतिपूर्वक ढंग से आंदोलन कर रहे श्रमिकों को बलपूर्वक हटाने का विरोध किया जाएगा। जिस पर कोतवाल ने एक घंटे का अल्टीमेटम देकर गांधी पार्क को खाली कराने की चेतावनी दी।

आंदोलित श्रमिकों से वार्ता करते कोतवाल धीरेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

एक नजर

लेह लद्दाख में तैनात जवान का निधन

संतोष कुमार जोशी।

खटीमा। लेह लद्दाख में तैनात 2 नागा रेजिमेंट के हवलदार का लेह में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। पार्थिव शरीर सोमवार सुबह घर पहुंचने की संभावना है। पचौरिया चकरपुर निवासी हवलदार संतोष कुमार जोशी (46) पुत्र कृष्णानंद जोशी लेह लद्दाख में तैनात थे, जहां उनका निधन हो गया है। पूर्व ग्राम प्रधान मोहन जोशी ने बताया कि हवलदार जोशी छुट्टी पर घर आए थे और छुट्टी काटकर 12 फरवरी को ही ड्यूटी पर गए। वह 29 नवंबर 1999 को रानीखेत से 2-नागा रेजीमेंट में भर्ती हुए थे जो नवंबर 2025 में सेवानिवृत होने वाले थे। वह अपने पीछे पत्नी माया जोशी, दो पुत्र मयंक (18) और नवल (15) वर्ष को छोड़ गए हैं।

60 लीटर अवैध कच्ची शराब की तस्करी में दबोचा

किच्छा। पुलिस ने एक युवक को 60 लीटर अवैध कच्ची शराब की तस्करी करने के आरोप में दबोच लिया। जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मूल रूप से ग्राम घड़िया रंगीन, थाना घड़िया, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान में पप्पू नर्सरी के निकट, ग्राम महाराजपुर, थाना किच्छा निवासी 21 वर्षीय यश कुमार को ग्राम कनकपुर में शराब की कसीदगी करते दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर ली, जबकि दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

काशीपुर सब्जी मंडी में कूड़े के ढेरों से उठ रही दुर्गंध, लोग हो रहे परेशान

मक्खियां भिनभिनाने से व्यापारी परेशान, खरीदारों का निकलना हुआ दूभर

लाइव पड़ताल

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर शहर की सफाई व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। कूड़ा उठाने को दर्जनों वाहन, कर्मचारी लगाने के बाद भी सब्जी मंडी सहित कई जगहों पर कूड़ा समय पर नहीं उठाया गया। इससे नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल तो खुल रही है। कूड़े से दुर्गंध आने व मक्खियां भिनभिनाने से व्यापारियों व राहगीरों को परेशान का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार को अमृत विचार अखबार की टीम ने शहर की सफाई व्यवस्था का हाल जाना, 11:40 मिनट पर नई सब्जी मंडी के पास कूड़ा पड़ा रहा। यही हाल तब हैं जब सब्जी मंडी में दिन भर लोगों की भीड़ रहती है और सामने पुलिस चौकी भी है, 12: 10 बजे अल्लीखां रोड के आस-पास भी कूड़ा पड़ा दिखा। कई वार्डों में सफाई का इंतजाम ठीक नहीं रहा। वार्ड नंबर 40 में तो बरसाती नाले को ही कूड़ादान बना दिया गया है। लोगों का कहना है कि कूड़ा उठाने में लापरवाही हो रही है। वहीं प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष प्रभात साहनी ने बताया कि सफाई व्यवस्था को बेहतर करने को निगम के अफसरों से कहा जाएगा। हालांकि निगम के अफसरों का कहना है कि दिन में दो बार कूड़ा बाजार से उठाया जाता है। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि कूड़ा क्यों नहीं समय पर उठाया गया है, मामले की जानकारी लेकर समस्या का निस्तारण कराएंगे।

अल्लीखां रोड के समीप पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार

कूड़े से मवेशियों को भी खतरा

काशीपुर। शहर में जगह-जगह कूड़ा पड़ा रहने से आम लोगों के साथ ही मवेशियों को भी खतरा हो रहा है। सब्जी मंडी के पास पड़े कूड़े के ढेर में दिन भर गाय खाने की वस्तु खोजती दिखी। यही हाल अन्य जगहों पर भी रहा। आवारा कुत्तों का झुंड भी इन्हीं कूड़ों के ढेरों के आस-पास में दिखा। इससे मवेशियों के साथ ही कुत्तों को भी खतरा हो रहा है। मवेशियों व कुत्तों में कई प्रकार की बीमारियां फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि नगर निगम के आयुक्त विवेक राय ने बताया कि वह खुद सफाई की व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है। कूड़ा देरी से उठने की वजह का पता लगाया जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी होगी।

बोले लोग

समय पर कूड़ा नहीं उठने से नालियों में कूड़ा चला जाता है। इससे पानी की निकासी नहीं हो पाती है।
-अशोक कुमार, स्थानीय निवासी

कूड़ा दिन में दो बार उठाया जाता है। देर होने से गंदगी रहती है। इससे कूड़े पर भिनभिना रही मक्खियों को देखकर लोग फल खरीदने से भी बचते हैं। **-जाकीर हुसैन**, फल विक्रेता

कूड़े का ढेर लगने से बाजार में उसका असर दिखता है। दुर्गंध आने से बुरा हाल हो जाता है। सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। **-राहत अली**, मसाला विक्रेता।

चोरी की सिगरेट के 1200 पैकेट के साथ दो गिरफ्तार

शक्तिफार्म। अपने ही मालिक की दुकान से चोरी करने वाले युवक व उसके साथी को पुलिस ने 80 हजार रुपये की सिगरेट के साथ गिरफ्तार कर लिया।

बीते सप्ताह पहले एक युवक ने टिन सेड को तोड़कर अपने ही मालिक की दुकान से हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली। मालिक को शक होने पर उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर ग्रामसभा निर्मलनगर निवासी शिशिर साना (19) पुत्र शिवपद साना और उसका अन्य साथी वार्ड नंबर तीन निवासी यश सरकार (20) पुत्र शुभ्रांशु सरकार को 80 हजार के विभिन्न ब्रांड के 1200 पैकेट सिगरेट के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर न्यायालय में पेश किया।

दुकान स्वामी केशव अग्रवाल ने बताया कि शिशिर पिछले तीन वर्षों से उसकी दुकान पर कार्यरत था और इस दौरान वह लगातार छोटी मात्रा में चोरी करता रहा लेकिन भनक नहीं लग सकी। उन्होंने बताया कि बीते सप्ताह पहले उसने बड़ी मात्रा में विभिन्न ब्रांडों के सिगरेट के डब्बे गायब कर दिए। जिस पर शक होने के बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दर्ज कराई।

सार-संक्षेप

नानकमत्ता में हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस को स्मृति चिन्ह भेंट भेंट करते हरबंश सिंह चुघ व अन्य।

हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस ने गुरुद्वारे में मत्था टेका

नानकमत्ता। हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस रितु बाहरी ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में मत्था टेका और प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को चीफ जस्टिस ने गुरुद्वारा में सुख समृद्धि की कामना की और लंगर का प्रसाद चखा। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरबंश सिंह चुघ तथा महासचिव अमरजीत सिंह ने सम्मानित कर उन्हें सरोपा व हरमंदिर साहिब को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर जोगिंद्र सिंह, हरभजन सिंह, प्रभारी प्रबन्धक सुखबन्त सिंह भुल्लर आदी सामिल थे।

टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव 20 को

काशीपुर। टैक्स बार एसोसिएशन काशीपुर के विभिन्न पदों के लिए चुनाव 20 मार्च को होगा। टैक्स बार एसोसिएशन काशीपुर की एक बैठक मानपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई, जिसमें कार्यकारिणी के द्विवर्षीय चुनाव कराने के लिए नरेंद्र कुमार रस्तोगी को मुख्य चुनाव अधिकारी एवं विपिन कुमार एड को सहायक चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है, जिसके बाद चुनाव अधिकारियों ने कार्यक्रम घोषित कर दिया है। रस्तोगी ने बताया कि चुनाव हेतु नामांकन 18 मार्च को उनके मानपुर रोड कार्यालय पर प्रात: 10 बजे से अपराह्न 02 बजे जमा किए जा सकेंगे। 19 मार्च को नामांकन पत्र वापसी के बाद 20 मार्च को सांय 6 बजे से 07 .30 बजे तक रामनगर रोड स्थित एक होटल में मतदान होगा। उसी दिन मतगणना के उपरांत परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

सफाई अभियान चलाते एनएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

आरोग्य मंदिर के आसपास सफाई कर पौधों की गुड़ाई की

जसपुर। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नादेही में चल रहे आरएलएसएम डिग्री कॉलेज किशनपुर, जसपुर के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के तृतीय दिवस स्वयंसेवकों ने प्रार्थना, लक्ष्य गीत, संकल्प गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद आरोग्य मंदिर के आसपास और प्रांगण में सफाई अभियान चलाया तथा पौधों की निराई गुड़ाई की। मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें ललिता प्रथम, अंजु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंध समिति के सचिव इंजीनियर विनय कुमार चौहान, डॉ भुवनेश कुमारी, डा. अशोक दत्त नौटियाल, सुभाष चन्द्र, दीपक कुमार चौहान, भवान सिंह राणा, शिवानी चौहान, प्रीति, ईशा शर्मा, दीपिका ज्योति, अंशिका, अतुल, दीपांश आदि मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

खटीमा। चार दिन पूर्व श्रीपुर बिछुआ में पोती को स्कूल बस में बैठाने को सड़क किनारे खड़ी वृद्धा को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी जिसकी बाद में मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली है। नगरा तराई निवासी दान सिंह धामी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी सास हरना देवी पत्नी जीत सिंह 13 मार्च को श्रीपुर बिछुआ में अपनी पोती याशिका पुत्री प्रेम सिंह बिष्ट को स्कूल बस में छोड़ने के लिए घर के पास सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी और बाइक छोड़कर फरार हो गया।उसकी सास ने राम मूर्ति अस्पताल भोजीपुरा पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया था।

किच्छा में बाइक और स्कूटी चोरी

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में चोरों ने एक मोटर साइकिल एवं एक स्कूटी पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में रेलवे कॉलोनी, बेदी मोहल्ला, किच्छा निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों ने 15 मार्च की सुबह करीब 4 बजे घर के दरवाजे पर लॉक लगाकर खड़ी की गई बाइक को चुरा लिया। दूसरे मामले में नगर निवासी सुमित सिंह ने बताया कि उसकी बहन सुनीता स्कूटी से 10 मार्च की रात करीब 8 बजे बाजार गई थी। इस दौरान महाराणा प्रताप चौक के निकट स्कूटी खड़ी कर दी और सामान लेने चली गई। कुछ देर बाद जब वह स्कूटी लेने पहुंची तो स्कूटी चोरी हो चुकी थी।

समागम में गुरुवाणी सुनकर हो रहे निहाल

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में तीन दिवसीय गुरुमत संत समागम शुरू हो गया। इसमें देश भर से हजारों की संख्या में संगत व रागी जत्थे पहुंचने लगे हैं। इस दौरान लोग गुरुवाणी सुन अमृत से निहाल हो रहे हैं।

तराई क्षेत्र का पहली बार गुरुमत संत समागम का आयोजन काशीपुर चैती स्थित गोराया फार्म में आयोजन किया जा रहा। तीन दिन तक चलने वाले इस समागम में देशभर के रागी जत्थे सहित अकालतख्त के जत्थेदार भी इसमें शामिल हो रहे हैं। गुरुमत संत समागम के आयोजक बाबा गुरूपदेश देव सिंह ने बताया कि वर्ष 2024 में खालसा पंथ की स्थापना को 325 साल पूरे हो गए, जिसके उपलक्ष्य में इस समागम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत पहले दिन दीवान चल रहा है। वहीं दूसरे दिन बसंत राग के प्रति प्रदर्शन होगा, जिसमें बसंत के रंग चढ़ेगा और बसंत की व्याख्या की जाएगी, जिसका नाम बसंत दरबार है। तीसरे दिन गुरु गोविंद सिंह महाराज के अमृत संचार होगा। उधर खालसा समाज सेवा समिति के बैनर तले समागम स्थल पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया, जिसमें करीब शाम तक 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

गुरुमत संत समागम में प्रवचन सुनतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

पर्यावरण संरक्षण के प्रति किसी भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया

संवाददाता, रुद्रपुर

धरना देता छात्र चंदन।

अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण को लेकर दो फरवरी से आंदोलन पर्यावरण मित्र सोनम वांगचुक के समर्थन में बीए का छात्र चंदन उतरा और चौबीस घंटे तक धरना देकर अपना समर्थन दिया। छात्र का कहना था कि पर्यावरण संरक्षण की ओर किसी भी सरकार या व्यक्ति का ध्यान नहीं दिया है। ऐसे में पर्यावरण मित्र आंदोलित सोनम के आह्वान पर धरना देने का निर्णय लिया है।

बताते चलें कि 18,380 फिट की ऊंचाई पर स्थित खारदुंग लद्दाख की रहने वाली सोनम वांगचुक पर्यावरण को लेकर दो फरवरी से भूख हड़ताल पर बैठ गई थीं। प्रशासन के दबाव के बाद सोनम ने भूख हड़ताल का निर्णय छोड़कर धरना शुरू कर दिया था।

बताया जा रहा है कि दो दिन पहले सोनम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना संदेश देते हुए देश भर के युवाओं को पर्यायवरण को लेकर एक दिवसीय धरना देने का आह्वान किया था। जिसका समर्थन करते हुए अल्मोड़ा के रहने वाले बीए तृतीय के छात्र चंदन सिंह नेगी शनिवार को गांधी पार्क में अपना धरना शुरू किया और रविवार की शाम को समाप्त करने का ऐलान किया। छात्र ने ऐलान किया था कि सोनम का समय समय पर अपना समर्थन दिया जाता रहेगा और युवाओं को प्रेरित किया जाएगा।

देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मांगपत्र सौंपते तुरैहा समाज के लोग।

तुरैहा और उपजातियों की जनगणना को सीएम से मिले

बाजपुर। तुरैहा, कश्यप व मछुआरा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने अखिल भारतीय तुरैहा समाज उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष हीरा लाल तुरैहा की अगुवाई में शनिवार को देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। साथ ही समाज के उत्थान के लिए समाज को एससी में शामिल करने समेत कई मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तुरैहा व उपजातियों की जनगणना करवाने व अनुसूचित जाति का दर्जा देने, मत्स्य विभाग में विभिन्न पदों पर समाज के लोगों को मनोनीत करने, आयोग का गठन करने, सरकार में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, ग्रामीण क्षेत्र में अतिक्रमण से मुक्त कराए गए तालाब मत्स्य पालन के लिए समाज के लोगों को देने, समाज के मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क उच्च शिक्षा दिलवाने, भूमिहीन परिवारों को पट्टे आवंटित करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल कश्यप, भगवान दास कश्यप, पवन कुमार कश्यप, धर्मपाल सिंह कश्यप एडवोकेट आदि शामिल रहे।

गुरुमुख जनम संवार दरगे चलिया...

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: तराई को आबाद करने वाली प्रथम पीढ़ी की माता बलवीर कौर को श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान का स्मरण किया।

रविवार को कोसी फार्म में अखंड पाठ के भोग के उपरांत माता बलवीर कौर की याद में समागम का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध भाई दर्शन सिंह के रागी जत्थे द्वारा कीर्तन कर कहा कि गुरुमुख जनम संवार दरगे चलिया, सच्ची दरगह जाए सच्चा पिंड मिलिया..., मत मैं पिछै कोई रोब सी, सो मैं मूल न पाया..., कहा गया- देहों सज्जन आसीसडिया जियो होवे साहिब सो मेल..., जेहा चीरी लिखिया तेहा हुक्म कमाया घल्ले आवे नानका सद्दे उठी जाए... आदि शब्द गायन किए गए। इस दौरान कथा करते हुए भाई दर्शन सिंह ने कहा कि माता बलवीर कौर गुरुसाहिब को प्यार करने वाली थी। उन्होंने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का प्रकाश घर में ही करा रखा था जिसके चलते उनके निवास पर प्रतिदिन गुरुवाणी का प्रकाश होता था। उनकी शिक्षा का प्रभाव परिवार पर भी है, ऐसे गुरुमुख परिवार की माताजी को निश्चित रूप से गुरु साहिब की दरगाह में स्थान मिलेगा। इस मौके पर गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय, हरवीर सिंह गिल, किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख जोराबर सिंह भुल्लर, राणा इंदरपाल सिंह, बल्देव सिंह बड़ैच, हरमीत सिंह बड़ैच, सतनाम सिंह रंधावा, अमृत ढिल्लो, राजेंद्र सिंह गिल, अशोक गोयल, विक्की रंधावा, दलजीत सिंह रंधावा, सुरेंद्र सिंह ढिल्लो, मलकीत सिंह, मंजीत सिंह, सतेंद्र पाल सिंह, सुखजीत सिंह पूनिया आदि ने श्रद्धांजलि दी।

बाजपुर कोसी फार्म में कीर्तन करता भाई दर्शन सिंह का रागी जत्था। ● अमृत विचार

गौला नदी में पुल स्वीकृत होने पर जताया आभार

शांतिपुरी। क्षेत्र वासियों की लंबी प्रतीक्षा के बाद सूर्यनगर शांतिपुरी के मध्य गौला नदी पर पुल निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। शांतिपुरी होते हुए रुद्रपुर व सितारगंज सिडकुल को जोड़ने वाले इस पुल के निर्माण की मांग लंबे समय से उठती रही है, जिसके लिए पूर्व में दो-दो मुख्यमंत्रियों ने पुल निर्माण की घोषणाएं की थीं। जिसका कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शासन स्तर पर पुल निर्माण हेतु जोरदार पहल कर न केवल इसकी स्वीकृति कराई बल्कि पुल निर्माण के लिए 38.15 लाख की पहली किस्त भी जारी कर दी है। इस पुल के बन जाने से करीब दो दर्जन से अधिक गांवों के चार लाख लोगों को फायदा पहुंचेगा। जिसके लिए भाजपा युवामोर्चा के बरा मण्डल अध्यक्ष आकाश मेहता व दर्जनों ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया।

ठेला लगाने को लेकर भिड़े सगे दो भाई

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप में ठेला लगाने को लेकर दो सगे भाई आपस में भिड़ गए और दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप निवासी सुरेश कुमार और कृष्ण कुमार परिवार के साथ रहते है और ठेला लगाकर जीवि का चलाते है। बताया जा रहा है कि रविवार को ठेला लगाने को ले कर दोनों भाइयों में कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई में बदल गय। दोनों ने एक दूसरे पर हाथापाई करने का आरोप लगाते हुए पांच हजार रुपये की नकदी छीनने का आरोप लगाया और चोटिल होने के बाद मेडिकल परीक्षण कर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

चरनजीत कौर के स्वर्गवास पर शोक

बाजपुर। तराई को आबाद करने वाली प्रथम पंक्ति की सरदानी चरनजीत कौर पत्नी जोगेंद्र सिंह का स्वर्गवास रविवार की प्रात: हो गया। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया। माता चरनजीत कौर का अंतिम संस्कार सोमवार को प्रात: 11 बजे ग्राम संतोषपुर में किया जाएगा। यह जानकारी उनके भतीजे पूर्व ग्राम प्रधान गुरदीप सिंह उर्फ बिल्लू द्वारा जागरण को दी गई है।

माता चरनजीत कौर।

अपील

बीस गांवों के किसान भूमि के मालिकाना हक को वापस लेने के लिए आठ माह से कर रहे आंदोलन

आंदोलन स्थगित कर किसान मतदान में सहयोग करें

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि से छीने गए मालिकाना हक को वापस लेने के लिए पिछले करीब आठ माह से तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन अब निजी स्थान पर संचालित होगा।

यह निर्णय लोकसभा चुनाव की वजह से चुनाव आचार संहिता की वजह से लिया गया है। इधर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आंदोलन स्थल तहसील परिसर पहुंचकर किसानों से वार्ता आंदोलन को 6 जून तक के लिए स्थगित करने की बात कही। साथ ही आचार संहिता की नियमावली से भी अवगत कराया। प्रशासन की ओर से आंदोलन स्थगित किए जाने को लेकर किसानों की हुई बैठक में तय किया गया कि आचार संहिता के नियमों का पालन कर आंदोलन जारी रखा जाएगा। पूर्व में घोषित किसानों की महापंचायत के संदर्भ में किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने बताया कि इस संबंध में शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्णय लिया लाएगा। स्थानीय स्तर पर आंदोलन को पूर्व की भांति विधिवत जारी रखने का निर्णय लिया गया है। वहीं रविवार की सायं करीब पांच बजे आंदोलन स्थल पर पहुंचे एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी व तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने किसानों से वार्ता की तथा अपील करते हुए आंदोलन स्थगित करने को कहा गया। एसडीएम ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के उपरांत किसी भी जगह आंदोलन चलाया जा सकता है या नहीं इस बारे में उच्चाधिकारियों से दिशा-निर्देश प्राप्त किए जा रहे हैं। वहीं उन्होंने चुनाव बहिष्कार नहीं करने तथा आंदोलन स्थगित कर मतदान में सहयोग की अपील की है। इस मौके पर भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पट्ट, भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, कुलवीर सिंह, गुरप्रताप सिंह काका, प्रताप सिंह संधू, सन्नी खैरा, जसमीत सिंह भुल्लर, राजकिशोर सिंह आदि मौजूद रहे।

बाजपुर तहसील परिसर में आंदोलनकारी किसानों से वार्ता करते एसडीएम आरसी तिवारी। ● अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
YAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

एक नजर

भैंस के मांस के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा। उत्तराखंड गो संरक्षण स्क्वायड टीम ने अवैध रूप से मांस तस्करी किए जाने की सूचना पर छापामार कार्रवाई कर भारी मात्रा में भैंस का मांस तथा कटे हुए अंग बरामद कर लिए। पुलिस ने एक आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। टीम को सूचना मिली कि कुरैशी मोहल्ला, वार्ड नंबर 15 निवासी एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के आंगन में अवैध रूप से भैंस का वध किया जा रहा है। टीम बताए गए पते पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से 200 किलो भैंस का मांस बरामद कर लिया। टीम ने आरोपी सलमान को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मृगेश चौधरी मौके पर पहुंचे और मांस का सैंपल लेकर सील कर जांच के लिए लैब भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

विश्वविद्यालय ने बरेली कॉलेज को 71 रन से हराया

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मैदान में रविवार को विश्वविद्यालय एकादश और बरेली कॉलेज एकादश के बीच क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें विश्वविद्यालय ने 71 रन से जीत हासिल की। विश्वविद्यालय की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 229 रन बनाए जिसमें कमल सिंह ने 106 रन बनाए।

10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी किसानों की आय

आईआईएम काशीपुर के अध्ययन में हुआ खुलासा, 2100 से अधिक किसानों का जुटाया गया आंकड़ा

आईआईएम काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम में रिपोर्ट जारी की गई। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कोदो कुटी (मिलेटस) की फसल पर जोर देने से उत्तराखंड में 75 प्रतिशत किसानों की वार्षिक आय 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच बढ़ गई है। भारतीय प्रबंधन संस्थान, काशीपुर ने 2,100 से अधिक किसानों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला है।

चार वरिष्ठ प्रोफेसरों और पांच डेटा संग्राहकों ने किया गया छह माह का अध्ययन में उत्तराखंड में बाजरा उत्पादन, इसके सामाजिक आर्थिक प्रभाव और विपणन चुनौतियों का एक अनुभवजन्य विश्लेषण रविवार को आईआईएम ने कार्यक्रम जारी किया। रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्र और राज्य सरकार के हालिया दबाव ने बाजार में बाजरा फसलों की मांग पैदा की है, लेकिन किसान इससे अनजान हैं। इसके अलावा, अधिकांश किसान लाभ कमाने के बजाय स्वयं उपभोग के लिए बाजरा उगा रहे हैं। आईआईएम के सहायक प्रोफेसर शिवम राय कहते हैं। स्वयं उपभोग के लिए बाजरा उगाने वाले अधिकांश किसान इसे चावल और गेहूं की तरह धन फसल के रूप में उपयोग नहीं कर रहे हैं। अध्ययन से पता चलता है कि बाजरा किसानों को समर्थन देने के लिए बनाई गई सरकारी योजनाएं और भाषा की बाधा के कारण निरर्थक हो रही हैं। प्रोफेसर राय ने कहा बाजरा एक टिकाऊ फसल है जो न केवल पौष्टिक स्वास्थ्यवर्धक है बल्कि भंडारण में भी आसान है और मिट्टी को नुकसान नहीं पहुंचाती है। अध्ययन में हितधारकों का समर्थन करने के लिए विभिन्न लघु और दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करने की सिफारिशें भी की गईं, जो किसानों और स्थानीय समुदाय के लिए एक लचीला और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करते हुए, उत्तराखंड में बाजरा उत्पादन और संवर्धन की क्षमता का दोहन करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। इस मौके पर शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, बाजरा विशेषज्ञों, किसानों और छोटे पैमाने के बाजरा उद्यमियों की उपस्थिति थी, जिन्होंने उत्तराखंड में कोदो कुटकी को लेकर काम किया है। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. पुष्पा लोहानी और डॉ. जितेंद्र क्वात्रा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे।

बाजरा का एमएसपी 35.78 रुपये किलोग्राम करने की घोषणा, लेकिन किसानों को जानकारी नहीं

डॉ. लोहानी ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में मड़वा किस्म की बाजरा फसल का एमएसपी 35.78 रुपये किलोग्राम करने की घोषणा की है, लेकिन किसानों को इसकी जानकारी नहीं है और वे बिचौलियों के हाथों मुनाफा खो रहे हैं, "भारत में मिलिट्स उगाने का इतिहास हड़प्पा सभ्यता में मिलता है जो भारत में हरित क्रांति तक जारी रही पर देश में आई हरित क्रांति के बाद किसान गेहूं और चावल उगाने पर ज्यादा ज़ोर देने लगे। उर्वरकों की मदद से हमने अधिक चावल और गेहूं उगाने में क्षमता पैदा कर ली थी पर हमने प्राचीन और पौष्टिक भोजन खो दिया। उन्होंने बताया कि हरित क्रांति के बाद बाजरा की भूमि खेती का क्षेत्र 40 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया। धारवाड़ में बाजरा किसानों पर कर्नाटक विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक शोध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों ने अपनी आय में दो गुना वृद्धि दर्ज की है। अनुसंधान परियोजना के निष्कर्ष बाजरा के उत्पादन, खपत और व्यावसायीकरण में संभावित बाधाओं की पहचान करने में मदद करते हैं। इससे उत्पादकों की आजीविका और बाजरा की आपूर्ति-मूल्य मांग में सुधार के लिए रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।

पिकअप बेच रुपये व वाहन दोनों लेकर फरार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : पिकअप बेचने के बाद धनराशि लेकर वाहन का पूर्व स्वामी धोखे से वाहन लेकर फरार हो गया। आरोप है कि जब पीड़ित ने वाहन के पूर्व स्वामी से वाहन वापस करने का आग्रह किया तो आरोपी ने गाली गलौज कर पीड़ित को गाड़ी तथा पैसे देने से इनकार कर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस को दी शिकायत में नई सुनहरी, वार्ड नंबर 11, किच्छा निवासी विक्की पुत्र सुंदरलाल ने बताया कि उसके द्वारा विगत 21 अक्टूबर 2023 को मारुति सुपर कैरी पिकअप वाहन का सौदा आवास विकास, किच्छा निवासी अविनाश सिंह पुत्र राजेश सिंह के साथ 2 लाख 20 हजार रुपए में किया था। पीड़ित विक्की ने बताया कि वाहन खरीदने के बाद उसने अविनाश सिंह को 2 लाख 1 हजार 500 रुपए की धनराशि अदा कर दी। जिसमें 1 लाख 36 हजार 500 रुपए ऑनलाइन तथा 65 हजार रुपए का भुगतान नगद अदा किए जाने पर अविनाश में गाड़ी विक्की को दे दी। पीड़ित ने बताया कि बकाया 18 हजार 500 रुपए की धनराशि वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रार्थी के नाम ट्रांसफर करने के बाद देना तय हुआ था। पीड़ित के अनुसार कई बार टोकने के बावजूद अविनाश की नियत में खोट के चलते उसके द्वारा वाहन को ट्रांसफर नहीं कराया गया और टाल मटोल करता रहा। पीड़ित का आरोप है कि 16 दिसंबर को पीड़ित का वाहन जब अरोड़ा अस्पताल के निकट खड़ा हुआ था तभी रात्रि के समय आरोपी अविनाश सिंह मौके पर पहुंचा और दूसरी चाबी लगाकर वाहन को मौके से ले गया। पीड़ित के अनुसार जब अगले दिन उसने अविनाश सिंह से संपर्क किया तो अविनाश ने अभद्रता करते हुए वाहन देने तथा दिए गए पैसे देने से इनकार कर दिया।

पीड़ित ने आरोपी पर धोखाधड़ी करने तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

वंदे भारत की टिकटों की बुकिंग रविवार से शुरू

बरेली, अमृत विचार : लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस की टिकटों की बुकिंग रविवार से शुरू हो गई। ट्रेन 26 मार्च से नियमित शुरू होगी। ट्रेन में बरेली से लखनऊ तक एक्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1585 रुपये और एसी चेयर कार में 910 रुपये का किराया लगेगा।

बरेली से मुरादाबाद तक एसी चेयर कार में 445 रुपये और एक्जीक्यूटिव क्लास में 840 रुपये, हरिद्वार तक एसी चेयर कार में 840 और एक्जीक्यूटिव क्लास में 1555, देहरादून तक एक्जीक्यूटिव क्लास में 1800 किराया है। राजधानी के अलावा अन्य ट्रेनों की तुलना में वंदे भारत का किराया दोगुना है। दूसरी ट्रेनों में थर्ड एसी का किराया 555 रुपये। राज्यरानी व एसी डबल डेकर में चेयर कार का लखनऊ तक किराया 435 रुपये है।

अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा

▸▸ **विस उपचुनाव के संभावित प्रत्याशियों के नामों पर भी चर्चा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस में लोकसभा प्रत्याशियों के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी भी घोषित किए जाएंगे। पार्टी में विधानसभा के लिए संभावित प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच, अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हो गई है।

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सभी राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के नामों को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। सभी दल चुनाव मैदान में मजबूत प्रत्याशी उतरने की जुगत में लगे हुए हैं। चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस जोड़-तोड़ में लगी हुई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश की 80 सीटों को लेकर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा एक सप्ताह में होने की संभावना है। इस बीच प्रदेश की खाली हुई विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है।

विधानसभा उपचुनाव लड़ने की इच्छुक दावेदार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर दिल्ली तक चक्कर काट रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस राजधानी लखनऊ पूर्व की खाली सीट पर जातीय समीकरण के अनुसार प्रत्याशी चुनाव मैदान में लाने की कवायद कर रही है।

सेनानी सम्मान से वंचित करना अनुचित

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम, 2016 के तहत लाभ का दावा करने वाली याचिका पर विचार करते हुए कहा कि केवल खराब चरित्र होने का आरोप किसी व्यक्ति को उक्त सम्मान के लाभ का दावा करने से वंचित नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने राशिद खान की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। याचिका में आयुक्त, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा और जिलाधिकारी, हमीरपुर के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने आगे कहा कि अधिनियम की धारा 3 के तहत राजनीतिक आधार के अलावा हिरासत में लिए गए किसी भी व्यक्ति पर यह अधिनियम लागू नहीं होता है। यह आंतरिक सुरक्षा रख रखाव अधिनियम, 1971 के तहत हिरासत में लिए लोगों पर ही लागू होगा।

चुनाव की तैयारियां पूरी करने के निर्देश

बैठक

▸▸ **जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए**

संवाददाता, चम्पावत

चम्पावत में बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लोक सभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही जिला स्तर पर निर्वाचन विभाग ने निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों को यथासमय पूर्ण करने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पाण्डे ने लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी को चुनाव आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए निर्वाचन में दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जो भी निर्देश दिए जाते हैं उसका शत प्रतिशत अनुपालन करना व कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान आपसी समन्वय से कार्य करने और किसी भी प्रकार की सूचना कंट्रोल रूम में समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दिव्यांगजन एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के जितने भी मतदाता हैं उन्हें फॉर्म 12 डी उपलब्ध कराए जाने के लिए टीम तैयार कर ली जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल निर्वाचन सामग्री को निर्देश दिए कि जो भी निर्वाचन सामग्री हैं, उनके बस्ते 2 दिन के भीतर तैयार कर लिए जाय,यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि कोई भी सामग्री न छुटे। सभी मतदेय स्थलों में आवश्यक न्यूनतम सुविधा पेयजल, विद्युत, सौचालय, सेड निर्माण एवं रैम्प की व्यवस्था हो। बैठक में नोडल कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमन्त कुमार वर्मा, नोडल व्यय सीमा बंगवाल, सीओ वंदना, डीडीओ दिनेश दिगारी आदि मौजूद रहे।

महिलाओं की कहासुनी में मारपीट, तीन लोग घायल

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : महिलाओं के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद मामला तूल पकड़ गया और दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया।

पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर 9 आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। न्यायालय के निर्देश पर दर्ज रिपोर्ट में ग्राम मेहराया, चौकी लालपुर, थाना किच्छा निवासी अंजुम बेगम पत्नी मोहम्मद नाजिम ने कहा कि विगत 15 सितंबर को उसकी ननद जरीना की परवीन बेगम पत्नी आसिम से मामूली कहासुनी हो गई थी। पीड़िता के अनुसार 17 सितंबर की रात्रि लगभग 10 बजे पीड़िता के जेठ नसीम खान ने अपने घर पर अपने सभी भाइयों और बहन को मिलने के लिए बुलाया था। आरोप है कि इसी दौरान अचानक ग्राम मेहराया, लालपुर निवासी बिलाल खान, परवीन, हिलाल खान, आसिम अहमद, इरशाद अहमद, कामिल अहमद, नईम अहमद, इफरा, रिफा एवं भोली द्वारा घर के बाहर आकर गाली गलौज शुरू कर दी।

पीड़िता के अनुसार शोर होने पर उसके जेठ हसीन खान, नदीम खान और पति नाजिम, ननद जरीना घर के बाहर निकल आए और देखा कि आरोपी बिलाल खान सहित तमाम लोग लाठी डंडों और धारदार हथियार लेकर घर के बाहर खड़े होकर हंगामा कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार जेठ एवं पति के बाहर निकलते ही आरोपियों ने उन पर हमला बोलकर मारना पीटना शुरू कर दिया। घटना में घायल पति नाजिम खान एवं जेठ हसीन खान व नदीम खान को घायल अवस्था में इलाज के लिए किच्छा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर अवस्था में सुशीला तिवारी हल्द्वानी रेफर कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके द्वारा 26 सितंबर को किच्छा कोतवाली पुलिस एवं 17 जनवरी 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को डाक के जरिए शिकायती पत्र भेजा गया। लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। फिलहाल न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

डमी उम्मीदवार का नाम वापस नहीं लेने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक समिति के सदस्य पद के चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सेंट्रल रीजन से पांच उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। पूर्व से घोषित चार के बजाय पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान होने के बाद घमासान मचा हुआ है। जबकि लघु उद्योग भारती ने अपने डमी उम्मीदवार का नाम वापस नहीं लिए जाने का आरोप लगाकर मामले को कोर्ट में ले जाने की चेतावनी दी है।

सेंट्रल रीजन में सीओए सदस्य के दो पदों के लिए चुनाव हो रहा है। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर एसोसिएशन व लघु उद्योग भारती ने दो-दो प्रत्याशियों को लड़ाने का ऐलान किया था। एमएचईए ने अवधेश अग्रवाल व डॉ. नीरज खन्ना, लघु उद्योग भारती (एलयूबी) ने अब्दुल अजीम व हेमंत जुनेजा के नाम का ऐलान किया था, लेकिन इनके अलावा एलयूबी से अंशुल अग्रवाल ने भी अपना नामांकन कर दिया। एमएचईए के महासचिव एवं सीओए पद के प्रत्याशी अवधेश अग्रवाल ने एलयूबी की ओर से तीन प्रत्याशियों का उतारा जाना आश्चर्यचकित कर देने वाला अप्रत्याशित कदम बताया है।

वहीं लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता जिम्मी का कहना है कि अंशुल अग्रवाल ने डमी उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया था। अंशुल ने नाम वापसी के दिन निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम वापस लेने की प्रक्रिया कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि किन्हीं कथित राजनीतिक कारणों के चलते जानबूझकर अंशुल की नाम वापसी को खारिज कर दिया गया।

स्वामी प्रसाद मौर्य लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

लखनऊ, अमृत विचार : राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना है। चर्चा है कि वह कुशीनगर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। इंडिया गठबंधन के तहत उनकी पार्टी को कुछ सीटें मिल सकती हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद बनी नई पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने मौर्य के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। तभी से इंडिया गठबंधन के तहत आरएसएसपी को कुछ सीटें मिलने की चर्चा चल रही है। प्रदेश में सीटों को लेकर अभी सपा व कांग्रेस के बीच समझौता हुआ है जिसमें कांग्रेस को 14 व सपा को 63 सीटें मिली हैं।

मेरठ में एमबीबीएस की 100 सीटें बढ़ेंगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मेरठ के लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें और आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में पीजी की 30 सीटें बढ़ेंगी। कॉलेज प्रशासन की मांग को स्वीकृत देते हुए राज्य सरकार ने बिल्डिंग विस्तार एवं अन्य संसाधनों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर दिया है।

मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें थीं। 2013 में सीटों की संख्या 150 कर दी गई। एमसीआई की टीम को 2019 में मेडिकल कॉलेज में मानक पूरे न नहीं मिले। इस पर 50 सीटें कम कर दी गईं थी। इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने 100 एमबीबीएस सीटें बढ़ाने के लिए परीक्षा ब्लॉक परिसर के विस्तार की मांग शासन से की थी। कॉलेज प्रशासन की मांग को शासन ने स्वीकृति देकर 3 करोड़ से ज्यादा का बजट भी जारी कर दिया है। अब मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटों की संख्या 200 हो जाएगी।

कॉलेज प्रशासन का कहना है कि बजट मिलने के बाद नवनिर्मित बिल्डिंग में छात्र-छात्राओं को बैठने की व्यवस्था के साथ मरीजों के लिए उपयोगी संसाधन जुटाए जायेंगे। मेरठ में कॉलेज प्रशासन का कहना है कि एमबीबीएस सीट बढ़ाने के लिए 2 करोड़ रुपये शासन से जारी किये जा चुके हैं। इसी प्रकार आजमगढ़ स्थित आमजगढ मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करने के लिए पीजी की 30 सीटें बढ़ाई जायेंगी। इसके लिए भी शासन ने 36 करोड़ स्वीकृत कर दिये हैं।

योगोत्सव नगर में योगोत्सव कार्यक्रम का आगाज, अलग-अलग सत्रों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया

शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है नियमित योग

▸▸ **लोगों ने एक साथ किया कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास**

संवाददाता, अल्मोड़ा

नगर के शारदा पब्लिक स्कूल में योगोत्सव का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : सोबन सिंह जीना विवि के योग विभाग और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में नगर के शारदा पब्लिक स्कूल में 97 डेज टू गो फॉर इंटरनेशनल डे 2024 के लिए योगोत्सव का आगाज हो गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ मौके पर लोगों ने एक साथ कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसजे विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. बिष्ट ने कहा कि योग एक विज्ञान है जो हमारी शारीरिक क्रियाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक व्यवस्थाओं के संचालन में योगदान देता है। इसलिए हमें योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए।

योग शिक्षक रजनीश जोशी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि योग विज्ञान विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 21 मई से 21 जून तक आओ हम सब योग करें अभियान के अंतर्गत योग विज्ञान विभाग के प्रशिक्षुओं द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों पर गांव गांव घर घर जाकर निशुल्क योग शिविरों के माध्यम से लाखों लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता रहा है। संयोजक डा. नवीन भट्ट ने बताया कि योग विज्ञान विभाग वर्षों से योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम करता हुआ आ रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सैंकड़ों लोगों ने योग का अभ्यास किया और अलग अलग सत्रों के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया गया। योग कार्यशाला में प्रो. मधुलता नयाल, प्रो. प्रवीण बिष्ट, प्रो. एसए हामिद, डा. देवेंद्र बिष्ट, शिक्षक हेम तिवारी, पूजा कांडपाल, भावना अधिकारी, डा. लल्लन सिंह, डा. गिरीश अधिकारी, हेमलता अवस्थी, डा. ममता पंत, अजय पांडे, बबीता कांडपाल, दीपक, भावेश, चंदन बिष्ट, सोनिया बिष्ट, चंदन लटवाल समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुंबई रैली में नहीं गए अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार: कन्नौज से लोस चुनाव लड़ने की संभावनाओं और चुनाव को लेकर चल रहीं पार्टी की तैयारियों के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुंबई रैली में नहीं गए।

रविवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन होने के बाद मुंबई में एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें इंडिया गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल रहे। हालांकि, अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक पत्र लिख कर उन्हें यात्रा की सफलता की बधाई देते हुए अपने न पहुंच पाने का कारण भी बताया है। अखिलेश ने राहुल को संबोधित पत्र में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हर वर्ग से आपकी मुलाकात हुई। आप उनकी समस्याओं से अवगत हुए हैं।

गैंग लीडर को लगी पुलिस की गोली, सिपाही भी घायल

संभल। आठ दिन पहले बहजोई के गांव में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग के सरगना के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया जबकि एक सिपाही भी घायल हुआ है। घायल बदमाश व सिपाही को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

दूरभाष नं0-05944-250250/250719 फैक्स नं0 250103
टोल फ्री नं0-1077 , ईमेल ddmausn@gmail.com

पत्र सं. 23/डी.सी.सी. कन्ट्रोल 2024 दिनांक: 17 मार्च, 2024

विज्ञप्ति

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनसमान्य की सुविधा के दृष्टिगत आपदा प्रबन्धन कार्यालय ऊधम सिंह नगर में मतदाताओं से सम्बन्धित जनपद स्तरीय सहायता, शिकायत, निगरानी नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है, जिसमें निम्नानुसार दूरभाष संयोजित किए गये है जो 24X7 सक्रिय है।

- निर्वाचन हैल्पलाइन नम्बर 1950 टोल फ्री के साथ हंटिंग लाइन जो निम्नानुसार है- 05944 250222, 05944-250481, 05944-250501, 05944-250500
- अतिरिक्त दूरभाष सं0 05944-250250 उक्त दूरभाष नम्बरों पर जनसामान्य द्वारा मतदाता से सम्बन्धित सूचना निर्वाचन से सम्बन्धित सहायता, शिकायत, निगरानी सबन्धी फोन कॉल की जा सकती हैं।
- आदर्श आचार संहिता (MCC) के उल्लंघन सम्बन्धी शिकायतों हेतु C-Vigil Citizen App सक्रिय किया गया है, जिसमें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी सूचना एवं शिकायतों को दर्ज किया जा सकता है।

(उदयराज सिंह)
जिलाधिकारी
जिला निर्वाचन अधिकारी ऊधम सिंह नगर।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्चस्ते विश्चसिति मूढचेता नराधम : ॥

मूर्ख व्यक्ति बिना आज्ञा लिए किसी के भी कक्ष में प्रवेश करता है, सलाह मांगे बिना अपनी बात थोपता है तथा अविश्वसनीय व्यक्ति पर भरोसा करता है ।

संपादकीय

लंबी चुनावी प्रक्रिया

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। देश का चुनावी परिदृश्य अपने आप में अद्वितीय है। भारत के चुनाव आयोग पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है। चुनाव आयोग का दायरा और भूमिका काफी बड़ी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, राष्ट्रपति चुनाव, उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 बार आम चुनाव को सफलतापूर्वक कराना काफी बड़ी बात है। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है। 543 लोकसभा सीट के लिए चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। करीब 46 दिनों तक चलने वाली ये 1951-52 के बाद दूसरी सबसे लंबी चुनावी प्रक्रिया हैं। यह ठीक है कि जिस चुनाव में लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को भागीदारी करनी हो तो समय लगेगा ही। 2019 में भी सात चरणों में मतदान हुआ था और उसके पहले 2014 में नौ चरणों में, लेकिन 2009 में पांच चरणों में ही चुनाव करा लिए गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव भी 8 फेज में हुए थे। उस समय कहा गया था कि कोरोना के चलते इतने फेज में चुनाव हो रहे हैं। लेकिन इस बार तो ऐसा कुछ नहीं है।

1951-52 में हुए संसदीय चुनाव चार महीने से ज्यादा समय तक चले थे। वे लोकसभा के लिए स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव थे। उस समय परिवहन व संचार के साधन विकास की प्रक्रिया में थे। विपक्ष भी सात चरणों में चुनाव कराने पर सवाल उठा रहा है। विपक्षी दल कह रहे हैं चुनाव तीन से चार फेज में हो सकते थे। देश में 16 मार्च से लागू हुई आचार संहिता 79 दिन तक रहेगी। तीन या चार फेज में चुनाव हो जाते तो आचार संहिता कम समय के लिए लगती। सात चरणों में चुनाव का मतलब है कि इस बीच सभी विकास कार्य रुक जाएंगे। एक तरफ विपक्ष लंबे चुनावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं भाजपा का तर्क है कि लंबे समय का लाभ सभी पार्टियों को एक जैसा मिलेगा। ये सभी दलों के लिए बराबर समय है। वास्तव में लंबी चुनावी प्रक्रिया खर्चीली ही नहीं, उबाऊ भी होती है और आचार संहिता के चलते बहुत से सरकारी काम ठप हो जाते हैं। अच्छा होता कि कहीं कम चरणों में चुनाव संपन्न कराने के प्रयत्न किए जाते।

कमजोर कंधे और मां-बाप की उम्मीदों का बड़ा बोझ

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे।

आजकल बच्चों पर उनके मां-बाप की उम्मीदों और ख्वाहिशों का बड़ा बोझ है। यह बोझ कभी-कभी इतना भारी हो जाता है कि बच्चे संभाल नहीं पाते और टूटकर बिखर जाते हैं। राजस्थान में इंजीनियर और डाक्टर पैदा करने वाले शहर कोटा में बच्चों के आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

चंबल नदी के किनारे बसा राजस्थान का शहर कोटा करीब तीन दशक में डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ख्वाब देने वाले नौजवानों का मुख्य गंतव्य स्थल बन गया है। नब्बे के दशक में यहां गिनती के कोचिंग सेंटर हुआ करते थे। उस समय डाक्टर-इंजीनियर की तैयारी करने वाले बिहार के बच्चों के लिए पटना, बोकारो और उत्तर प्रदेश के बच्चों के लिए कानपुर डेस्टिनेशन हुआ करता था। संयोगवश एक बार यहां एक कोचिंग संस्थान के 10 छात्रों का चयन एक ही साल आईआईटी में हो गया। उसके अगले वर्ष यहां के 50 छात्र आईआईटी में चुने गए। बस फिर क्या था, भेड़िया धसान का दौड़ शुरू हो गया। लोग बाग आंखें मूंदकर कोटा की ओर दौड़ने लगे। अभिभावकों और छात्रों को लगने लगा कि जैसे यहां यहां के कोचिंग संस्थानों में कोई ऐसी जड़ी बूटी है जिसे पीकर उनके बच्चे, चाहे कैसे भी हों, इंजीनियर डाक्टर चुटकी में बन जाएंगे। परिणामस्वरूप वर्ष 2015 तक कोटा में कोचिंग का कारोबार लगभग हजार करोड़ रुपये का हो चुका था, जो आज लगभग पांच हजार करोड़ से भी ज्यादा का हो चुका है। आज यहां के लगभग डेढ़ सौ कोचिंग संस्थानों में प्रत्येक वर्ष जुलाई से लेकर जनवरी महीने के बीच दो लाख से ज्यादा छात्र नीट यूजी और जेईई की तैयारी करने के लिए आते हैं। सिर्फ राज्य सरकार को कोटा कोचिंग इंडस्ट्री से हर वर्ष लगभग 700 करोड़ रुपये का टैक्स मिलता है। कुल मिलाकर कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था छात्रों पर निर्भर है। होटल, हास्टल, पीजी, आटो रिक्शा, साइकिल, टिफिन, मेस, किताब, स्टेशनरी , युनिफार्म, टीचिंग का धंधा जोरों पर है। यदि पूरी अर्थव्यवस्था को एक साथ देखा जाए तो लगभग यह तीस हजार करोड़ रुपए की है। लेकिन आने वाले छात्रों में सफल छात्रों के प्रतिशत को समग्र रुप से देखें तो सफलता की दर दो प्रतिशत ही है अर्थात यहां तैयारी के लिए आए 100 बच्चों में से मात्र दो बच्चे ही सफल हो पाते हैं। स्वाभाविक रूप से बच्चों पर सफल होने का दबाव ज्यादा है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं।

बच्चों की मानसिक स्थिति की बात करें तो अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर के कच्चे माल की तरह यहां छोड़ जाते हैं और चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान इनको अच्छा प्रोडक्ट अर्थात इंजीनियर या डाक्टर बना देंगे। लेकिन एक बार यहां छोड़ देने के बाद वो कभी भी यह जानने की कोशिश नहीं करते हैं कि उनके बच्चे यहां कैसे रह रहे हैं, उनको कोई परेशानी तो नहीं, कोचिंग में उसका प्रदर्शन कैसा है? ज्यादातर अभिभावक एडमिशन के बाद बच्चे को हर महीने का खर्च भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं। कुछ मां-बाप तो अपने सपनों और उम्मीदों को जबरन बच्चों पर थोपते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर-इंजीनियर बन जाए, ताकि समाज में उनका रौब बढ़े, प्रतिष्ठा बढ़े , चाहे उनका बच्चा पढ़ने में कितना भी कमजोर न हो। जब बच्चों से बात होती है, तो वे हमेशा यही कहते हैं कि तुम्हें पता है ना कि किस तरह तुम्हें वहां भेजा गया है, इसलिए इस बार मुझे विश्वास है, तुम अवश्य पास कर लोगे। इस विश्वास का बोझ बच्चों पर बहुत ही भारी होता है। यद्यपि कुछ मां-बाप ऐसे अवश्य हैं, जो अपने बच्चों को लेकर काफी संवेदनशील हैं। वे अपने बच्चों की परेशानियों को समझते हैं और सही समय पर हस्तक्षेप करते हैं। आजकल यहां बच्चों को छठी क्लास से ही पढ़ने भेज दिया जा रहा है । उन्हें लगता है कि अगर वे अपने बच्चे को कम उम्र में तैयारी के लिए भेज देंगे, तो उसके सफल होने की संभावना बढ़ जाएगी। जो बच्चे छठी से 11वीं क्लास के बीच आते हैं, उन्हें नर्चर कहा जाता है। 12वीं के बाद आने वालों को ड्रापर कहा जाता है। आपस में बच्चे दोस्त बनने के बजाय प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। वे आपस में मन की बात एक-दूसरे से कह नहीं पाते। यह अवसाद की स्थिति उत्पन्न करता है। परिवार या माता-पिता की पसंद के कारण कई बार छात्र ऐसा क्षेत्र चुन लेते हैं जिनमें उनकी रुचि नहीं होती। यह सिर्फ उन्हें खुश करने के लिए होता है। साथ ही कई बार छात्र मां बाप द्वारा खुद पर खर्च किए जा रहे ज्यादा महंगी फीस के बारे में सोचने लगते हैं। इन सब के कारण बच्चे तनाव में आ जाते हैं। वैसे ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और इतने कम उम्र में परीक्षाओं की तैयारी में अंतर यह है कि ग्रेजुएशन के बाद बच्चे अधिकांशतः परिपक्व हो जाते है, कोई भी प्रेशर हैंडल कर लेने की स्थिति में होते हैं। सफलता का प्रतिशत तो सिविल सेवाओं की तैयारी में लगे प्रतियोगियों का बहुत ही कम है लेकिन वहां बच्चे सुसाइड नहीं करते। वे समझदार होते हैं और अपने को दूसरी दिशा में मोड़ लेते हैं और सफल भी होते हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी में भी जब तक पटना, बोकारो और कानपुर कोचिंग हब बना हुआ था, तब भी बच्चों में इतना फ्रस्ट्रेशन, एंग्जाइटी , डिप्रेशन या सुसाइड की कहानी नहीं सुनने को मिलती थी। स्पष्ट है इसमें बहुत हद तक कोचिंग संस्थानों का भी रोल है, जो बच्चों का सिर्फ मानसिक और आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

कोटा में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने अपनी तरफ से काफी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोटा में सभी हॉस्टल्स और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य करदिया गया है। एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे के नीचे स्प्रिंगनुमा एक डिवाइस होता है। जैसे ही पंखे पर बीस किलो से अधिक वजन पड़ता है तो पंखा नीचे आ जाता है। सिर्फ फरवरी 2024 में इस डिवाइस के कारण पांच बच्चों की जान बचाई जा चुकी है। कोटा के जिला कलेक्टर ने सुसाइड रोकने और छात्रों को अच्छा माहौल देने के लिए "डिनर विद कलेक्टर"शुरू किया है जिसमें वो कोचिंग और हास्टल में जाकर बच्चों के साथ डिनर करते हैं और उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। प्रत्येक हॉस्टल और पीजी में काउंसलर्स जा रहे हैं और छात्रों से संवाद कर रहे है । प्रशासन ने एक विशेष पोस्टर भी तैयार किया है जिसमें 24 घंटे विद्यार्थियों की मदद के लिए संचालित की जा रही हेल्पलाइन के मोबाइल नंबर, जिला प्रशासन के स्टूडेंट पोर्टल, कोटा पुलिस स्टूडेंट सेल, व्हाट्स-अप कांटेक्ट, ई-मेल आईडी और मदद के लिए अन्य सभी हेल्पलाइन के पोस्टर्स सभी हॉस्टल्स के प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले किए जाएंगे। सप्ताह में एक दिन 'आधे दिन पढ़ाई, आधे दिन मस्ती', आत्महत्या की प्रवृत्ति वाले छात्रों की पहचान करना और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग देने जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कोटा के ही डॉक्टर शेखावत ने निजी तौर पर 'होप सोसाइटी प्रोजेक्ट' भी शुरू किया था। इसके साथ ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिससे छात्र तनाव की सूरत में फोन पर बात कर सहज हो सके। यदि कोई छात्र आपसी बातचीत को अनदेखा कर रहा है, खुद पर अविश्वास दिखा रहा है, बातचीत में झल्ला जा रहा है ,बिना कारण के बार-बार रोना शुरू कर देता है, उनके साथियों, अभिभावकों, कोचिंग स्टाफ, हास्टल स्टाफ को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। संभव है वो एंग्जाइटी और डिप्रेशन में जा रहा है। प्रत्येक स्टूडेंट्स के दरवाजे पर दस्तक एक ऐसा कार्यक्रम चलाया गया है जिसमें हास्टल और पीजी में जाकर बच्चों की पहचान की जा रही है, उससे बात की जा रही है।

इन सबके बावजूद आवश्यकता यह है कि बेगाने और अनजान जगह पर जहां बच्चे सिर्फ अपने अपने में लगे हैं, कोई ऐसा मिले, जिससे वो दिल खोल कर अपनी बात कह सके। कोचिंग संस्थानों को भी प्रवेश के वक्त छात्र को जांचना चाहिए कि वे उस क्षेत्र के लिए सही हैं या नहीं। अगर छात्र की उस विषय या क्षेत्र में रुचि न हो तो वो उन्हें दाखिला न दें या उन्हें कैरियर का कोई और विकल्प बताएं। हरेक कोचिंग संस्थानों में काउंसलर रखना अनिवार्य कर दिया गया है। सप्ताह में छुट्टी, टेस्ट भी रविवार को न हो तथा कम नंबर लाने वाले को अलग से क्लास लगाना अनिवार्य होना चाहिए। सबसे बड़ी म्मिदारी तो मां बाप की है जिन्हें चाहिए कि अपने सपनों और उम्मीदों का बोझ बच्चों के कमजोर कंधों पर न डालें, उन्हें स्वाभाविक रुप से अपना फील्ड चुनने दें, जहां वो बेहतर कर सकते हैं।

प्रसंगवश

कितना निष्पक्ष होगा आयोग

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राष्ट्रीय चुनाव आयोग की खाली पड़ी दोनों जगहें दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों से भर ली गई हैं और कोरम पूरा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां चुनाव के स्वच्छ संचालन के लिए एक निष्पक्ष और तटस्थ भाव रखने वाला चुनाव आयोग अपेक्षित है।

हालांकि वर्तमान में जो चयन प्रक्रिया और कानून इसके लिए हैं, वह इस उद्देश्य की पूर्ति करते नहीं दिखते। पहले कानून मंत्रालय सर्च करके एक सूची बनाता है और इसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास सिफारिश के रूप में भेजता है। समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक अन्य सदस्य होता है, जिसे प्रधानमंत्री नामांकित करते है।

यह समिति कानून मंत्रालय के द्वारा भेजे नामों या उससे बाहर का भी कोई व्यक्ति चयनित कर सकती है और अनुमोदनार्थ राष्ट्रपति को भेजती है। उनके अनुमोदन के पश्चात विज्ञप्ति प्रकाशित हो जाती है और नियुक्ति हो जाती है। अब इस प्रक्रिया से साफ है कि आयोग सरकार के हाथ की ही कठपुतली होगा। चयन समिति में पीएम और एक अन्य सदस्य पीएम की ही पसंद का होगा, तो नेता प्रतिपक्ष केवल आपत्ति करता रह जाएगा; चलेगी एक नहीं। ऐसे चुनाव आयोग से निष्पक्षता की आशा करना बेकार है। यहां बताते चलें कि इस सारी प्रक्रिया से संबंधित प्रकरण उच्चतम न्यायालय तक गए हैं और गत वर्ष 2 मार्च में इस न्यायालय ने निर्णय किया था कि चयन समिति में मुख्य न्यायमूर्ति, पीएम और नेता प्रतिपक्ष होंगेः लेकिन सरकार ने इसकी अवहेलना करके ऐसी पद्धति को कानूनी शक्ल दे दी, जिससे इस प्रक्रिया में प्रधानमंत्री का वर्चस्व बना रहे। सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं अब भी चल रही हैं।

सुप्रीमकोर्ट ने एक टिप्पणी फिर की है कि 'जब यहां सुनवाई चल रही थी,तो ये ताजी दो नियुक्तियां कैसे हो गईं'? सरकार से 21 मार्च तक जवाब मांगा गया है। अब देखना है कि सुप्रीम आदेश क्या होते हैं? जनता एक निष्पक्ष चुनाव आयोग गठित किए जाने की दरकार रखती है,जो संप्रति नहीं है।

वर्षा पोषित जल स्रोतों को बढ़ाना होगा

डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं।

जल संकट ने सभी बड़े शहरों की नींद उड़ा दी है। बेंगलुरु के प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए आईटी से जुड़ी कंपनियों से अनुरोध किया है कि वे अपने ऐसे कर्मचारियों/अधिकारियों को जो दूसरे प्रदेशों से यहां आकर काम कर रहे हैं, को अपने प्रदेश में जा कर घर से काम करने के लिए अनुरोध करें ताकि यहां की जल खपत को कम किया जा सके। नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे पानी का उपयोग मितव्ययिता से करें तथा अपव्यय बिल्कुल नहीं करें। मसलन एक्वागार्ड आदि से निकले वेस्ट वाटर का उपयोग बर्तन साफ करने में, पेड़ पौधे को जीवित रखने के लिए करें। जल उपयोग को सीमित करने के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की जा रही है।

ग्रीष्म ऋतु में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है और किसी एक शहर तक सीमित भी नहीं है। अपितु अधिकांश छोटे-बड़े शहरों को जिनके पास जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल संग्रहण के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं,जो भू-जल पर निर्भर हैं को प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त वर्षा होने तक इस समस्या का सामना कम या ज्यादा सामना करना ही पड़ता है। स्थानीय निकायों द्वारा अपनी जनता को राहत पहुंचाने के लिए टैंकरों द्वारा जल की आपूर्ति कभी सशुल्क तो कभी निशुल्क की जाती है। जनता अपने अन्य खर्च को कम करके किसी भी कीमत पर जल क्रय करने को मजबूर हैं अर्थात 'मरता क्या नहीं करता '।

जल समस्या का जटिल तथा विस्तारित होना बताता है कि निदान के लिए जैसे प्रयास शासन स्तर पर होने चाहिए थे वैसे किए नहीं गए। यद्यपि ग्रीष्म ऋतु में कमोवेश हर सरकारें जल आपूर्ति के लिए चिंतित अवश्य नजर आती हैं, किन्तु वर्षा होते ही प्रयास धीमे हो जाते हैं,या समस्या ही भुला दी जाती है। जनता भी जल आपूर्ति नियमित होने पर स्थाई समाधान हेतु मांग करना बंद कर देती है। वस्तुतः जल संकट के निदान के लिए प्रत्येक सरकारों को अपने शहरों में बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल आवश्यकता का अनुमान लगा कर वर्षा जल संग्रहण तथा आपूर्ति के बारे में सोच विचार कर कार्य योजनाएं बनानी चाहिए। उन शहरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जो बराहमासी नदी या बड़े बांध या जलाशय के पास नहीं है, जिनकी जनसंख्या अधिक है और भूगर्भीय जल पर अधिक आश्रित हैं।भारत में हो यह रहा है कि जिन शहरों में रोजगार की संभावनाएं अधिक है उन शहरों में तेजी से लोग दूसरे शहरों से आकर अस्थाई तौर पर या स्थाई रूप से बस रहे हैं। अर्थात इन शहरों में जल की मांग निरंतर बढ़ रही है, साथ ही आवास की पूर्ति के लिए तालाबों, झीलों, जलाशयों आदि जल स्रोतों के केचमेंट क्षेत्र अवरुद्ध हो गए हैं, और जनसंख्या के अनुपात में नए जल संग्रहण स्रोतों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

शहरों में जमीन के अंदर पानी जाने के मार्ग भी साल दर साल विकास के नाम पर कम होते जा रहे हैं। पक्के भवनों में वाटर रिचार्जिंग सिस्टम भी नहीं लगे हैं, पुरानी बाबडी,कुओं आदि का रखरखाव भी ठीक से नहीं हो रहा है। परिणाम यह है कि वर्षा का अधिकांश पानी शहरों की जमीन के अंदर जाने की बजाय बहकर अन्यत्र चला जाता है। अतः जल आपूर्ति की समस्या जल प्रबंधन के साथ जनसंख्या प्रबंधन की भी है। इसलिए प्रत्येक शहर को अपने जनसंख्या के अनुपात में जल आडिट नियमित रूप से (निश्चित अंतराल बाद)करते रहना चाहिए अर्थात कितनी जनसंख्या है?,कितनी जनसंख्या हर साल बढ़ रही है?, कितने जल स्रोत है?(तलाब, जलाशय, झील, डेम आदि), उसमें कितना जल संग्रहित किया जा सकता है?,कितने व्यक्तियों के लिए वे जल की आपूर्ति कर सकते हैं?, कितनी क्षमता वाले कितने जल संग्रहण के स्रोतों की वर्तमान और भविष्य में आवश्यकता होगी?। मेरा ऐसा मानना है कि यदि आवश्यकता के अनुकूल शहरों में वर्षा जलसंग्रहालयों को बढ़ाया जाता है, उनका रखरखाव ठीक से रखा जाता है और जनता पानी के अपव्यय को कम करने की आदत बना लेती है तो जल समस्या से निपटना कोई मुश्किल नहीं होगा। इसके साथ ही शासन को हर भवन पर वाटर रिचार्जिंग सिस्टम को लगाना अनिवार्य करना होगा और स्वयं को भी रोड साइट पर, कालोनियों के बगीचों में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिचार्ज पिट का निर्माण निश्चित दूरी के अंतराल से करने पर विचार करना चाहिए। ऐसा करके स्थानीय स्तर पर भू में जल के प्रवेश को बढ़ाया जा सकता है। जो निश्चित रूप से भू-जल स्तर को उपर उठाने में मदद करेगा। शासन के प्रयास, जनसंख्या अनुपात में वर्षा जल का संग्रहण और जनता का जल उपयोग के प्रति मितव्ययिता का आचरण ही जल समस्या का समाधान हो सकता है।

सोशल फोरम

नीति में बदलाव की जरूरत



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं।

पुरातत्व की श्रेणी में शामिल कोई भी निर्माण तभी तक सौंदर्य से परिपूर्ण लगता है जब तक उसकी काया पर कुदरती प्रभाव की छाया मौजूद रहती है। जैसे ही कंजर्वेशन (संरक्षण) हुआ वह सब गायब हो जाता है। लगता है जैसे किसी बुढ़िया का श्रृंगार किया गया है। मेरे ख्याल से पुरातत्व विभाग को शानदार और ऐतिहासिक महत्व की इमारतों और स्थलों को बचाने की अपनी नीति में बदलाव की जरूरत है। जब हमने ब्रिटिश समय के बहुत से कानूनों को बदल लिया है तब हमें ब्रिटिश लोगों की धरोहरों के प्रति संरक्षण की नीति को बदल देना चाहिए। हमें अब कनिंघम और मार्शल युग के बाद की संरक्षण नीति के बारे में सोचना चाहिए।

प्रकृति के कठोर कार्य की वजह से जैसे कि वर्षा, तापमान, मैकेनिकल स्ट्रेस की वजह से निर्माण सामग्री का विघटन, एक त्यक्त भवन और इसके आसपास के परिवेश का रूपांतरण होने लगता है। तब इसके अवशेष के रूप में 'सुंदर' दिखने वाला स्थल और भवन या एकाधिक भवनों के अलावा इसके आसपास के परिवेश को पर्यटकों की सुविधा के लिए संरक्षण के नाम पर बदल दिया जाता है। ऐसा करने से उस स्थल और भवन में आकृतिमूलक ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं जिससे प्राकृतिक सौंदर्य गायब हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें उन जगहों पर या इनके आसपास पर्यटकों को लाने की जरूरत है जहां पर खंडहर या ऐतिहासिक महत्व की 'एबंडंड' बिल्डिंग्स मौजूद हैं। पिछले 60 वर्षों में मैं जहां भी गया, पाया कि स्मारक तो क्या, स्थल प्रबंधन भी उस स्थान के कुदरती तौर से विकसित हुए (नैचुरली अक्वायर्ड) सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दृष्टि से अपर्याप्त रहे हैं। अधिसंख्य स्थलों की दृश्यावली अरुचिकर कर दी गई है। प्रोटेक्टिव रेलिंग और ऊंचे खंबों पर सोडियम वेपर लाइट्स तो बिलकुल ही हटा देनी चाहिएं। भारत में केंद्रीय और राज्यों के पुरातत्व विभावों में सौंदर्यशास्त्र के बारे में स्टाफ और अधिकारियों को जागरूक करने की बड़ी जरूरत है।

-फेसबुक वॉल से

चुनाव में आज भी काला धन हावी

डॉ . अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं।

अगर कोचिंग करके एक लाख लोग डॉक्टर बनते हैं तो बिना कोचिंग के कितने बनेंगे। अगर कोचिंग करके 1000 लोग लोक सेवा में चयनित होते हैं तो बिना कोचिंग के कितने होंगे। अगर प्रचार करके 543 सांसद चुने जाते हैं तो बिना प्रचार के कितने चुने जाएंगे। फिर कोचिंग या प्रचार की क्या आवश्यकता । कोचिंग या प्रचार सामर्थ्य जिनके पास है अर्थात जिनके पास धन बल या कोई व्यवस्था है उनके लिए अवसर बढ़ा देती है। और जिनके पास नहीं है उनके लिए अवसर घटा देती है।

कोचिंग के दबाव में बच्चा पढ़-पढ़ के तनाव में है। हर साल और ज्यादा कड़ी मेहनत से पढ़ाई करता है जिससे लाभ मिले, जब कि सीट उतनी ही हैं। उतने ही लोग चुने जाएंगे। नेता के चुनाव लड़ने का भी यही हाल है। मतलब पैसों को प्रचार में पानी की तरह फूंकना।

तो क्या ये बंद हो? आइए सोचते हैं। देश के स्तर पर सोचें तो राज्यसभा के 250 सांसद, उससे दोगुने से ज्यादा लोकसभा सांसद (543), लोकसभा से लगभग आठ गुणा ज़्यादा विधायक (4200 से ज़्यादा) और हर विधायक पर लोकल बॉडी के 800 चुने हुए लोग (कुल तीस लाख से ज्यादा)। इतने लोग चुने जाने हैं, हर पांच साल में। अब लोकतंत्र है। हर सीट पर अगर औसत पांच से दस लोग भी न लड़ें , तो काहे का लोकतंत्र। तो समझिए सारे चुनाव एक साथ नहीं होते। इसलिए पूरे देश की जनता को तीन या अधिक बार सम्मिलित होना है।

पांच वर्षों के इलेक्टोरल बांड के बीस हज़ार करोड़ को माने तो इस आयोजन में प्रति सीट लगभग 60 हजार खर्चा निकलता है। अगर 5-10 लोग हर सीट पर हैं तो प्रति व्यक्ति 5-10 हज़ार चुनावी ख़र्च आएगा। अब आप ही बताओ पांच दस हज़ार में क्या चुनाव होगा। जन्मदिन का सामान्य उत्सव नहीं होता आज इतने में। हर छोटा चुनाव कई लाख का तो विधानसभा कम से कम कुछ करोड़, लोकसभा सीट तो करोड़ों में खर्चा मांगती है। इन बातों से ये तो पता चलता है कि क़ानून कुछ भी हो चुनाव में आज भी काला धन हावी है। इलेक्टोरल बांड चुनावी ख़र्चों का बहुत न्यून प्रतिशत है। उपाय क्या हो। क्या एक साथ चुनाव हों जिससे कुल खर्चा घट जाए या एक रास्ता है कि चुनाव का खर्चा टैक्स से हो, उस स्थिति में आमजन पर बोझ बढ़ेगा। दूसरा की कारपोरेट इसका खर्चा उठाए उसमें किकबैक की अपेक्षा होगी। पर हर कोई, और हर बिज़नेस भी अपने को बढ़ाने के लिए कुछ न कुछ लॉबी करता ही है और लगभग सभी करते हैं चाहे अपना समय देकर आंदोलन का दबाव हो या धनबल का दबाव सभी अपना हित बढ़ाने में ही तो लगते हैं। जिसके पास कुछ नहीं तो दूसरों ने उसका अहित किया इसी इमोशनल शक्तिपात के बल पर जी रहा है। तो उपाय क्या है?

क्या उपाय पारदर्शिता है और कितनी पारदर्शिता? सबको पता है कि अगर सबके बैंक डिटेल, इनकम टैक्स डिटेल, इंटरनेट उपयोग आदि सार्वजनिक कर दें तो सिद्ध भी हो जाएगा कि सभी मनुष्य ही हैं। कभी सही तो कभी गलत। और जिसका कुछ ना मिले उस तक या तो प्रकाश पहुंच ही नहीं पाया या वो भगवान ही होगा। तो हम कितनी पारदर्शिता चाहते हैं ये भी तो तय करें।

आम तौर पर छोटे मकानों में रहकर किंतु बड़े होटलों में आयोजनों का शौक वाले हमारे समाज में, नेता का भोकाल भी हो, नेता का कफ़ीला भी हो, नेता सबके काम भी करा दे, पर नेता ये सब कैसे करे। नेतागीरी अगर इतनी गतिशील है तो उस गति में ऊर्जा तो खर्च होगी, ऊर्जा देश कैसे देगा और कौन देगा। और नेता अगर सुस्त हो तो नेता लापता है, ये भी तो हम ही कहते हैं। तो उपाय क्या है? और ये समस्या अपने देश की ही नहीं है हर लोकतंत्र की है?

(यः पश्यति स पश्यति)

चारित्रिक दोष

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं।

राजा नंगा हो और फिर भी हमारी पहली पसंद हो, इसका राज कहां छिपा है? ये सवाल मेरे मन मे रह-रह कर उठता है कि आखिर क्या वजह है कि अपराधी चरित्र के लोग, बदमाश, बलात्कारी चुनाव में हमारी पहली पसंद बन जाते हैं। क्यों हमारे लिए ईमानदारी और उज्ज्वल चरित्र कोई मायने नहीं रखते?

इस मानसिकता की जड़ें मुझे संस्कृति से जुड़ी लगती हैं। हमारी पौराणिक कहानियां जिन्हें सुन-सुन कर हम बड़े होते हैं। उनका कहीं गहरा प्रभाव हमारे ऊपर रहता है। हमारी कहानियों के चरित्रों द्वारा की गई हरकतों को कोई भी सामान्य व्यक्ति गलत ठहराएगा। लेकिन महान चरित्रों की महान गलतियों को जस्टिफाई करते हुए उसके पीछे भी महान कारण गिनाए जाते हैं।

हम यही देखते हुए बड़े होते हैं कि बड़ों की गलतियां भी क्षम्य होती हैं। उनकी महानता में उनकी गलत हरकतों से रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। हम तो अक्सर अपने गलत कामों में भी ऊपर वाले के सहयोग की प्रार्थना करते हैं। मैंने सुना है कि पुराने समय में चोर जब रात्रि में चोरी करने निकलते थे तो बकायदा अपनी एक आराध्य की पूजा कर निकलते थे।

मैं उन पौराणिक कहानियों का यहां जिक्र नहीं करना चाहता लेकिन शायद ये भी एक कारण है कि बलात्कारी, अपराधी यहां सम्मान पाते हैं। और चरित्रवान हाशिये पर पड़े रहते हैं। हमारे इस चारित्रिक दोष के लिए कौन जिम्मेवार है। आज हमें इससे कोई फर्क नही पड़ता अगर हमारा राजा नंगा भी हो जाए। उसकी नंगई में भी हमें महानता ही नजर आती है।

चुनाव कमाल का...

- भारत के निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। सुकुमार सेन को देश का पहला मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। अनुच्छेद-324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के रख-रखाव और स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से चुनाव के संचालन की शक्तियां देता है।

80 लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में

10.46 लाख कुल नए मतदाता उत्तर प्रदेश में

01 लाख 75 हजार बूथ

15 करोड़ 04 लाख 67 हजार 489 कुल मतदाता

2.5 करोड़ कल लाभार्थी

चुनावी तीर

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावी बॉण्ड का जो डाटा सार्वजनिक किया गया है उससे साफ हो गया है कि मोदी चुनावी बॉण्ड के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा रैकेट चला रहे हैं।

राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का भ्रष्टाचार अगर दुनिया के किसी देश में होता तो सरकार चली जाती। इससे बड़ा भ्रष्टाचार दुनिया की किसी देश में नहीं हुआ है।

रामगोपाल यादव, प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव, सपा

राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे।

शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

उन्नाव सीट पर साक्षी बन सकते हैं जीत की हैट्रिक लगाने वाले दूसरे भाजपा नेता

● मनोज त्रिपाठी कानपुर

अमृत विचार: उन्नाव लोकसभा सीट एक बार फिर जीत का हैट्रिक बनाने की राह पर है। इस बार यह मौका निवर्तमान भाजपा सांसद साक्षी महाराज के पास है। हालांकि उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह वर्ष 1991, 96 व 98 में लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं।

वर्ष 2008 में हुए परिसीमन के बाद इतिहास बदल गया। छह विधानसभा सीटों भगवंत नगर, शफीपुर, पुरवा, मोहन, बांगरमऊ और उन्नाव सदर को मिलाकर नए लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के रूप में गठन किया गया था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां 23 लाख 34 हजार से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12,39,723 तथा महिला मतदाता 10,94,371 है। विधानसभावार सबसे ज्यादा मतदाता उन्नाव सदर में 424285, इसके बाद पुरवा में 424228, भगवंत नगर में 420369, मोहान में 360927, बांगरमऊ में 360576 तथा सफीपुर में 353812 मतदाता हैं। जातीय आधार पर इस लोकसभा क्षेत्र मेंनौ लाख से अधिक पिछड़ी जाति तथा सात लाख से ज्यादा दलित मतदाता हैं। सवर्ण मतदाता लगभग साढ़े चार लाख और मुस्लिम मतदाता करीब दो लाख हैं।



उन्नाव लोकसभा सीट पर बिना कोई जोखिम उठाए भाजपा ने अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले पिछड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले साक्षी महाराज को तीसरी बार मैदान में उतारा है। क्षेत्र में आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं। लेकिन उनके सामने भाजपा से 69 वर्षीय सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज हैं तो इंडिया गठबंधन से सपा ने वर्ष 2009 में कांग्रेस क़े टिकट पर सांसद चुनी जा चुकीं 65 साल की अन्नू टंडन को टिकट दिया है। बसपा से वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय चुनाव लड़ेंगे। वह भाजपा से भी टिकट मांग रहे थे। अन्नू टंडन वर्ष 2009, 2014 और 2019 में कांग्रेस से यहां चुनाव लड़ चुकी हैं। वह चौथी बार मैदान में हैं। पिछले दो बार से लगातार हार रही हैं। सिर्फ एक बार साल 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत मिली थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के साक्षी महाराज के सामने वह जमानत भी नहीं बचा सकी थीं। अन्नू टंडन ने 2020 में कांग्रेस को छोड़कर सपा का दामन थाम लिया था।

उधर, भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे। उन्नाव सीट से ऐसा करने वाले वह दूसरे नेता होंगे। उनसे पहले भाजपा के ही देवीबख्श सिंह इस सीट से लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 के चुनाव में लगातार जीत हासिल की थी। सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने वर्ष 2014 में सपा के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना' को 310173 वोटों के अंतर से हराया था, जबकि 2019 में साक्षी महाराज ने अरुण शंकर शुक्ला के खिलाफ ही 400,956 वोटों से जीत हासिल की थी। साक्षी महाराज उन्नाव से पहले 1991 में मथुरा से, 1996 और 1998 में फर्रुखाबाद से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। इसके अलावा 2000 से लेकर 2006 तक वह राज्यसभा के सदस्य रहे थे। उनके पास की डिग्री है। वह अनेक शैक्षणिक संस्थान और आश्रम चलाते हैं। 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने 400956 लाख वोटों से प्रदेश में चौथी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। साक्षी महाराज को कुल 703507 मत मिले थे, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला 302551 मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे।

धर्म, साहित्य और आजादी के नायकों की धरती

गंगा के किनारे स्थित उन्नाव का इतिहास काफी प्राचीन है। रामायण और महाभारत में इस धरती का उल्लेख मिलता है। इसे साहित्यकारों और क्रांतिकारियों की भूमि माना जाता है। यहां महर्षि वाल्मीकि, गया प्रसाद शुक्ला सनेही, पं. प्रताप नारायण मिश्र, महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराल्ला', सुमित्रा कुमारी चौहान, भगवती चरण वर्मा, प्रताप नारायण मिश्र और शिव मंगल सिंह 'सुमन' जैसे महान साहित्यकार हुए तो मौलाना हसरत मोहानी और शहीद चंद्रशेखर आजाद जैसे आजादी के दीवानों ने भी जन्म लिया और जिले को कर्म भूमि बनाया।

चार चुनावों में किस दल को कितने वोट (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	51	36.4	8.9	1.1
2019 लोस	57.4	24.7	---	15.1
2017 विस	43.5	19.0	24.9	6.4
2014 लोस	43.2	17.4	16.7	16.4

23 लाख से ज्यादा मतदाता इस बार, पिछली बार देश में चौथा सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र था

2014 का चुनाव परिणाम

पार्टी	प्रत्याशी	मत
भाजपा	साक्षी महाराज	5,18,834
सपा	अरुण शंकर शुक्ल	2,08,661
बसपा	ब्रजेश पाठक	2,00,176
कांग्रेस	अन्नू टंडन	1,97,098

2019 का चुनाव परिणाम

पार्टी	प्रत्याशी	मत
भाजपा	साक्षी महाराज	7,03,507
सपा	अरुण शंकर शुक्ला	3,02,551
कांग्रेस	अन्नू टंडन	1,85,634

हाईवे और एक्सप्रेस वे का जाल फिर भी पिछड़े जिले में

उन्नाव ज़िला मुख्यालय लखनऊ से लगभग 60 किलोमीटर और कानपुर से 18 किलोमीटर दूर है। यह शहर चर्म उत्पादों, मच्छरदानी, जरदोजी और रासायनिक उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन विकास की दृष्टि से पिछड़ा जिला है। कानपुर-लखनऊ हाईवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस रोड, गंगा एक्सप्रेस-वे, कानपुर-लखनऊ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के बावजूद जिले के तमाम गांव अभी सड़क से नहीं जुड़े हैं। पानी में फ्लोराइड के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी नहीं हैं। हाईवे और एक्सप्रेस-वे के बाद भी ट्रामा सेंटर नहीं है। शुक्लागंज कानपुर से जुड़ा है, पर सीवर लाइन नहीं है।

09 लाख से ज्यादा पिछड़ी जाति के मतदाता लिखते हैं प्रत्याशियों की जीत-हार की पटकथा

1991 96 व 98 में लगातार तीन बार जीत का रिकार्ड बना चुके हैं भाजपा के देवीबख्श सिंह, 2019 के चुनाव में साक्षी महाराज ने दर्ज की थी चौथी सबसे बड़ी जीत

अनुच्छेद 370 निरस्त के बाद घाटी में पहला लोस चुनाव

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर अपने विभाजन के बाद से पहले बड़े चुनावी मुकाबले का गवाह बनेगा। वर्ष 2019 के आम चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर का विभाजन कर इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीट हैं, जिसमें से तीन से नेशनल कॉन्फ्रेंस, जबकि दो सीट से भाजपा के सांसद हैं। जून 2018 में पीडीपी-भाजपा सरकार के पतन के बाद से जम्मू-कश्मीर केंद्र के शासन के अधीन है। जम्मू-कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था।

5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत मई 2022 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हुई थी। परिसीमन में 90 विधानसभा और पांच संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को संशोधित किया गया था। लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से पहले पांच चरण में जम्मू-कश्मीर में मतदान होगा। उधमपुर में 19 अप्रैल, जम्मू में 26 अप्रैल, अनंतनाग-राजौरी में सात मई, श्रीनगर में 13 मई और बारामूला में 20 मई को मतदान होगा।

यहां होगा कड़ा मुकाबला

उधमपुर : केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह यहां भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीत की हैट्रिक बनाना चाहेंगे। पेशे से चिकित्सक सिंह ने 2019 में पूर्व महाराजा हरि सिंह के पोते और कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को 3,53,272 मतों के भारी अंतर से हराकर उधमपुर लोकसभा सीट बरकरार रखी थी।

श्रीनगर : नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला 2017 में हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर इस सीट से सांसद बने थे, तब से वह यहां से सांसद हैं। इस सीट से पीडीपी सांसद तारिक हमीद कर्रा इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे, जिसके बाद उपचुनाव हुआ था।

अनंतनाग-राजौरी : इस संसदीय क्षेत्र में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, शोपियां और कुलगाम जिलों व जम्मू क्षेत्र के सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ के अधिकांश हिस्से आते हैं। भाजपा जम्मू-कश्मीर में लोकसभा सीटों की अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है, इसलिए इस सीट पर उसका खासा ध्यान है। परिसीमन आयोग ने इस सीट का बड़े पैमाने पर पुनर्निर्धारण किया है।

कांग्रेस ईवीएम के नहीं बल्कि उनमें हो रहे हेरफेर के खिलाफ

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नहीं बल्कि उनमें हेरफेर के खिलाफ है। पार्टी ने मतदान प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वीवीपैट पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती की मांग की।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि पार्टी मतपत्रों के फिर से इस्तेमाल की मांग नहीं कर रही है, बल्कि 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट' (वीवीपैट) पर्चियों की 100 प्रतिशत गिनती चाहती है ताकि मतदाताओं का विश्वास बहाल हो सके। रमेश ने कहा, 19 दिसंबर 2023 को आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के दौरान, सभी दलों ने यह कहा कि हम ईवीएम के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसमें हेरफेर के खिलाफ हैं। हम मतपत्रों पर वापस जाने के लिए नहीं कह रहे हैं, हम सिर्फ वीवीपैट की 100 प्रतिशत गिनती और मिलान का अनुरोध करते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल 100 प्रतिशत वीवीपैट की गिनती को लेकर अपनी बात रखने के लिए निर्वाचन आयोग से समय मांग रहे हैं, लेकिन आयोग उन्हें समय नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने निर्वाचन आयोग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, हम निर्वाचन आयोग के सामने अपने दावों के समर्थन में अपने दस्तावेज पेश करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। हम स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। आयोग क्यों डर रहा है, और वह इस संबंध में हमसे मुलाकात भी नहीं कर रहा है।

संभल में यादवों के सिर सजता था जीत का सेहरा

● भीष्म सिंह देवल, संभल

अमृत विचार: संभल लोकसभा सीट यादव बिरादरी का मजबूत गढ़ माना जाता था कि यहां जीत दर्ज कराने वाली पार्टी कोई भी हो लेकिन विजेता उम्मीदवार यादव ही होता था। 1977 में सीट सृजन से 2009 में परिसीमन बदलने तक संभल सीट पर जीत दर्ज कराने वाले सभी उम्मीदवार यादव जाति के ही थे। मुलायम सिंह यादव, रामगोपाल यादव और डीपी यादव संभल से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। 2009 में नए परिसीमन के बाद यादव मतों की संख्या घटी तो बाजी पलट गई और मुलायम परिवार ने संभल से किनारा कर लिया। वहीं यहां जीत का सेहरा गैर यादवों के सिर सजने लगा।

संभल लोकसभा सीट 1977 में वजूद में आई। तब इस लोकसभा क्षेत्र में संभल, बहजोई, गंगेश्वरी के साथ ही उस समय जनपद बदायूं का हिस्सा रही गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीटें शामिल थीं। गुन्नौर व बिसौली में यादव मतदाताओं की संख्या 65 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती थी तो बहजोई में भी यादव मतों का बाहुल्य था। 1977 के चुनाव में संभल लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल की प्रत्याशी शांति देवी यादव ने जीत दर्ज कराई थी। 1980 के लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस इंदिरा के टिकट पर चुनाव लड़े बिजेंद्र पाल सिंह यादव संभल के सांसद चुने गये। 1984 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर एक बार फिर से शांति देवी यादव संभल की सांसद बनीं तो 1989 और 1991 में जनता दल के श्रीपाल सिंह यादव को संभल की जनता ने अपना सांसद चुना। डीपी यादव की निगाह संभल पर पड़ी तो धनारी में फार्म हाउस बनाकर वह संभल लोकसभा की राजनीति में सक्रिय हो गये। 1991 में डीपी यादव जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े तो हार गए, लेकिन 1996 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर संसद पहुंच गए। 1998 में मुलायम ने संभल से कभी न टूटने वाला रिश्ता जोड़ने का एलान करते हुए संभल सीट से चुनाव लड़ा रिकॉर्ड वोट से जीत दर्ज की। 1999 में मुलायम ने संभल से दोबारा जीत दर्ज की तो 2004 में रामगोपाल यादव संभल से चुनाव लड़कर संसद पहुंचे।

2009 के बाद मुलायम परिवार ने संभल से मुंह मोड़ा

मुलायम सिंह यादव के संभल से नाता जोड़ने की वजह यह थी कि उस समय संभल सीट उनके लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट थी। यहां उनके लिए केवल जीत नहीं बल्कि भारी मतों से जीत दिलाने वाले समीकरण थे। 2009 में नये परिसीमन में पहला चुनाव हुआ तो उम्मीद यह थी कि रामगोपाल यादव चुनाव मैदान में उतरेंगे मगर उन्होंने संभल से किनारा कर लिया। तब से अब तक मुलायम परिवार का कोई सदस्य संभल सीट पर चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया।

नए स्वरूप के बाद सपा, बसपा और भाजपा के गैर यादव प्रत्याशी जीत

संभल लोकसभा सीट पर परिसीमन के बाद 2009 में हुए चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी के इकबाल महमूद दूसरे नंबर पर रहे थे। वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सतपाल सैनी संभल से चुनाव लड़कर सांसद निर्वाचित हुए। 2019 में सपा, बसपा गठबंधन के हालात में चुनाव हुआ तो एक बार फिर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को जीत मिली।

नये परिसीमन में घटी यादव मतों की संख्या तो पलट गई बाजी

2004 के लोकसभा चुनाव के बाद संभल लोकसभा सीट का परिसीमन बदला तो यादव बाहुल्य गुन्नौर व बिसौली विधानसभा सीट संभल से हटाकर बदायूं लोकसभा सीट में जोड़ दी गईं। इसके साथ ही बहजोई व गंगेश्वरी विधानसभा सीट खत्म कर दी गईं। असमोली के नाम से नई विधानसभा सीट का सृजन हुआ तो संभल, असमोली व चंदौसी के साथ ही मुरादाबाद जनपद की बिलारी व कुंदरकी विधानसभा सीटें संभल लोकसभा सीट का हिस्सा बन गईं। नये स्वरूप में संभल सीट यादव बाहुल्य नहीं रही तो बाजी पलट गई। नये परिसीमन में गैर यादव संभल सीट पर जीत दर्ज कराने लगे।

1977 में सीट सृजन के बाद से 2009 में परिसीमन बदलने तक यादव उम्मीदवारों ने दर्ज कराई जीत

1998 व 1999 में मुलायम सिंह यादव संभल से चुनाव लड़कर बने सांसद

2004 में रामगोपाल यादव संभल लोकसभा सीट से चुनाव जीते

2009 में परिसीमन बदला तो यादव परिवार का संभल से हो गया मोह भंग

मुरली मनोहर जोशी लोकदल से जीते, जनता पार्टी व भाजपा से हारे, भाजपा के बची सिंह रावत ने लगातार सर्वाधिक चार जीत हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया, कांग्रेस के हरीश रावत तीन बार जीते तो चार बार हारे

अल्मोड़ा से सियायत के शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर

● बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों में अल्मोड़ा का राजनीतिक इतिहास काफी रोचक रहा है। आजादी की लड़ाई लड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों समेत देश की राजनीति में शीर्ष तक पहुंचे कई कद्दावर नेताओं के भविष्य की नींव इसी लोकसभा सीट से पड़ी। 1952 के चुनावों के बाद हुए लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद यह संसदीय सीट स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आई। जिसके बाद से यहां लगातार कांग्रेस और भाजपा के बीच ही टक्कर देखने को मिली है।

आजादी के बाद देश में पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनावों की बात करें तो इस उस समय अल्मोड़ा लोकसभा सीट दो भागों में बंटी हुई थी। पहली नार्थ ईस्ट और साउथ वेस्ट। पहले चुनावों में इन दोनों सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजय हासिल की। नार्थ ईस्ट से देवी दत्त और साउथ वेस्ट से सीडी पांडे विजयी हुए। 1957 में कांग्रेस उम्मीदवार हरगोविंद पंत यहां से सांसद चुने गए। जबकि 1962 के चुनाव में कांग्रेस ने एक नए उम्मीदवार जंग बहादुर को यहां से मैदान में उतारा। यह चुनाव वह जीते और उन्होंने 1967 के चुनावों में भी दोबारा इस सीट पर जीत हासिल की।

1971 में कांग्रेस ने फिर से एक नए उम्मीदवार नरेंद्र सिंह को मैदान में उतारा और उन्होंने भी यहां बाजी मार ली। लंबे समय से अल्मोड़ा सीट पर राज कर रही कांग्रेस को 1977 के चुनावों में पहली बार यहां से हार का सामना करना पड़ा। जब लोकदल के चर्चित नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस के नरेंद्र सिंह को करीब 77,476 मतों से परास्त कर दिया। 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने युवा और उभरते नेता हरीश रावत को यहां से उम्मीदवार बनाया। हरीश रावत ने इस बार जनता पार्टी के मुरली मनोहर जोशी को करारी मात दी।1984 में हरीश रावत के सामने फिर से मुरली मनोहर जोशी भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे। इस चुनाव में भी कांग्रेस के हरीश रावत ने उन्हें परास्त कर दिया। 1989 में हुए चुनाव में हरीश रावत ने जीत की हैट्रिक बनाते हुए निर्दलीय उम्मीदवार काशी सिंह को हरा दिया। इस तरह हरीश रावत लगातार तीन बार सांसद रहे। लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए जीत का यह सिलसिला लगातार कायम नहीं रख सकी।



1991 के बाद भाजपा ने जमाया कब्जा, सिर्फ एक बार जीती कांग्रेस

वर्ष 1991 में भाजपा ने इस सीट पर जीवन शर्मा को मैदान में उतारा। जिन्होंने कांग्रेस के हरीश रावत के तिलिस्म को तोड़ते हुए इस सीट पर जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा के बची सिंह रावत ने 1996, 1998 व 1999 के चुनाव लगातार जीतकर हैट्रिक बनाई। इन तीनों ही चुनाव में बची सिंह रावत ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को पटखनी दी। 2004 में बची सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत की पत्नी रेणुका रावत से हुआ। इस चुनाव में भी बची सिंह रावत को जीत मिली और उन्होंने सर्वाधिक चार बार जीतने का रिकॉर्ड बनाया। लगातार शिकस्त का सामना कर रही कांग्रेस ने वर्ष 2009 में प्रदीप टम्टा को मैदान में उतारा और उन्होंने जीत हासिल की। उन्होंने भाजपा के अजय टम्टा को परास्त किया। 2014 में 16 वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में मुकाबला फिर से कांग्रेस के प्रदीप टम्टा और भाजपा के अजय टम्टा के बीच हुआ। इसमें भाजपा के अजय टम्टा ने बाजी मार ली और पार्टी को जीत दिला दी। 2019 में भी भाजपा के अजय टम्टा ही इस सीट से सांसद चुने गए। अब 2024 के चुनाव में बीजेपी के अजय टम्टा और कांग्रेस के प्रदीप टम्टा फिर आमने सामने हैं। इन चुनावों में अब कौन सी पार्टी इस ऐतिहासिक सीट पर कब्जा जमाएगी। यह तो भविष्य ही तय करेगा।

अल्मोड़ा सीट पर कब कौन रहे सांसद

वर्ष	पार्टी	सांसद
1957	कांग्रेस	जंग बहादुर
1960	कांग्रेस	हरगोविंद पंत
1962-67	कांग्रेस	जंग बहादुर
1971	कांग्रेस	नरेंद्र सिंह
1977	लोक दल	मुरली मनोहर जोशी
1980-84 व 89	कांग्रेस	हरीश रावत
1991	भाजपा	जीवन शर्मा
1996-98,99 व 2004	भाजपा	बच्ची सिंह रावत
2009	कांग्रेस	प्रदीप टम्टा
2014 व 19	भाजपा	अजय टम्टा

लोकसभा में हैं 14 विधानसभाएं

अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चौदह विधानसभाएं धारचूला, डीडीहाट, पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, लोहाघाट, चंपावत, द्वाराहाट, सल्ट, रानीखेत, सोमेश्वर, अल्मोड़ा, जागेश्वर, कपकोट व बागेश्वर आती हैं। जिनमें से नौ सीटों पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी के विधायक हैं।

एक नजर

अलग पेयजल लाइन देने की मांग पर अड़े ग्रामीण

अल्मोड़ा : द्वाराहाट के दुधोली गांव में पेयजल की आपूर्ति सुचारू ना होने से यहां के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से गांव के लिए अलग से लाइन बिछाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे।गांव के ग्रामीणों का कहना है कि वह लंबे समय से पेयजल की अनियमित आपूर्ति से जूझ रहे हैं। इससे पूर्व कई बार समस्या को लेकर जल संस्थान के अधिकारियों से लेकर रानीखेत कार्यालय तक गुहार लगा चुके हैं। अधिकारियों से हुए लिखित समझौते तहत सूखादेवी से दुधोली को अलग पेयजल लाइन डालने पर सहमति बनी थी। बाबजूद इसके सूखादेवी से दुधोली के लिए पेयजल लाइन नहीं खोदी जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें खोलियाबांज, चरी, रतखाल, नायल गांवों की तरह अलग से पेयजल लाइन नहीं दी गई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे।

अल्मोड़ा में सिद्ध नौला से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए नंदा देवी मंदिर पहुंचकर हुआ समापन, सैकड़ों महिलाओं ने की भागीदारी

महिलाओं ने गीत-नृत्य के साथ निकाला भव्य होली जुलूस

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में रविवार को नगर में भव्य होली जुलूस का आयोजन किया गया। होली का यह जुलूस नगर के सिद्ध नौले से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए नंदा देवी मंदिर परिसर पहुंचा। जहां होल्यारों की टीम के बीच अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इस दौरान होल्यारों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी।

महिला कल्याण संस्था की ओर से नंदा देवी मंदिर परिसर में दो दिवसीय होलिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रविवार को नगर में भव्य होली जुलूस निकाला गया। महिला होल्यार नगर के सिद्धनौले में एकत्र हुए और उसके बाद वहां से शुरू सांस्कृतिक जुलूस पल्टन बाजार, थाना बाजार, जौहरी बाजार, गंगोला मोहल्ला, कचहरी बाजार, कारखाना बाजार, चौक बाजार होत हुए नंदा देवी परिसर पहुंचा। नंदा देवी परिसर में महिला होल्यारों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को हाली गायन किया और स्वांग के जरिए सामाजिक बुराइयों पर कटाक्ष किया और चुटीले अंदाज से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। नंदादेवी मंदिर परिसर में महिला होल्यारों ने सिद्धि को दाता विघ्न विनाशक होली खेले गिरजापति नंदन होली गीत गाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके अलावा मुझे मिल गया नंद का लाल रसिया होलिन, आज नंद लाल संग खेलूंगी होली, जल कैसे भरू जमुना गहरी, गई गई रे असुर तेरी नारी मंदोदरी सिया मिलन गई वागां में, शिव के मन माही बसे काशी, सीता राम के ब्याह जनकपुर जाना है आदि होली गीतों और अन्य झोड़े गाकर खूब वाहवाही बटोरी। इस दौरान नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इधर एसएसजे के मुख्य परिसर में होली गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने किया। महोत्सव में परिसर के छात्र छात्राओं ने होली गीतों के माध्यम से खूब रंग जमाया। विभिन्न कुमाऊंनी व गढ़वाली गीतों में नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। परिसर के छात्र छात्राओं की अलग-अलग टीमों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। साथ ही एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकार रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर रीता दुर्गापाल, आनंद सिंह बगड़वाल, मनोज सनवाल, धनश्याम जोशी, मीता उपाध्याय, चंद्रा अग्रवाल, हेम जोशी, अनिल सनवाल, मंजू अग्रवाल, आशा पंत, तारा चंद्र जोशी, आशा कर्नाटक, मंजू जोशी, ममता चौहान समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

अल्मोड़ा नगर में होली जुलूस निकालती महिला होल्यार। ● अमृत विचार

धौलछीना में तहसील के संचालन की मांग

अल्मोड़ा, अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने शासन से धौलछीना तहसील के शीघ्र संचालन की मांग की है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को भेजे ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारिों ने कहा है कि धौलछीना को तहसील घोषित किए वर्षों बीत गए हैं। लेकिन इसका संचालन अब तक नहीं हो पाया है। जिस कारण यहां के ग्रामीणों को छोटे छोटे से कामों के लिए अल्मोड़ा की दौड़ लगानी पड़ती है।

इसके अलावा राज्य आंदोलन कारियों ने तहसील भवन का निर्माण पेटशाल से मनीआगर में बनाए जाने की मांग भी की है। राज्य आंदोलनाकारियों ने अपनी इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में ब्रहमानंद डालाकोटी, जिपं सदस्य शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड़वाल समेत अनेक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

आचार संहिता के नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं

जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने सरकारी संपत्ति से चुनाव प्रचार सामग्री हटाने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनावों की तारीख तय होने के बाद जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। अल्मोड़ा लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। जबकि 4 जून को चुनाव नतीजे आएंगे। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों और जिले के लोगों को आदर्श आचार संहिता के नियमों का पूरा पूरा पालन करना होगा। नियमों का उल्लघंन करने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नवीन कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने तिथियों का ऐलान कर दिया है। जिसके तहत, अल्मोड़ा लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में चुनाव होंगे। चुनाव के लिए 20 मार्च को चुनाव संबंधित गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। 27 मार्च को नामांकन करने की अंतिम तिथि रखी गई है। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी। 30 मार्च को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है। इसके साथ ही 19 अप्रैल को अल्मोड़ा की आरक्षित लोकसभा सीट पर मतदान होगा।

इसके बाद 4 जून को मतगणना होगी। इसके बाद चुनावी नतीजों का ऐलान किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में हर प्रत्याशी 95 लाख रुपए तक ही खर्च कर पाएगा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में कुल 920 पोलिंग स्टेशन है।

पोलिंग पार्टियों के गठन के लिए जिले में पर्याप्त संख्या में मैनपावर मौजूद है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होते ही जिले में धारा 144 के नियम लागू कर दिए गए है। जो अग्रिम आदेशों तक लागू होंगे। नियमों का अनुपालन कराने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। जबकि सार्वजनिक जगहों पर राजनीतिक पार्टियों के बैनर, पोस्टर को हटाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीएस मर्तोलिया, नोडल अधिकारी स्वीप सीडीओ आकांक्षा कोंडे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में बैठक लेते जिला निवार्चन अधिकारी विनीत तोमर। ● अमृत विचार

निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने को अफसर गंभीर

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार चंपावत में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के बाद जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि लोकसभा चुनावों को स्वतंत्र, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।

जनपद में कुल 344 मतदान केंद्र हैं, जिसमें लोहाघाट में 185 व चंपावत में 159 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी बूथों पर प्रकाश, विद्युत शौचालय, रैंप आदि सुविधाएं की जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 206577 सामान्य मतदाता हैं, जिसमें 107889 पुरुष, 98688 महिला, 2371 दिव्यांग, 18-19 आयु वर्ग के 4152 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त 85+ आयु वर्ग के 1333 मतदाता हैं। साथ ही, 3116 सर्विस मतदाता हैं।

जिले में आठ पुलिस चेक प्वाइंट बनाए गए

जिले में 6 फ्लाइंग सर्विलांस टीम, 10 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 4 वीडियो सर्विलास टीम तथा 2 वीडियो अवलोकन टीम बनाई गई है। दोनों विधानसभा में 8 पुलिस चेक प्वाइंट बनाए गए हैं। एक आबकारी चैक पोस्ट बनाए गए हैं। साथ ही, 13 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 80 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। तीन अंतरराष्ट्रीय बैरियर बनाए गए हैं तथा 6 अंतर्जनपदीय बैरियर बनाए गए हैं।

पांडेखोला में शराब की दुकान खोली तो करेंगे चुनाव बहिष्कार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर से लगे पांडेखोला में शराब की दुकान खोले जाने की सुगबुगाहट होते ही स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने कहा है कि अगर इस क्षेत्र में शराब की दुकान खोली गई तो प्रशासन को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। स्थानीय लोगों ने इस मामले में डीएम को ज्ञापन भी भेजा है और दुकान खोले जाने पर लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी भी दी है।

जिलाधिकारी विनीत तोमर को भेजे ज्ञापन में लोगों ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से पांडेखोला क्षेत्र में शराब की दुकान खोले जाने की सुगबुगाहट हो रही है। जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। पांडेखोला के लोगों ने कहा है कि क्षेत्र के आसपास ग्राम पंचायत अथरबाड़ी, रैखोली, तलाड़ बाड़ी, गरगूंठ आदि गांवों के लोग भी रहते हैं। ऐसे में अगर यहां पर शराब की दुकान खोली गई तो इससे पूरे क्षेत्र का माहौल अशांत हो जाएगा और स्थानीय लोगों को इधर उधर जाना तक दूभर हो जाएगा।

इतना ही नहीं शराब की दुकान के नजदीक होने के कारण क्षेत्र की युवा पीढ़ी तेजी से नशे के चंगुल में फंसती चली जाएगी। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर पांडेखोला में खोली जा रही दुकान को कहीं अन्यत्र शिफ्ट नहीं किया गया तो वह चुनाव का बहिष्कार करेंगे और जरूरत पड़ी तो वह सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। इस दौरान प्रधान किशन सिंह बिष्ट, विमल कुमार, पल्लवी जोशी, हितेश नेगी, सुंदर सिंह समेत समेत अनेक स्थानीय लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

चेतावनी

- ग्रामीणों ने कहा -जबरदस्ती की गई तो सड़कों पर उतर कर होगा संघर्ष

अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा, अमृत विचार : मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत लमगड़ा पुलिस ने एक स्विफ्ट कार से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने कार चालक तस्कर को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया है।

लमगड़ा थाने के थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान संदेह होने पर भनोली की ओर से आ रही स्विफ्ट कार को रोका गया तो उसमें से करीब सत्रह पेटी अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार चालक मनोज कुमार निवासी ग्राम पुभाऊं को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन को सीज कर दिया है। थानाध्यक्ष महंत ने बताया कि अभियान जारी रहेगा।

इकलौते बेटे की मौत से मचा कोहराम

दुखद

- दो मासूम बेटियों, पत्नी और माता-पिता को छोड़ गया सुंदर
- पति की अचानक मौत की खबर से गश खाकर गिर पड़ी पत्नी

वाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बेहद मिलनसार और अपने काम के प्रति समर्पित रहने वाले उत्तराखंड पुलिस में तैनात सुंदर सिंह साही का परिवार का ताना बाना रविवार को कुछ ही पलों में बिखर कर रह गया। अचानक हुए इस हादसे के बाद जहां पत्नी नीमा और माता पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं अपने पीछे छोड़ गया दो मासूम बच्चियों का चेहरा देखकर हर किसी की आंख नम हो जा रही है।

जिला अस्पताल में रोते बिलखते परिजनों को संभालते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

बागेश्वर जिले के कपकोट का रहने वाला सुंदर सिंह शाही वर्ष 2012 में उत्तराखंड पुलिस में तैनात हुआ। इस दौरान उसने कई जगहों पर अपनी सेवाएं दी। इन दिनों वह अल्मोड़ा के पुलिस लाइन में तैनात था। सुंदर की पत्नी नीमा शाही और एक चार और एक दो महीने की दुधमुंही बच्ची भी उसके साथ ही पुलिस लाइन में रहते थे। रविवार को सुबह वह रोज की तरह अपनी ड्यूटी के लिए तैयार हुआ और घर से निकल गया। पत्नी नीमा अपने बच्चियों के साथ थी। अचानक उसे हादसे के बारे में पता चला तो वह गश खाकर गिर गई। आसपास के लोगों ने उसे और उसके बच्चों को जैसे तैसे संभाला। हादसे से सदमे में आई नीमा कुछ बताने की हालत में नहीं थी। आसपास के लोगों ने बताया कि यह परिवार खुशी खुशी लंबे समय से यहां रह रहा था। लेकिन अचानक नियति ने इस परिवार की सारी खुशियां निगल ली। दोपहर तक सुंदर के परिजन भी अल्मोड़ा पहुंच गए थे। लेकिन हादसे के कारणों के बारे में उन्हें भी कोई जानकारी नहीं थी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि सुंदर अपने घर का इकलौता बेटा था। उसकी चार बहनें हैं जिनका पूर्व में विवाह हो चुका है।

वर्ग पहेली-13

बाएं से दाएं

3. 1. बधाई, मुबारक कहने की क्रिया 2. शुभकामना, बधाई गीत।
4. 1. पत्नी, शादीशुदा स्त्री, जोरू 2. वह स्त्री जिसने बच्चे को जन्म दिया हो।
5. 1. फेंका हुआ 2. नष्ट किया हुआ, विनष्ट 3. जो मार डाला गया हो 4. जड़ा हुआ, संलग्न।
7. हृदय, जीव, मन, जी।
9. गोताख़ोर, समुद्र तल पर पड़ी हुई वस्तु निकालने वाला व्यक्ति।
10. अंग्रेज़ी टोपी, टोप।

ऊपर से नीचे

1. एक संदूकनुमा विलायती बाजा जो भारतीय संगीत के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय है।
2. गूमट, गुमड़ा, माथे या सिर पर चोट लगने से उभर आने वाली गोल सूजन, गुलमा।
3. 1. उपलब्ध, मौजूद 2. तैयार, प्रस्तुत।
4. 1. जीवन का सहारा, प्राणाधार 2. प्रेयसी।
6. 1. गरमी, ताप 2. हलका बुख़ार।
8. संख्या '86' का सूचक।



वर्ग पहेली -12 का हल

1 क	जा	वा	■	■	2 गँ	■
ला	■	■	3 वै	■	द	■
कं	■	4 अ	ध	5 ज	ला	■
6 द	शा	व	ता	र	■	7 खं
■	■	गा	■	8 क	रं	ड
9 अ	गू	ढ़	■	टी	■	सा
ल	■	■	■	■	■	री

सुडोकू -92

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				7				3
9		2					8	
	7		8			4		
5			3			8	9	
				6	1			2
		1			2			
						7	5	8
8	4			9				

सुडोकू -91 का हल

9	4	2	5	8	6	7	3	1
6	7	5	3	1	2	4	8	9
3	8	1	4	7	9	2	5	6
4	1	9	2	3	7	5	6	8
8	5	7	9	6	1	3	4	2
2	3	6	8	4	5	9	1	7
1	6	4	7	9	3	8	2	5
7	2	3	6	5	8	1	9	4
5	9	8	1	2	4	6	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 22.49 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 18.10 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार मन में आ सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। सोसाइटी में रहते हैं तो किसी आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा मन उत्साह से भरा हुआ रहेगा। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

वृष — आज प्रेम संबंधों में ऊंच-नीच का भाव उत्पन्न होगा। कुछ बातों को लेकर निराशा का भाव उत्पन्न होगा तो कुछ बातों को लेकर मन प्रसन्न भी रहेगा। ऐसे में अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें। ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है।

मिथुन — आज स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। समय का प्रबंधन काम आएगा तथा अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। मन पहले की अपेक्षा खुश होगा तथा कुछ नया करने का विचार मन में आ सकता है।

कर्क — आज लंबे समय से किसी कार्य को करने की योजना बना रहे थे तो वह पूर्ण हो जाएगा। सिंगल लोगों को सोशल मीडिया पर किसी के प्रति आकर्षण का भाव आएगा। पुराने मित्रों के साथ गेट-टुगेदर कर सकते हैं।

सिंह — आज मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अपने लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे, जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें और मन लगाकर काम करें।

कन्या — आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिन का समय तो सामान्य रहेगा, लेकिन शाम होते-होते कुछ ऐसा घटित हो सकता है जिससे मन में बेचैनी का भाव उत्पन्न होगा। संतान को लेकर भी चिंता रह सकती है।

तुला — आज का दिन राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जो आपका करियर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कारोबार में बड़ी साझेदारी के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक — आज नौकरी करते हैं तो कार्यक्षेत्र में सम्मान के भागीदार बनेंगे। आपके काम की प्रशंसा की जाएगी तथा प्रमोशन से जुड़ी बात आगे बढ़ेगी। भाई या बहन का साथ मिलेगा जो मन को आनंदित करेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

धनु — आज परिवार में किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद सामने आएगा। ऐसे में अपनी बातों को तार्किक तरीके से रखेंगे तो स्थिति बेहतर रहेगी। सभी के साथ मेलजोल बनाकर रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

मकर — आज आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। सरकारी अधिकारियों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सामाजिक कार्यों को करने में मन लगेगा तथा समाज में भी आपकी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

कुंभ — आज आपके मन में व्यापार को लेकर नए-नए आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। अस्थमा के रोगियों को विशेष रूप से अपना ध्यान रखने की आवश्यकता है। संतान की जॉब संबंधी परेशानी का समाधान होगा।

मीन — आज किराना व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलने का प्रबल योग हैं। यदि आपने पैसों को शेयर बाजार में निवेश किया हुआ है तो वहां से उचित लाभ भी मिलेगा। पेट में मरोड़ और दर्द की शिकायत हो सकती है। कहीं की यात्रा कर सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
क्यों की — सुबह : 11.00
सरफरोश — रात : 07.00

SONY MAX
पागलपंती — सुबह : 10.43
वाटला हाउस — रात : 07.00

SONY PIX
एनाबेल — सुबह : 10.46
ज़ॉम्बीलैंड — रात : 09.00

ZEE CINEMA
सड़क — सुबह : 10.30
फटा पोस्टर निकला हीरो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
कभी खुशी कभी गम — दोपहर : 12.51
भोला शंकर — रात : 07.57

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी मायके से-कैसे हो?
पति - ठीक हूं
पत्नी- जब मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
पति - तुम्हारी पसंदीदा आइसक्रीम केसर पिस्ता या अमूल नट्स खा लेता हूं और मेरी याद आने पर तुम क्या करती हो?
पत्नी- मैं भी 'रॉयल स्टेज' काक्वाटर और तीन सिगरेट पीकर एक रजनीगंधा खा लेती हूं।

सास (दामाद से)- आप काम क्या करते हैं?
दामाद- जी मैं पायलट हूं।
सास- अच्छा कौन-सी एयरलाइंस में पायलट हैं?
दामाद- अरे मैं वो शादियों में ड्रोन उड़ाता हूं।

मतदान जागरूकता कार्यक्रमों में लाएं तेजी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने रविवार को सचिवालय में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों व पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक ली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलों में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में मतदान प्रथम चरण में होना है। इस लिहाज से बूथ लेवल तक स्वीप गतिविधियों व जागरूकता कार्यक्रमों को और व्यापक स्तर पर चलाया जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश के ऐसे जनपद जो अंतर्राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे हैं, उनके चेकपोस्ट पर और भी प्रभावी तरीके से निगरानी बढ़ाई जाए। सीईओ ने निर्देश दिए कि इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) में सभी एजेंसियां सीजर रिपोर्ट, इनरसेप्ट रिपोर्ट को ज़िम्मेदारी से भरें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में स्टैटिक सर्विलांस टीमें विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन पर त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में स्टेट नोडल ऑफिसर (एक्सपेंडिचर एवं मॉनिटरिंग) मनमोहन मैनाली ने बताया कि प्रदेश में 1 मार्च से 16 मार्च तक 7 करोड़ रुपये से अधिक नगदी, अवैध शराब व मादक पदार्थ को सीज किया गया है। इनमें सबसे अधिक मात्रा मादक पदार्थ की है।

अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में फोर्स डेप्लॉयमेंट प्लान तैयार कर दिया गया है।

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में जो शैडो एरिया है वहां संचार व्यवस्था सुचारू करने के लिए जिलों के एसएसपी/एसपी को निर्देशित कर दिया गया है। एडीजी एपी अंशुमान ने बताया कि प्रदेश के दुर्गम इलाकों में ड्रोन कैमरों के जरिए निर्वाचन कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास समेत सभी जिलों के जिलाधिकारी व एसएसपी/एसपी वर्चुअली मौजूद रहे।

देहरादून में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम। ● अमृत विचार

चुनाव आयोग की गाइड लाइन का सख्ती से पालन करें राजनीतिक दल

देहरादून : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी. पुरुषोत्तम ने रविवार को सचिवालय में प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी दलों से प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में पूरा सहयोग देने तथा आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने की अपील की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जिसके दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों की एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग भी शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सभी दल निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार अपने उम्मीदवारों के नामांकन संबंधी प्रक्रिया, चुनावी रैली व अन्य गतिविधियों को संचालित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमान, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, प्रताप शाह, स्टेट नोडल (एक्सपेंडेचर मॉनिटरिंग) मनमोहन मैनाली, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास समेत सभी मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सीवर लाइन कार्य के दौरान मलबे में दबे दो श्रमिक, एक की मौत

देहरादून, अमृत विचार : मसूरी में शनिवार रात सीवर लाइन के कार्य के दौरान हादसा हो गया। नगर के कैमल बैक रोड पर सीवर पाइप बिछाते समय दो श्रमिक सड़क से अचानक गिरे मलबे के नीचे दब गए। हादसे में एक श्रमिक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मजदूर नेपाल के रहने वाले थे।

बताया जा रहा है कि शनिवार रात सड़क पर सीवर लाइन के लिए सड़क पर खुदाई का काम चल रहा था। सड़क खोदकर दो मजदूर पाइप बिछाने का काम कर रहे थे। तभी सड़क पर जमा मलबे का ढेर श्रमिकों के ऊपर गिर गया। इस दौरान मजदूरों के ऊपर काफी मात्रा में मलबा आ गया, जिससे वह मलबे में दब गए। मौके पर काम कर रहे अन्य मजदूरों ने आनन फानन में दोनों को मलबे से बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया गया है।

सार-संक्षेप

चकरपुर के वनखंडी मेले में खरीदारी करते हुए लोग। ● अमृत विचार

वनखंडी मेले में उमड़ी भीड़, आज होगा समापन

टनकपुर : टनकपुर खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के चकरपुर के वनखंडी मंदिर में शिवरात्रि मेले से शुरू हुए मेले में इस समय भारी संख्या में लोग शिव के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। इस मेले में जनपद ऊधमसिंह नगर के अलावा चम्पावत और पड़ोसी देश नेपाल से भारी संख्या में श्रद्धालु यहां भगवान शिव के दर्शन और खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। यहां लगे झूले, विभिन्न प्रकार के स्टॉल, मिष्ठान खासे आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। मेले में शिवरात्रि मेले से ही सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मेले का सोमवार को समापन हो जाएगा।

प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण किया जाना जरूरी

अल्मोड़ा : राजकीय महाविद्यालय भिकियासैंण में एनएसएस का शिविर जारी है। शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने गांधीनगर, भिकियासैंण में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। स्वयंसेवियों ने लोगों से पर्यावरण को स्वच्छ बनाकर प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण की अपील की। इस दौरान स्वयंसेवियों ने रामगंगा में जमा कूड़े की भी सफाई की। बौद्धिक सत्र में संजीवनी विकास एवं जन कल्याण समिति के हिमांशु मनराल ने स्वयंसेवियों को कृषि, मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. इला बिष्ट, डॉ. दीपा लोहनी, महेश चंद्र, गौरव कुमार रहे।

दो शक्ति केंद्रों में भाजपा की बैठक हुई संपन्न

रानीखेत : मंडल के अंतर्गत दो शक्ति केंद्रों में भाजपा के बूथों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को संपन्न हुई। अटल शक्ति केंद्र में मुख्य वक्ता के रूप में कुमाऊं संयोजिका विमला रावत व मां सरस्वती केंद्र की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीप भगत रहे। बैठकों की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी ने की। बैठकों में लोकसभा चुनाव की तैयारी की रूपरेखा और बूथ स्तर के कार्यों को विस्तार में बताया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मोदी सरकार अबकी बार 400 पार के संकल्प को दोहराया और अपने-अपने बूथों से भाजपा के प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से जीताने का संकल्प भी लिया। यहां महामंत्री उमेश पंत, दर्शन बिष्ट, दर्शन मेहरा, गिरीश भगत, अतुल अग्रवाल, हरीश पांडे, अनुभव अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष भावना पालीवाल, दीप्ति बिष्ट, अंजू पांडे, अनु सोनकर रहे।

एनएसएस कैंप में मौजूद स्वयंसेवी व शिक्षक। ● अमृत विचार

सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ

रानीखेत : राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ खिरखेत इंटर कॉलेज में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि खिरखेत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान राजेश कुमार तथा छात्र संघ के पदाधिकारी रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पुष्पेश पांडे ने महाविद्यालय से शिविर स्थल के लिए टीम को रवाना किया गया। शुभारंभ सत्र में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य खिरखेत ने स्वयंसेवियों को अनुशासित रहते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर आपको समाज के प्रति अनुशासित बनाते हैं। सत्र में रश्मि, प्रभात रावत, प्रदीप, मनोज, कुमारी रितिका आर्य तथा भास्कर मेहरा, डॉ. अभिमन्यु कुमार और डॉ. पारुल भारद्वाज रहे।

तेंदुए के हमले में घायल पीड़ितों को मुआवजा देने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बीते दिनों सल्ट के बौड़ तल्ला गांव में तेंदुए के हमले में घायल दो ग्रामीणों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग ग्रामीणों ने की है। बीते शुक्रवार को बौड़ तल्ला निवासी दिनेश रावत बकरियों को चराने के लिए जंगल की ओर ले गए थे। तभी घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उनकी बकरियों पर हमला कर दिया। उन्होंने शोर मचाया तो तेंदुआ उन पर भी झपट गया था।

चीखने चिल्लाने की आवाज सुन ग्रामीण उन्हें बचाने पहुंचे तो तेंदुए ने एक और ग्रामीण जगत सिंह पर भी हमला कर दिया था। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवायल ले जाया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

रविवार को कांग्रेस के युवा नेता नारायण सिंह रावत और सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव घनानंद शर्मा दोनों प्रभावितों के घर पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान कांग्रेस नेता नारायण रावत ने कहा कि क्षेत्र में मानव जीव संघर्ष की घटनाएं होती जा रही हैं। लेकिन विभाग कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। रावत ने वन अधिकारियों से तेंदुए को शीघ्र पकड़ने और प्रभावितों को मुआवजा राशि देने की मांग की।

बौड़ गांव में घायलों का हाल जानते लोग। ● अमृत विचार

सर्वसम्मति से बने राजीव आर्य अध्यक्ष

टनकपुर, अमृत विचार : टनकपुर में भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि व चुनाव प्रभारी विशाल गोयल,विशिष्ट अतिथि परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष हरीश शर्मा और खटीमा के शाखा प्रबंधक नीरज वर्मा की मौजूदगी में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं राष्टीय गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात सभी सदस्यों की सर्वसहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक दीपक शारदा, अध्यक्ष राजीव आर्य, सचिव कोशल तिवारी, कोषाध्यक्ष अतुल शारदा, वहीं महिला संरक्षिका के लिए सीमा अग्रवाल और कल्पना अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अनुराग अग्रवाल, संजय अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, कैलाश गहतोड़ी, संजय गर्ग, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई न हुई तो खाद्यान्न वितरण का करेंगे बहिष्कार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ ने शासन से उनके लंबित पड़े देयकों के शीघ्र भुगतान की मांग की है। संगठन ने कहा है कि डीलरों को उनका भुगतान ना होने के कारण आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन कई बार की मांग के बाद भी उनके भुगतान के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। गल्ला विक्रेताओं ने कहा कि अगर उनकी उपेक्षा जारी रही तो वह आने वाले समय में खाद्यान्न का वितरण पूरी तरह बंद कर देंगे।

नंदा देवी मंदिर के गीता भवन में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिले के सस्ता गल्ला विक्रेताओं द्वारा पूर्व में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत करीब ग्यारह महीनों तक उपभोक्ताओं का मुफ्त राशन का वितरण किया। जिसका भुगतान गल्ला डीलरों को आज तक नहीं किया गया है। जिस कारण उन्हें अब आर्थिक दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है और वह अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी ईमानदारी से नहीं कर पा रहे हैं। सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने कहा है कि अगर उनकी मांग पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह भविष्य में राशन वितरण का कार्य ठप करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष संजय साह, दिनेश गोयल, केसर सिंह खनी, अभय साह, सुरेश डालाकोटी, विपिन तिवारी, नारायण सिंह, प्रकाश भट्ट, दीपक साह, आनंद सिंह कनवाल रहे।

उत्तर प्रदेश

सार-संक्षेप

पूर्व मंत्री के पौत्रों पर किया चाकू से हमला

सुलतानपुर : जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बगिया गांव में मामूली बात पर पूर्व मंत्री के दो पौत्रों को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। आनन-फानन में परिजन घायलों को सीएचसी ले गए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। एक की गंभीर हालत देख ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेजा गया। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। बगियागांव निवासी पूर्व मंत्री रहे स्व. राम रतन यादव के दो पौत्र शुभम यादव (20) पुत्र राम भोर व इंद्रमणि यादव (28) पुत्र राम विशाल के ऊपर मामूली विवाद के चलते एक युवक ने चाकू से हमला बोल दिया। जब दोनों युवक लहूलुहान होकर गिर पड़े तो आरोपित युवक भाग निकला। चाकूबाजी की घटना से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल युवकों को लेकर सीएचसी जयसिंहपुर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया।

लखीमपुर खीरी में खुलेगा सरकारी नर्सिंग कॉलेज

लखनऊ : बहराइच व गोंडा के बाद लखीमपुरखीरी में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए शासन ने 10 करोड़ रुपये भी स्वीकृत कर दिये हैं। जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज और एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना चला रही है। नर्सिंग कॉलेज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर या दूसरी जगह भूमि की उपलब्धता पर अलग भी स्थापित किये जा रहें हैं। नर्सिंग कॉलेज शुरू होने से स्थानीय स्तर पर छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा अस्पतालों को प्रशिक्षित नर्सेस उपलब्ध होंगी। उक्त क्रम में ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में नर्सिंग कॉलेज शुरू करने के लिए 2 करोड़ रूपये की किस्त जारी कर दी गई है।

होली पर कई रूटों पर चलेंगी अधिक बसें

बरेली : होली पर यात्रियों को अपने घर पहुंचने में दिक्कत न हो, इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। परिवहन विभाग करीब 10 रूटों पर अधिक बसें चलाएगा। इसके लिए वर्कशॉप में बसों की कमियों को दूर किया जा रहा है। वहीं कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा लगातार ड्यूटी करने पर कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। 25 मार्च को होली है। दूसरे शहरों में रह रहे लोग त्योहार पर अपने घर को लौटने लगे हैं। आने वाले दिनों में संख्या अधिक होगी। यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए परिवहन विभाग ने दिल्ली, कानपुर, टनकपुर, हल्द्वानी, नैनीताल, रामपुर, मुरादाबाद के अलावा छोटे रूटों पर अधिक बसें चलाने और फेरे बढ़ाने की तैयारी की है। इसके लिए बसों की मरम्मत की जा रही है। इसके अलावा 22 से 31 मार्च तक कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी।

फज्र की नमाज पढ़ रहे रोजेदार की मौत, मचा कोहराम

रामपुर : फज्र की नमाज के दौरान रोजेदार की गिरकर मौत हो गई। परिजन रोजेदार को डॉक्टर के पास ले गए। डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोजेदार की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सींगनखेड़ा निवासी हामिद हुसैन उर्फ नन्हें (60) रविवार सुबह फ्रज की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में गए थे। वुजू करने के बाद रोजेदार जमात के साथ नमाज अदा करने लगे। जमात की नमाज के दौरान वह अचानक फर्श पर गिर गए। सलाम फेरने के बाद अन्य नमाजियों ने बुजुर्ग को जमीन पर गिरा देखा तो घरवालों को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए। लेकिन तब तक बुजुर्ग रोजेदार की मौत हो चुकी थी। बुजुर्ग की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। डॉक्टर चक्कर खाकर गिरने से मौत मान रहे हैं।

पिटबुल ने आठ साल के बालक को किया घायल

रामपुर, अमृत विचार : पिटबुल (कुत्ते) ने आठ साल के बालक को काटकर घायल कर दिया। परिजन उसका जिला अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। पीड़ित ने आरोपी कुत्ते मालिक के खिलाफ तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला फर्राशान निवासी लक्ष्मण यादव का कहना है कि उसका आठ साल के बेटे केशव को पास के ही रहने वाले चंद्र मोहन दुआ के पिटबुल ने बुरी तरह काट कर जख्मी कर दिया। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने चंद्र मोहन दुआ के खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद पुलिस कुत्ते के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा अंडरपास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या के समाधान के लिए अंडरपास बनाया जाएगा। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने डीआरएम इज्जतनगर को अंडरपास बनाने का प्रस्ताव भेजा है। राइस मिलर लंबे समय से अधिकारियों से अंडरपास बनाने की मांग कर रहे थे।

12 मार्च को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में हुई मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को अंडरपास बनवाने की पैरवी करने के संबंध में जानकारी दी गई। अधीनस्थों को भी अंडरपास बनवाने के लिए रेलवे में मजबूत पैरवी करने के निर्देश दिए हैं।

रिछा रोड पर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से भीषण जाम लगता है, जिससे बहुत परेशानी होती है। उन्होंने रिछा रेलवे क्रॉसिंग पर मिनी अंडरपास बनवाने के लिए प्रत्यावेदन दिया। 12 मार्च को हुई बैठक में पिछली बैठक के निर्देश के अनुपालन में बताया गया कि संयुक्त आयुक्त उद्योग ने रिछा रोड रेलवे क्रॉसिंग पर मिनी अंडरपास बनवाने के लिए कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के स्तर से 14 फरवरी को ही मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर और पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भिजवाया गया है।

ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से छात्र की मौत

रामपुर, अमृत विचार : ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आकर कक्षा आठ के छात्र की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लदौरा निवासी मोतीराम का 10 वर्षीय पुत्र विजय कक्षा आठ का छात्र था। रविवार की सुबह करीब 10 बजे वह घर के बाहर साइकिल चला रहा था। तभी सामने से आई ट्रैक्टर-ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। इस दौरान छात्र पहिये के नीचे आ गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। इसके बाद परिजन विजय को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही परिजन बुरी तरह बिलखने लगे।

युवक की गोली मारकर हत्या, शव खेत में फेंका

संवाददाता, रामपुर/मसवासी

अपराध

- करीमपुर गांव के जंगल में गन्ने के खेत में मिला शव
- काशीपुर की गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करता था जॉनी पाल

अमृत विचार : करीमपुर के जंगल में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया गया। सुबह मजदूर गन्ने की छिलाई करने पहुंचे तो युवक का शव देख सन्न रह गए। सूचना मिलने के बाद एसपी मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी ली। इसके बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी होरीलाल पाल का 26 वर्षीय पुत्र जॉनी पाल काशीपुर की गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह शनिवार की शाम से घर से लापता था। रात भर परिजनों ने उसे तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला। रविवार की सुबह गांव के कुछ मजदूर नजदीक के ही राणा फॉर्म पहुंचे और गन्ने की कटाई शुरू कर दी। सुबह लगभग नौ बजे उन्होंने जॉनी पाल का शव गन्ने के खेत में पड़े देखा। उसके शरीर में गोलियां लगी थीं। इसे देख मजदूरों को होश उड़ गए। उन्होंने गांव में पहुंचा दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव शिनाख्त जॉनी पाल के रूप में की।

दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रिपोर्ट दर्ज

- बारादरी पुलिस ने छह के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : दहेज में लग्जरी कार न मिलने पर ससुराली शादी के दूसरे दिन ही विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि उसे जमीन पर सुलाया गया और उसकी गला दबाकर हत्या की कोशिश की गई। बारादरी पुलिस ने पति समेत छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

संजयनगर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 3 मार्च को सेटेलाइट बस अड्डे के पीछे कॉलोनी में रहने वाले युवक से हुआ था। उनके पिता ने शादी में 25 लाख रुपये खर्च किए। चार मार्च को जब वह विदा होकर ससुराल पहुंची तो पति, सास, दो ननद, देवर ने उन पर जमीन पर सोने का दबाव बनाया। कारण पूछा तो कहा कि वह दहेज में लग्जरी कार नहीं लाई है। अगले दिन आरोपियों ने पिता के घर और जमीन में हिस्सा और 30 लाख रुपये नकद मांगे। विरोध पर पति और सास ने गला दबाकर हत्या की कोशिश की। आरोप है कि देवर ने दुष्कर्म की कोशिश की। पुलिस ने पति, सास, दो ननद, देवर व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम सम्मानित

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बेहतर प्रबंधन व उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलाधिकारी (जिला निर्वाचन अधिकारी) मानवेंद्र सिंह को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर जिले के अधिकारियों ने बधाई और शुभकामना देकर उनके मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता के साथ कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता सूची प्रबन्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय, उत्कृष्ट और अभिनव कार्य के लिए जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने प्रशस्ति पत्र मिलने पर प्रसन्नता जताई है।

महिलाओं का समूह बनाकर कर ली ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

आरोप

- रुपये मांगने पर दो भाइयों पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : इज्जतनगर में महिलाओं का समूह बनाकर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से हजारों रुपये ठग लिए गए। जब पीड़ित ने रुपये मांगे तो उनके साथ मारपीट की गई। पीड़ित के बेटे ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सीबीगंज की आईटीआर कॉलोनी निवासी साहिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता मोहम्मद असलम से प्रेमनगर नर्सरी थाना इज्जतनगर निवासी अमन भाटिया ने 30 महिलाओं का समूह बनाने को कहा। अमन ने झांसा दिया कि इसमें कमीशन मिलेगी। आरोपी की बातों में आकर पिता ने 30 महिलाओं का समूह बनाकर प्रत्येक महिला से 30-30 हजार रुपये जमा कराये। मुनाफा न मिलने पर जब आरोपी से कहा तो उसने 15 मार्च को उनके पिता और चाचा मोहम्मद अकरम को रुपये देने के लिए बुलाया। जब दोनों लोग प्रेम नर्सरी पहुंचे तो अमन भाटिया और 10-12 साथियों ने हमला कर दिया, जिसमें पिता और चाचा घायल हो गए। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दो कैदियों की जिला अस्पताल में मौत

सहारनपुर,अमृत विचार: जिला कारागार में सजा भुगत रहे दो कैदियों की आज जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

मृत कैदियों में एक बलात्कार तथा दूसरा चोरी के आरोप में सजा काट रहा था। जेल सूत्रों के अनुसार रविवार सुबह उत्तराखंड के हरिद्वार क्षेत्र के कस्बा मंगलोर निवासी मैनपाल पिछले दो सालों से बलात्कार के आरोप में सजा काट रहा था सुबह अचानक उसके सीने में एकाएक तेज दर्द उठा। जेल प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया जहां उसकी मौत हो गई। वही जनपद के थानामंडी क्षेत्र की हुसैन बस्ती निवासी हसन को भी पेट दर्द के चलते अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

कांग्रेस का एजेंडा गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो : मोदी

प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले की चुनावी सभा में विपक्षी दल पर किया हमला

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) क्षेत्रीय आकांक्षाओं को साथ लेकर देश की प्रगति के लिए काम कर रहा है तथा चुनाव के बाद तीसरे कार्यकाल के दौरान देश कई और बड़े फैसले लेगा। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत', 'विकसित आंध्र प्रदेश' बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा।

आंध्र प्रदेश में बैठक के दौरान टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। ● एजेंसी

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी का एजेंडा अपने गठबंधन सहयोगियों का 'इस्तेमाल करो और फेंक दो' है। मोदी ने कहा-कल लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई। पूरा देश कहता है कि चार जून (मतगणना के दिन) को (राजग की कुल सीटें) 400 पार हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग का लक्ष्य 'विकसित भारत' और 'विकसित आंध्र प्रदेश' का निर्माण है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में 'डबल इंजन' वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा-एनडीए की ताकत बढ़ रही है, चंद्रबाबू नायडू और पवन दोनों कल्याण लंबे समय से यहां के लोगों के अधिकारों का समर्थन कर रहे हैं। हमारी सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम कर रहे हैं।

न्यायालय से नागरिकता संशोधन नियमों पर रोक लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली। केरल ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को 'असंवैधानिक' करार दिया है।

शुरू हो गई लोकसभा चुनाव की तैयारी...

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद रविवार को भोपाल में सेना और पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। ● एजेंसी

एक नजर

तरनतारन में ड्रोन से गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद

जालंधर। पंजाब के ज़िला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई छह सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है और इस खेप को लेने के लिए आए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफके सैनिकों ने सफलतापूर्वक एक पैकेट बरामद किया जिसमें 610 ग्राम हेरोइन थी।

मणिपुर में हथियार जमा कराने का निर्देश

इंफाल। निर्वाचन आयोग के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद मणिपुर में जिलाधिकारियों ने एक आदेश जारी कर लाइसेंसी हथियार रखने वाले लोगों को नजदीकी पुलिस थानों में अपने हथियार जमा कराने का आदेश दिया है ताकि चुनावों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। थौबल के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थौबल जिले के सभी लाइसेंस धारक 18वें आम चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और कानून व व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने लाइसेंसी हथियार तथा कारतूस 23 मार्च से पहले नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराएं।

छात्रावास में नमाज अदा करने को लेकर विदेशी छात्रों से मारपीट

अहमदाबाद (गुजरात),एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय में लोगों के एक समूह ने किया हमला
- श्रीलंका-ताजिकिस्तान के एक एक छात्र अस्पताल में भर्ती

अहमदाबाद में लोगों के एक समूह ने गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास की इमारत में नमाज अदा करने पर विभिन्न देशों के छात्रों से कथित तौर पर मारपीट की, जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को हुई इस घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के एक-एक छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना शनिवार रात ए-ब्लॉक हॉस्टल में हुई और कथित हमलावरों में से एक की पहचान अभी हो पाई है।

पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने बताया कि 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और घटना की जांच के लिए सुरक्षाकर्मियों के नौ दल गठित किए गए हैं। मलिक ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें मामले में सख्त व न्यायिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मलिक ने बताया कि घटना की सूचना शनिवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मिली जब करीब 20-25 लोग गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में घुस गए और उन्होंने अफगानिस्तान, उज्बेकिस्तान तथा अन्य देशों के छात्रों के छात्रावास में नमाज अदा करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि गुजरात विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीकी देशों के छात्रों समेत करीब 300 अंतर्राष्ट्रीय छात्र पंजीकृत हैं। करीब 75 अंतर्राष्ट्रीय छात्र विश्वविद्यालय के ए-ब्लॉक छात्रावास में रहते हैं जहां यह घटना हुई। मलिक ने बताया-करीब 20-25 लोग छात्रावास के परिसर में घुसे और उन्होंने नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताते हुए उनसे मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई और उन्होंने उनसे मारपीट की तथा पथराव किया।

छात्रों के साथ हुई झड़प मामले में दो गिरफ्तार

गुजरात के अहमदाबाद में गुजरात यूनिवर्सिटी के छात्रावास में नमाज पढ़ने पर विदेशी छात्रों के साथ कथित तौर पर हुई मारपीट मामले में क्राइम ब्रांच अहमदाबाद ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि इस मामले में अहमदाबाद निवासी हितेशभाई रा. मेवाडा और भरतभाई दा. पटेल को गिरफ्तार भी किया गया है।

राजस्थान में 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ 3 गिरफ्तार

जालौर, एजेंसी

राजस्थान में जालौर जिले की थाना बागरा एवं बालोतरा जिले की थाना सिणधरी में पुलिस ने 72,500 रुपये के नकली नोट के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञान चंद यादव ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के पास से 500-500 रुपये के कुल 145 जाली नोट बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी सरूपा राम जाट, खेताराम जाट एवं राउराम जाट थाना सिणधरी जिला बालोतरा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि थाना बागरा इलाके में नकली नोट के संबंध में सूचना मिलने पर नाकाबंदी में बाकरा गांव के पास बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्ति सरूपा राम एवं खेताराम को रोका गया था। दोनों की तलाशी ली गई तो उनके पास 500-500 के कुल 41 जाली नोट कुल रकम 20 हजार 500 रुपये मिले। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त की गई। पूछताछ में इन्होंने जाली मुद्रा की प्राप्ति सिणधरी निवासी राउराम जाट से होना बताया है।

संदेशखालि में शाहजहां के अवैध कब्जे वाली भूमि के उपयोग पर राय देने को समिति गठित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण अनुपयुक्त हो गई है।

राजस्थान के बूंदी में नहर में डूबने से दो लड़कों की मौत

कोटा। राजस्थान के बूंदी जिले में रविवार को दो लड़कों की एक नहर में डूबने से मौत हो गई, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया। पुलिस के मुताबिक यह घटना केशोरायपाटन पुलिस थाना क्षेत्र के सेन्था गांव में सुबह चार लड़के नहर के किनारे सेल्फी ले रहे थे और उनमें से एक लड़का आदित्य (14) नहर में फिसल गया। पुलिस ने बताया कि अपने दोस्त को डूबते और गहरे पानी में बहता देख तीनों दोस्त भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद पड़े लेकिन वे भी डूबने लगे। उनकी चीखें सुनकर एक राहगीर वहां पहुंचा और उनमें से दो को बचा लिया गया जिनकी पहचान यथार्थ (14) और सिद्धांत (13) के रूप में हुई। जबकि आदित्य (14) और पीयूष (16) गहरे पानी में बह गए।

भाजपा में संविधान को बदलने का साहस नहीं

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ''शोर बहुत मचाती'' है लेकिन उसमें संविधान को ''बदलने'' का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है।

भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका ''निजी विचार'' बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक 'न्याय संकल्प पदयात्रा' करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा-भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो ''अभिव्यक्तियों'' के बीच है।

न्याय संकल्प पदयात्रा

- राहुल गांधी बोले-सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है

पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव से साबित होता है निर्वाचन आयोग सरकार का हिस्सा: कपिल सिब्बल



नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग "सरकार का एक अंग" है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। उन्होंने बताया, "जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।" सिब्बल ने आरोप लगाया, "वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

कारोबार/कृषि

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती-110 मसूरी-94 बासमती-142, **दाल दलहन**-काला चना-104 साबुत चना दाल- 100 मूंग साबुत-100-120 राजमा-154 दाल उड़द-120 साबुत मसूर दाल-70 मसूर दाल- 75-109 उड़द साबुत-115 काबुली चना-70-140 अरहर दाल-155 लोबिया/करमानी-82 सोयाबीन-44-60 मूंगफली- 74-77 मटर (सूखी)-49-61 मक्का 18 रुपये।

एक नजर

अडाणी समूह 2024 25 में 14 अरब डॉलर निवेश करेगा

नई दिल्ली। अडाणी समूह ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में बंदरगाह, ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्र तक फैले अपने कारोबार में 1.2 लाख करोड़ रुपये (लगभग 14 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। सूत्रों ने कहा कि समूह ने अगले 7-10 वर्षों में कारोबार बढ़ाने के लिए अपने निवेश पूर्वानुमान को 100 अरब डॉलर से बढ़ाकर दोगुना कर दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित पूंजीगत व्यय इससे पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है।

केरोसिन की खपत 26 प्रतिशत घट गई

नई दिल्ली। देश में केरोसिन या मिट्टी के तेल की खपत में 2013-14 और 2022-23 के बीच साल-दर-साल आधार पर 26 की भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण सरकार की स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की नीतियां हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों 'ऊर्जा सांख्यिकी भारत 2024' में कहा गया है, हाल के समय की ऊर्जा नीतियों का प्रभाव देश में ईंधन के रूप में केरोसिन की खपत पर स्पष्ट दिखता है।

आंध्र प्रदेश और केरल में सबसे महंगा पेट्रोल

उद्योग के आंकड़ों के मुताबिक भाजपा शासित मध्य प्रदेश और बिहार भी पीछे नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा है। वहीं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली और पूर्वोत्तर जैसे छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वाहन ईंधन के दाम सबसे कम हैं। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। स्थानीय बिक्री कर या मूल्य वर्धित कर (वैट) की दरों में अंतर की वजह से विभिन्न राज्यों में वाहन ईंधन कीमतों में भिन्नता होती है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों पेट्रोलियम कंपनियों...इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इससे पहले करीब दो साल से वाहन ईंधन कीमतों में संशोधन नहीं हुआ था। इस कटौती से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन ऊंचे मूल्य वर्धित कर की वजह से कई राज्यों में अब भी वाहन ईंधन 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। वाई एस जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी सरकार के शासन वाले आंध्र प्रदेश में पेट्रोल सबसे महंगा 109.87 रुपये प्रति लीटर है। इसके बाद लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) शासित केरल का नंबर आता है। वहां एक लीटर पेट्रोल 107.54 रुपये में बिक रहा है। कांग्रेस शासित तेलंगाना में पेट्रोल की कीमत 107.39 रुपये प्रति लीटर है। बीजेपी शासित राज्य भी पीछे नहीं हैं- भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.45 रुपये प्रति लीटर, पटना में 105.16 रुपये (जेडी-यू के साथ गठबंधन में बीजेपी), जयपुर में 104.86 रुपये और मुंबई में 104.19 रुपये प्रति लीटर है। ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर है।

अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता

डीजल कीमतों की बात की जाए, तो आंध्र प्रदेश के अमरावती में यह ईंधन 97.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके बाद केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में यह 96.41 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में 95.63 रुपये और रायपुर में 93.31 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा शासित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बिहार में डीजल का दाम 92 से 93 रुपये प्रति लीटर है। ओडिशा और झारखंड में भी डीजल का दाम इतना ही है। अंडमान और निकोबार द्वीप में डीजल सबसे सस्ता है जहां यह लगभग 78 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। महानगरों में दिल्ली में वैट सबसे कम है। दिल्ली में डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है, जबकि गोवा में इसकी कीमत 87.76 रुपये प्रति लीटर है। ईंधन कीमतों में कटौती पर गोल्डमैन सैक्श ने कहा कि तीनों पेट्रोलियम कंपनियों विपणन कंपनियों का शुद्ध विपणन मार्जिन 1.7-2.7 रुपये प्रति लीटर से घटकर 80-90 पैसे प्रति लीटर रह जाएगा।

अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात बढ़कर 3.53 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 99.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान स्मार्टफोन के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 7.76 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में दो प्रतिशत थी। एक अधिकारी ने कहा कि स्मार्टफोन विनिर्माण में वृद्धि से निर्यात को बढ़ावा मिला। इसके साथ ही भारत, अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन निर्यातक बन गया है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर वियतनाम हैं।

खाताधारकों के हितों की रक्षा करें बैंक : विवेक जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीएफएस सचिव ने कहा शिकायतों के चलते दिए निर्देश

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने और खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने यह बात कही।

उन्होंने बताया कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि ऐसे में बैंकों को इस मामले पर संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा, ''बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है।'' ऐसे उदाहरण हैं, जहां दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गईं। आमतौर पर, बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पादों को बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी कहते हैं कि उनपर ऊपर से दबाव है। जब ग्राहक किसी प्रकार का ऋण लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है।

स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश की इच्छुक

नई दिल्ली। चॉकलेट बनाने वाली कंपनी बैरी कैलेबाउट समूह और प्रौद्योगिकी कंपनी बुहलर सहित स्विट्जरलैंड की कई कंपनियां भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं। स्विट्जरलैंड की आर्थिक मामलों की मंत्री हेलेन बडलिगर ने यह बात कही। बडलिगर ने कहा कि एचईएसएस ग्रीन मोबिलिटी का इरादा 2025 तक भारत में लगभग 3,000 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण करने का है। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि चॉकलेट निर्माता बैरी कैलेबाउट ग्रुप 2024 तक भारत में अपनी तीसरी विनिर्माण इकाई चालू करने के लिए तैयार है।

बारिश से फसल नुकसान की बीमा कंपनियों ने नहीं दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 दिन के अंदर देनी थी रिपोर्ट मांगे और 10 दिन

अमृत विचार: पिछले सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों की रिपोर्ट बीमा कंपनियों ने नहीं दी है। कंपनियों ने सर्वे तो किया लेकिन, नुकसान का आकलन और क्षतिपूर्ति तय नहीं की है। कृषि विभाग सख्त हुआ तो 10 दिन का समय मांगा है।

2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से रबी की खड़ी व कटी फसलों को नुकसान हुआ था। अधिकांश क्षेत्रों में फसलें जलमग्न होने के साथ तेज हवा से खेतों पर बिछ गई थीं। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा किसानों ने क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। इस पर गंभीरता दिखाते हुए कृषि विभाग ने बीमा कंपनियों से 10 दिन में सर्वे कर नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मांगी थी। जो कंपनियों ने नहीं दी है। आशंका है कि क्षतिपूर्ति से बचने के लिए दावे ज्यादातर निरस्त किए हैं। क्योंकि व्यक्तिगत दावा में एक माह के अंदर जितना नुकसान उतना क्लेम देय होता है। वहीं उपनिदेशक उमा शंकर सिंह ने बताया कि कंपनियों के अनुरोध पर रिपोर्ट देने के लिए 10 दिन का समय दिया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए साप्ताहिक आंकड़े से यह खुलासा हुआ है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.23 लाख करोड़ रुपये घट गया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रिलायंस व एलआईसी को उठाना पड़ा सबसे ज्यादा नुकसान

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को उठाना पड़ा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,475.96 अंक या 1.99 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और आईटीसी की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 81,763.35 करोड़ रुपये घटकर 19,19,595.15 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 63,629.48 करोड़ रुपये घटकर 5,84,967.41 करोड़ रुपये और एसबीआई का 50,111.7 करोड़ घटकर 6,53,281.59 करोड़ रुपये रह गया है।

पापा का सपना बना अराइजीत की प्रेरणा

नई दिल्ली, एजेंसी

दादा ने हॉकी खेली, पिता और उनके तीनों भाइयों ने भी हॉकी खेली, लेकिन कोई भारतीय टीम में जगह नहीं बना सका और अब इस खानदान में हॉकी खेलने वाले अकेले खिलाड़ी अराइजीत सिंह हुंडल ओलंपिक के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर अधूरा सपना पूरा करना चाहते हैं।

अराइजीत ने कहा कि अगर मैं ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर त्योहार जैसा माहौल होगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी । मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और अपनी ओर से जान लड़ा दूंगा। ओलंपिक तैयारियों के सिलसिले में आस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में चल रहे राष्ट्रीय शिविर में शामिल ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर हुंडल ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सीनियर टीम में पदार्पण किया। हुंडल ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक समेत भारत के लिए सर्वाधिक चार गोल किये थे। उन्होंने कहा कि पूरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं।

नीदरलैंड के पोल को भारत ने किया गोलकीपिंग कोच नियुक्त

नई दिल्ली। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के गोलकीपिंग विशेषज्ञ डेनिस वान डी पोल को फिर से सहयोगी स्टाफ में शामिल किया है। वान डी पोल इससे पहले भी भारतीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। वह पहली बार 2019 में भारतीय टीम से जुड़े थे। भारतीय टीम अभी भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग ले रही है। पोल शिविर से जुड़कर तीनों गोलकीपर पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा के साथ काम करेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में 10 दिवसीय विशेष गोलकीपिंग शिविर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम के रवाना होने से एक सप्ताह पहले 26 मार्च को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण चरण है।

अश्विन ने चुनौतियों को प्रगति पर अंकुश नहीं लगाने दिया: कुंबले

चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के 500 अंतर्राष्ट्रीय विकेट चटकाने से खुश महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि एक दशक में इस ऑफ स्पिनर के सामने कई चुनौतियां आई, लेकिन वह लगातार सीखने के जज्बे और इच्छाशक्ति से इससे पार पाने में सफल रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है और वह भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं थे। कुंबले ने अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर तमिलनाडु क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं। उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है। इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है। कुंबले ने कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने कहा कि जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। वह पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था उनके बारे में वह पूरी जानकारी रखते थे।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि अश्विन ने देश में स्पिन गेंदबाजी का स्वरूप बदल दिया। मैं उस विरासत के बारे में सोच रहा हूं जो अश्विन जैसा खिलाड़ी खत्म होने के बाद छोड़ेगा। अभी उसे अपने करियर में लंबा सफर तय करना है। द्रविड़ ने कहा कि स्पिन गेंदबाजी के बारे में सोचते ही, उन्होंने स्पिन गेंदबाजी के बारे में हमारी समझ और ज्ञान को आगे बढ़ाया है, जो एक महान विरासत है। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी की कला और विज्ञान को बहुत बेहतर बनाया है।

रविचंद्रन अश्विन बहुत ही शानदार क्रिकेटर हैं : गावस्कर

चेन्नई। सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने रविचंद्रन अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार करते हुए कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन की बदौलत यह गेंदबाज सफलता हासिल करने में सफल रहा। श्रीकांत ने कहा कि अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट लिए हैं तो इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वो एन श्रीनिवासन हैं। उन्होंने कहा कि यह अश्विन के लिए शानदार उपलब्धि है। उनकी सफलता का मुख्य कारण उनका खुद पर भरोसा है। गावस्कर ने कहा कि मैं अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट लेने की उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेंगे लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं। अश्विन ने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ की। वह 2015 तक इसी फ्रेंचाइजी के साथ रहे और दो खिताब जीते। सीएसके का मालिकाना हक इंडिया सीमेंट्स का है और श्रीनिवासन कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं।

खेल डायरी

अमेलिया-सोफी इंग्लैंड के खिलाफ शुरू के मैच नहीं खेलेंगी

वेलिंग्टन, एजेंसी। अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला टीम का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा भारत में चल रहे डब्ल्यूपीएल में आरसीबी के लिए खेल रही केर शुरुआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पाएंगी। वहीं सोफी डिवाइन आरसीबी के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उनको उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी।

ओलंपिक के चयन ट्रायल में दीपिका शीर्ष पर

सोनीपत, एजेंसी। दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी ने रविवार को आगामी विश्व कप और पेरिस ओलंपिक के लिए हुए चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने फरवरी में बगदाद एशिया कप में दो स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की। वह दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल खेल से बाहर रहीं। दीपिका ने भजन कौर, अंकिता भक्त और कोमलिका बारी के साथ चार सदस्यीय टीम में जगह बनाई। भारत को ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में कोटा हासिल करना बाकी है। वहीं अंताल्या में 18-23 जून तक होने वाला विश्व कप का तीसरा चरण अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा। भारत के लिए अब तक एकमात्र पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले धीरज बोम्मदेवरा पुरुष रिकर्व वर्ग में शीर्ष पर रहे।

दीक्षा ने गोल्फ क्लासिक के कट में बनाई जगह

लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), एजेंसी। भारत की दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में छह बर्डी और इतनी ही संख्या में बोगी लगाकर इवन पार 71 का कार्ड खेला, जिससे वह आईओए गोल्फ क्लासिक के कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने एप्सन टूर की इस प्रतियोगिता के पहले दौर में तीन ओवर 74 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन ओवर पर है। टूर्नामेंट में कट भी तीन ओवर पर गया। लेडीज यूरोपियन टूर की दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में जगह बनाकर यहां पहुंची दीक्षा अगले सप्ताह भी एप्सन टूर में भाग लेगी। इसके बाद वह लेडीज यूरोपियन टूर में लौट जाएगी। गोल्फ क्लासिक में दूसरे दौर के बाद लिंडसे मैक्कर्डी एक शॉट से आगे थीं। लिंडसे ने 65 का कार्ड खेला, जबकि डेवी वेबर (66) दूसरे और चीनी ताइपे की विवियन होउ (63) तीसरे स्थान पर हैं।

सिन्नर को हराकर अल्कराज इंडियन वेल्स के फाइनल में



इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। कार्लोस अल्कराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यानिक सिन्नर के 19 मैच से चल रहे विजय अभियान पर रोक लगाई तथा बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अल्कराज ने बारिश से प्रभावित इस मैच में सिन्नर को 1-6, 6-3, 6-2 से हराया। अल्कराज की इंडियन वेल्स में यह लगातार 11वीं जीत है, जिससे उन्होंने विश्व रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान फिर से हासिल कर लिया है। फाइनल में अल्कराज का मुकाबला रूस के दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने भी दूसरे सेमीफाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करके टॉमी पॉल को 1-6, 7-6, 6-2 से पराजित किया। अल्कराज के खिलाफ सिन्नर जब पहले सेट में 2-1 से आगे चल रहे थे तब बारिश से खेल रोकना पड़ा। तीन घंटे से भी अधिक समय तक खेल नहीं हो पाया। इस बीच महिला युगल के फाइनल में ताइवान की सीह सु-वेई और बेल्जियम की एलीस मर्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया की स्टॉर्म हंटर और चेक गणराज्य की कटेरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

आईपीएल के लिए लौटे विराट आरसीबी से जुड़ने की तैयारी

कोहली ने बेटे के जन्म के लिए भारत और इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला से हटने का किया था फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने बेटे अकाय के जन्म के बाद रविवार को भारत लौट आए और आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के ट्रेनिंग शिविर में जुड़ने के लिए तैयार हैं।

कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला लेते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से हटने का फैसला किया था। बाद में बताया गया कि यह ब्रेक इसलिए लिया ताकि ब्रिटेन में अपने बेटे के जन्म के समय अपनी पत्नी के साथ वह रह सके। आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ट्वीट किया कि विराट कोहली लौट आए हैं। रेड किंग भारत में 22 मार्च को सीएसके के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। इसमें लिखा था, किंग के लिए चीयर करने और 'किंगली बीट्स' पर थिरकने के लिए तैयार हो जाइये क्योंकि स्टार स्पोर्ट्स का नया एंथम 'कोहली कॉलिंग' सभी मंच पर रिलीज हो गया है। आईपीएल में कोहली के संबंध में सभी चीजों के लिए स्टार स्पोर्ट्स पर ट्यून करें। कोहली रविवार को मुंबई पहुंचे और उनके जल्द ही टीम के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। आरसीबी अभी तक आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। कोहली ने पिछले आईपीएल सत्र में 639 रन बनाए थे।

आईपीएल से पहले केकेआर से जुड़े श्रेयस अय्यर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल सत्र से पहले टीम के अभ्यास शिविर से जुड़ गए हैं। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर के टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। यह बल्लेबाज पीठ के ऑपरेशन से पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाया था। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी, लेकिन पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे, लेकिन इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लगा था। उन्हें बाकी बचे तीन मैच के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। अय्यर मुंबई से रणजी के क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए थे लेकिन सेमीफाइनल और फाइनल में वह टीम का हिस्सा थे। विदर्भ के खिलाफ फाइनल में वह पीठ दर्द से परेशान रहे। इस कारण वह मैच के अंतिम दो दिन मैदान पर नहीं उतरे।

चोटिल मदुशंका के शुरुआती सत्र में खेलने की संभावना कम

ढाका। श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान मदुशंका बांग्लादेश के खिलाफ चल रही वन डे सीरीज में चोटिल होने के बाद बाहर हो गए और उनके आईपीएल के शुरुआत सत्र में खेलने की संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बाए पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा कि हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है। हमें नहीं पता कि इससे उबरने में उन्हें कितना समय लगेगा। वह चिकित्सक दल की निगरानी में उच्च प्रदर्शन सेंटर में रिहैब करेंगे। वह वन डे से तो बाहर हो गए हैं।

डब्ल्यूपीएल का नया चैंपियन बना बेंगलुरु

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रेयंका पाटिल, सोफी मोलिन्यू और सोभना आशा की घातक गेंदबाजी के बाद एलिस पेरी के नाबाद 35 और सोफी डिवाइन के 32 रन की पारी के दम पर आरसीबी ने रविवार को खेले गए डब्ल्यूपीएल के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया।

114 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़े। पहले विकेट के रूप में सोफी डिवाइन को शिखा पांडे ने पगबाधा किया। सोफी ने 27 गेंदों में 32 रन बनाए। दूसरे विकेट के रूप में कप्तान स्मृति मंधाना 31 रन बनाकर आउट हुई। एलिस पेरी ने 37 गेंदों में नाबाद 35 रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली और ऋचा घोष 17 रन पर नाबाद रहीं। बेंगलुरु ने 19.3 ओवर में 115 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। दिल्ली की शिखा पांडे और मिन्नू मनी ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले दिल्ली ने बेंगलुरु को 114 रन का लक्ष्य दिया था। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान मेग लानिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। आठवें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने वेयरहम के हाथों शेफीली वर्मा कैच आउट कराया। शेफाली ने 27 गेंदों में 44 रन रन बनाए। अगले ओवर में श्रेयंका पाटिल ने कप्तान मेग लानिंग को 23 रन पर पगबाधा किया। इसके बाद दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज बेंगलुरु की फिरकी का सामना नहीं कर सका। मैरिजेन कप्प 8 रन, जेस जॉनसन 3 रन, राधा यादव 12 रन, मिन्नू मनी 5 रन और अरुंधति रेड्डी 10 रन बनाकर आउट हुई। जेमिमा रॉड्रिग्स, ऐलिस कैप्सी और तानिया भाटिया खाता भी नहीं खोल पाईं। शिखा पांडे 5 रन पर नाबाद रही। बेंगलुरु की श्रेयंका पाटिल ने 4, सोफी मोलिन्यू ने 3 और सोभना आशा ने दो विकेट लिए।

गुलवीर ने 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन प्रतियोगिता में पुरुषों की 10000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए अपनी हीट में दूसरा स्थान पाया।

इस खिलाड़ी ने स्पर्धा में 27 मिनट, 41.81 सेकेंड का समय लेकर सुरेंद्र सिंह के 2008 में बनाए 28 मिनट, 2.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा। गुलवीर का यह प्रयास ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए पर्याप्त नहीं था। ओलंपिक खेलों का क्वालिफिकेशन समय 27 मिनट है और इस तरह से यह भारतीय एथलीट 41 सेकेंड के अंतर से इसे हासिल करने से चूक गया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ी कार्तिक कुमार 28 मिनट, 01.90 सेकेंड का समय लेकर नौवें स्थान पर रहे। उनका समय भी सुरेंद्र सिंह के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर है। भारतीय एथलीट अविनाश साबले अपनी दौड़ पूरी नहीं कर पाए। वह 15वें लैप में 6000 मीटर की दूरी पूरी करने के बाद हट गए थे। महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में भारत की पारूल चौधरी 32 मिनट, 0 2.08 सेकेंड का समय लेकर 20वें स्थान पर रही।

मैनचेस्टर सिटी छठी बार सेमीफाइनल में

एफए कप

लंदन, एजेंसी। मैनचेस्टर सिटी ने बर्नार्डो सिल्वा के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से न्यूकासल को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैनचेस्टर सिटी ने इस तरह से एफए कप के 153 साल के इतिहास में लगातार छठी बार सेमीफाइनल में पहुंचकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। इस बीच दूसरी श्रेणी की टीम कोवेंट्री ने स्टॉपेज टाइम में दो गोल करके वॉल्वरहैम्पटन को 3-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। कोवेंट्री ने तब खिताब जीता था। एलिस सिम्प्स ने 10 मिनट के अतिरिक्त समय में पहला गोल करके कोवेंट्री को बराबरी दिलाई जबकि अमेरिका के स्ट्राइकर हाजी राइट ने उसकी तरफ से विजयी गोल दागा।

बॉलीवुड हलचल

मनोरंजन के साथ लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला: कपिल

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहांकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' जर्नी शुरू

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म क्रू के ट्रेलर में तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन के साथ दिलजीत दोसांझ की झलक देखने को मिली है। ट्रेलर के शुरुआत में एक ऑफिसर कहती हैं 'सोना कहां है?' बस इस डायलॉग के बाद से करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की एक उथल-पुथल वाली जर्नी की शुरुआत हो जाती है इसमें कोहिनूर नाम की एक एयरलाइन कंपनी है, जिसके इर्द-गिर्द फिल्म क्रू की कहानी घूमती रहती है। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

चिंटू की फिल्म शूरवीर के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू की फिल्म 'शूरवीर' के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है जो लखनऊ में हो रही है। फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू एक योद्धा का किरदार निभाने रहे हैं, जिसने जिन्दगी हर उतार-चढ़ाव के बेहद संजीदगी से जिया है और हर मुश्किलों का सामना किया है। इस किरदार को निभाने के लिए चिंटू ने अपनी फिटनेस को काफी इम्प्रूव किया है और शूरवीर के जैसा दिखने के लिए मेहनत की है। शिवराम फिल्म एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' के निर्माता शिवराम हैं, वहीं लेखक एवं निर्देशक आर. के. शुक्ला हैं। सह निर्माता राकेश देवा पांडेय हैं। कार्यकारी निर्माता शेखर यादव है। छायांकन विजय आर. पांडेय व संगीत मधुकर आनंद और सावन कुमार ने तैयार किया है। कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी और मनोज गुप्ता हैं। एक्शन मास्टर हीरा यादव और मल्लेश हैं।

नवरत्न और अंजली का गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज

मुंबई, एजेंसी। नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय का होली गीत होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू रिलीज हो गया है। होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़ू' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर है। इस गाने को नवरत्न पांडेय ने गाया है। गाने के वीडियो में नवरत्न पांडेय और अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि नवरत्न पांडेय हाथ मे रंग अबीर लिए अपनी प्रेमिका अंजली का इंतजार कर रहे हैं। अंजली जैसे ही उनके पास पहुंचती है तो नवरत्न पांडेय काफी खुश हो जाते हैं, लेकिन उनका दिल तब टूट जाता है जब उनकी प्रेमिका अंजली पांडेय उन्हें अपनी शादी कार्ड देती है। किसी दूसरे से अपनी प्रेमिका की शादी होने की बात जानकर नवरत्न बहुत दु:खी हो जाते हैं और उनका सारा अरमान चूर चूर हो जाता है। नवरत्न अपनी प्रेमिका अंजली से कहते हैं कि 'असहु फीका फीका लागे असो के ई होलिया ये जान... तू जात तारू चढ़िके डोलिया ये जान, दे दा एगो जहर के गोलिया ये जान...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'होलिया में डोलिया चढ़ी जात बाड़' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार विकाश यादव हैं। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

मालदीव की निगरानी से बाहरी पक्ष न हों चिंतित

माले, एजेंसी

- हिंद महासागर में पहली बार सुरक्षा के लिए तैनात किए ड्रोन

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि मालदीव के क्षेत्र की निगरानी से किसी भी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए, जिसमें हिंद महासागर द्वीप समूह राष्ट्र की सुरक्षा के लिए ड्रोन की पहली तैनाती भी शामिल है। दरअसल, उन्होंने विशाल समुद्री क्षेत्र की निगरानी के लिए अपने रक्षा बलों को बढ़ावा देने के उपायों की घोषणा की है।

राष्ट्रपति कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) एयर कोर और मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को लॉन्च करने के लिए एक समारोह में बोलते हुए मुइज्जू की नवीनतम टिप्पणियां आईं। मुइज्जू ने समारोह में मालदीव की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नई पहल की घोषणा की।



चीन समर्थक मालदीव के नेता की टिप्पणी मुइज्जू द्वारा भारत विरोधी बयानबाजी तेज करने के बाद भारत द्वारा उपहार में दिए गए हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले बैच के द्वीप राष्ट्र छोड़ने के कुछ दिनों बाद आई है।

मुइज्जू ने कहा कि देश अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि मालदीव कोई छोटा देश नहीं है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह द्वीप राष्ट्र नौ लाख वर्ग किलोमीटर तक फैला है और अपने अधिकार क्षेत्र की निगरानी करने में सक्षम है। उन्होंने किसी भी देश का नाम लिए बिना कहा, "मालदीव एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है और मालदीव के अधिकार क्षेत्र की निगरानी से किसी बाहरी पक्ष को चिंता नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे मालदीव के सभी देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों में बाधा नहीं आएगी। मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार तटरक्षक बल की क्षमता को दोगुना करेगी। इसके अलावा, एयर कॉर्प्स बेड़े का विस्तार करेगी और भूमि आधारित वाहनों और प्लेटफार्मों को बढ़ाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पद संभालने के बाद मुइज्जू ने भारत से द्वीप राष्ट्र से लगभग 90 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा था।

दवाओं की ऑनलाइन बिक्री की नीति बनाने को केंद्र ने मांगा समय

नई दिल्ली। दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाने को लेकर केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट से और समय मांगा है।

केंद्र ने कहा- मुद्दा जटिल है और दवाओं की बिक्री के तरीके में किसी भी संशोधन के दूरगामी परिणाम होंगे। बता दें, हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को नीति तैयार करने के लिए चार महीने का और समय दिया है। मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख से पहले मसौदा नीति तैयार नहीं होती है, तो अदालत के पास मामले को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

इस समय फ्लैक्सी-कैप फंड या हाइब्रिड फंड में से क्या बेहतर

इस समय स्मॉल और मिड कैप शेयरों का वैल्युएशन काफी हाई है। ऐसे में निवेश एक्सपर्ट इनसे जुड़े म्यूचुअल फंड्स में भी निवेश से बचने की सलाह दे रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में हाइब्रिड फंड और फ्लेक्सी-कैप फंड निवेश का बेहतर विकल्प हो सकते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

निवेश से पहले विभिन्न मार्केट साइकिल में फंड के प्रदर्शन का आकलन करें। फंड मैनेजर का ट्रैक रिकॉर्ड भी देखना चाहिए कि उसने कितनी सफलतापूर्वक किसी साइकिल का सामना किया है और बेंचमार्क या अन्य फंड के मुकाबले कितना रिटर्न दिया है। निवेशकों को फ्लेक्सी-कैप स्कीम के निवेश उद्देश्य को समझना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि यह उनके निवेश लक्ष्यों के अनुरूप हो।

क्या है हाइब्रिड या फ्लेक्सी-कैप फंड

हाइब्रिड फंड ग्रोथ और इनकम के बीच संतुलन हासिल करने के लिए इक्विटी और डेट जैसी एसेट क्लास के मिश्रण में निवेश करते हैं। ऐसे फंडों का आम तौर पर इक्विटी में लार्ज-कैप का तरफ झुकाव होता है। इससे बेहतर रिटर्न देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। मौजूदा मार्केट कंडीशन में फ्लेक्सी-कैप फंड लॉन्ग टर्म लक्ष्य रखने वाले निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी मार्केट के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं। चूंकि फंड मैनेजर बिना किसी प्रतिबंध के लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करते हैं, ऐसे फंड लंबी अवधि में हाई रिटर्न देते हैं और मुख्य एलोकेशन के लिए आदर्श हैं।

कौन निवेश कर सकता हैं

इक्विटी एसेट क्लास के लिए, रिस्क प्रोफाइल अधिक होता है। यदि आपके पास बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान होने वाले नुकसान को सहन करने की क्षमता है, चाहे आप फ्रेशर हों या वरिष्ठ नागरिक हों, तो आप निवेश कर सकते हैं। अगर आपका लक्ष्य लंबी अवधि के लिए पूंजी बचाना है, तो इस तरह के फंड में आपके लिए एसेट एलोकेशन नहीं हो सकता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए एक अच्छी श्रेणी है जो उच्च जोखिम वाले हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है जैसा कि हमने दो वर्षों में देखा है, जहां निवेशकों के सब कुछ खोने की संभावना होती है।

एक नजर

आज से 10 दिवसीय युद्धाभ्यास शुरू करेंगे भारत-सेशेल्स

नई दिल्ली। भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ चिंताओं की साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

गोवा में ट्रक घाटी में गिरा, एक की मौत, पांच बच्चों समेत 13 जख्मी

पणजी। दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक घाटी में गिर गया। घटनामें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हुए हैं। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी जा गिरा। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। घायलों को गोवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

अमेरिका-ब्रिटेन ने यमन के बंदरगाह पर किए हवाई हमले

सना। यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह पर अमेरिका और ब्रिटेन ने शनिवार देर रात चार हवाई हमले किए। हूती नियंत्रित मीडिया ने बताया है कि, हमलों में शहर के दक्षिणी जिले दुरयहीमी को निशाना बनाया गया। हमलों में हताहत और क्षति की कोई सूचना नहीं है। बता दें, अमेरिका-ब्रिटेन इससे पहले भी कई बार कार्रवाई कर चुका है। हूति विद्रोही लाल सागर में लगातार मालवाहक जहाजों पर हमला कर कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भी नजर रखे हुए है, कई हमलों को विफल भी किया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने जनवरी के मध्य से यमन में हूती ठिकानों के खिलाफ जवाबी हवाई और मिसाइल हमले किए हैं।

अफगानिस्तानः बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर, 21 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के हेरात-कंधार राजमार्ग पर रविवार सुबह बस और तेल टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 से अधिक लोग घायल हैं। हादसे घायल लोगों में से 11 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हेलमंद प्रांत के सूचना और संस्कृति निदेशालय ने कहा कि यह घटना रविवार सुबह हेलमंद प्रांत के ग्रिश्क जिले के यखचल में हुई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना एक बस के मोटरसाइकिल से टकराने और फिर तेल से भरे टैंकर से टक्कर के कारण हुई, जिसके बाद दोनों वाहनों में आग लग गई।

पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय, युद्ध के बीच संपन्न हुआ मतदान

तीन नेताओं ने दी राष्ट्रपति को चुनौती, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों के समर्थक

मॉस्को, एजेंसी

रूस में शुक्रवार से शुरू हुए राष्ट्रपति चुनाव रविवार को थम गया। पहली बार रूस में राष्ट्रपति के लिए 3 दिनों तक मतदान हुआ है। साथ ही, यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है, जिसमें डिजिटल वोटिंग हुई है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद हो रहे पहले राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पांचवीं बार राष्ट्रपति बनना तय हो गया है, क्योंकि उनके सामने उतरे तीनों प्रत्याशी उन्हीं के समर्थक हैं। वे यूक्रेन युद्ध सहित सभी मुद्दों पर पुतिन के साथ हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति पुतिन 6 साल तक यानी 2030 राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। पुतिन और उनके विरोधी दोनों के लिए यह चुनाव रेफरेंडम (जनमत संग्रह) जैसा है। लेकिन, यह विपक्ष रहित चुनाव है, क्योंकि पुतिन या यूक्रेन युद्ध का विरोध करने वाले किसी प्रत्याशी को चुनाव ही नहीं लड़ने दिया गया। पिछले 20 साल में पुतिन का विरोध करने वाले 16 नेताओं की हत्या हो चुकी है। दो बड़े विपक्षी नेताओं इल्या याशिन 8 साल और व्लादिमीर काजा मुर्जा को 25 साल की जेल की सजा हुई है। कई विरोधियों को रूस से भागना पड़ा है। 2018 के चुनाव के बाद रूस में विपक्ष का दमन जारी है। 2018 में पुतिन के खिलाफ एलेक्सी नवेलनी ने चुनाव लड़ने की कोशिश की थी लेकिन उनका दावा खारिज कर दिया गया। 16 फरवरी को आर्कटिक जेल में उनकी मौत हो गई। करीब सवा लाख रूसियों को राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा है।

पुतिन के सामने पहले चुनाव में 14 प्रत्याशी थे

रूस में राष्ट्रपति की रेस में पुतिन सहित 4 प्रत्याशी हैं। अन्य तीनों प्रत्याशी पुतिन समर्थक हैं और यूक्रेन मुद्दे पर भी पुतिन के साथ हैं। वर्ष 2000 में जब पुतिन पहला चुनाव लड़ा, तो सामने 14 प्रत्याशी थे। अब पुतिन की ताकत बढ़ने के साथ-साथ प्रत्याशियों की संख्या 3 पर आ गई। बता दें, पुतिन रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। 1999 में रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने पुतिन को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया था। एक सर्वे के मुताबिक, पुतिन को 75 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बता दें, पुतिन रिकॉर्ड जीत चाहते हैं ताकि कह सके कि यूक्रेन पर पूरा रूस उनके साथ है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन चाहते हैं कि 70 फीसदी वोटिंग हो और 80 फीसदी वोटों के साथ उनकी रिकॉर्ड जीत हो। पहले चरण में किसी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट न मिले, तो दूसरे चरण की वोटिंग का नियम है।

बड़े पदों पर आसीन नेताओं ने दी पुतिन को चुनौती

लियोनिड स्लट्स्की रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। दूसरे व्लादिस्लाव दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। वहीं रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई खारितोनोव भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं।

जनादेश चुराने वालों के खिलाफ हो देशद्रोह की कार्रवाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगे थे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित 90 से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में अधिकतम सीट जीती थीं, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री नवाज के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।

सीएए का विरोध करने वालों को भारतीय इतिहास की समझ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर ने अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की आलोचना पर की टिप्पणी

अमेरिका और दुनिया के अन्य हिस्सों से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की आलोचना करने वालों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि इसे विभाजन के संदर्भ में रखना महत्वपूर्ण है। साथ ही रेखांकित किया कि ऐसे 'कई उदाहरण' हैं जिनमें कई देशों के पास फास्ट-ट्रैक नागरिकता है।

शनिवार देर रात कार्याक्रम में जयशंकर ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी को मारने की साजिश रचने के आरोपों का सामना कर रहे एक भारतीय नागरिक और एक दिन पहले अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी की टिप्पणियों पर सवालों के जवाब दिए। जयशंकर ने कहा 'आप भारत और कनाडा का कई उदाहरण दे रहे है, अमेरिकी राजनीति ने हिंसक चरमपंथी विचारों और गतिविधियों को उस तरह की जगह नहीं दी है जो कनाडा ने दी है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि इन्हें एक साथ रखना अमेरिका के लिए उचित है। जयशंकर ने कहा कि मैं दोनों के बीच अंतर करूंगा। जयशंकर ने वाशिंगटन और दुनिया के अन्य



हिस्सों से सीएए को लेकर हो रही आलोचनाओं का भी जवाब दिया। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में सीएए की अधिसूचना को लेकर चिंतित है और इसके कार्यान्वयन पर करीब से नजर रख रहा है। इस पर जयशंकर ने जवाब दिया कि 'मैं उनके लोकतंत्र या उनके सिद्धांतों की खामियों पर सवाल नहीं उठा रहा हूं।

मैं हमारे इतिहास के बारे में उनकी समझ पर सवाल उठा रहा हूं। यदि आप दुनिया के कई हिस्सों से टिप्पणियां सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे भारत का विभाजन कभी नहीं हुआ था, कोई परिणामी समस्याएं नहीं थीं जिन्हें सीएए को संबोधित करना चाहिए।

ब्रिटेन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

लंदन। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया है।

हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन ने कहा-भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।

यातायात ठप...

शिमला: हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में हुई बर्फबारी और बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कुल 259 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं। स्थानीय मौसम कार्यालय ने राज्य को प्रभावित करने वाले नए पश्चिमी विक्षोभ की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की आशंका है, जबकि ऐसा ही एक और विक्षोभ बुधवार की रात से इस क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।

पुणे: एनआईए की कार्रवाई, आतंकियों से जुड़ी संपत्तियों को किया कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसआईएस मॉड्यूल मामला: संपत्तियों का आतंकी मकसद के लिए किया जा रहा था इस्तेमाल

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में 11 आतंकियों की चार अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। एनआईए ने रविवार को कहा कि कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने बताया कि इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था।

यह कार्रवाई देश में वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए की गई है। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं। ये संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन के नाम पर थी। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर आईईडी फैब्रिकेशन ट्रेनिंग वर्कशॉप के माध्यम से आतंकवादी फैलाने की साजिश से जुड़ा है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने अपने देश की समुद्री सीमा में मछली पकड़ रहे 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मछुआरों को शनिवार को जाफना के पास से गिरफ्तार करने के बाद कांकेसनथुरै बंदरगाह ले जाया गया। नौसेना ने उनकी दो नौका भी जब्त कर ली है।

इससे पहले श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को 15 भारतीय मछुआरों को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कारैनगर तट के पास हिरासत में लिया था। इस वर्ष अभी तक लगभग 146 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2023 में श्रीलंकाई नौसेना ने 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी 35 नौका जब्त कर ली।

अगर मैं राष्ट्रपति पद के लिए नहीं चुना गया तो होगा खून-खराबा

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव: ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता तो यहां खूनखराबा होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है।

दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस समय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं।

खून-खराबा वाले बयान पर भड़की बाइडन की पार्टी

डोनाल्ड ट्रंप के खून-खराबा वाले बयान पर अब राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रचार अभियान के प्रवक्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप छह जनवरी की घटना फिर दोहराना चाहते हैं। साल 2021 में जब डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में हार गए थे, तब लोगों की भीड़ छह जनवरी 2021 में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस आई थी। इस पूरी घटना में कम से कम 100 पुलिस कर्मी घायल हुए थे। साथ ही दंगे के दौरान और दंगे के बाद कम से कम नौ लोगों की मौत हुई थी।

शोध अमेरिका के ड्यूक विवि ने किया अध्ययन, पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया बढ़ने की आशंका

पड़ोसी की वजह से दिमाग उम्र से 3 साल हो जाता है बूढ़ा

वाशिंगटन, एजेंसी

आपकी जिंदगी पर दोस्तों और पड़ोसियों का गहरा असर होता है। यही नहीं आप जिस जगह रहते हैं, वहां के हालात से तय होता है कि आपकी याद्दाश्त कैसी होगी। अमेरिका के ड्यूक विश्वविद्यालय में हुई शोध के मुताबिक, अगर आपके पड़ोसी अच्छे नहीं हैं तो आपका दिमाग 3 साल जल्दी बूढ़ा हो जाएगा।

यह शोध करने वाले ड्यूक विश्वविद्यालय के शोधकर्ता कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल ठीक नहीं है तो डिमेंशिया-सिजोफ्रेनिया जैसी चीजों को भूलने की बीमारी होने की आशंका 43 फीसदी तक बढ़ जाती है। दरअसल 45 साल की उम्र से ही उनका दिमाग पड़ोस के खराब माहौल के दबाव को झेलने की क्षमता खोने लगता है। ऐसे इलाकों में रहने वाले लोगों के दिमाग में नर्व पूरी सूचना नहीं पहुंचा पाता।

क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबेन कहते हैं- डिमेंशिया से बचने की तैयारी डायग्नोज होने से 20 साल पहले करने की जरूरत है। इसकी वजह यह है कि डिमेंशिया की शुरुआत तभी हो चुकी होती है। डायग्नोज बाद में होता है।

पिछड़े इलाकों में सबसे ज्यादा मरीज होते हैं। रोजाना कुछ देर की एक्सरसाइज से आप बॉडी के साथ माइंड को भी फिट एंड फाइन रख सकते हैं। एक्सरसाइज से ब्रेन में हैप्पी हॉर्मोन्स रिलीज होते हैं, जो आपको स्ट्रेस फ्री रखने में मदद करते हैं। इससे अल्जाइमर, डिमेंशिया का खतरा काफी हद तक कम होता है। ये इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे मोटापा, हार्ट प्रॉब्लम्स और कैंसर की खतरा बढ़ जाता है और ये दिमाग और तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करते हैं। जिससे बढ़ती उम्र के साथ डिमेंशिया हो सकता है। गौरतलब है कि, इस सर्वे को करने वाले क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आरोन रियूबन कहते हैं- अगर पड़ोस का माहौल खराब है, तो सिजोफ्रेनिया-डिमेंशिया जैसी बीमारियों के होने की संभावना 43% तक बढ़ जाती है। ऐसा टॉक्सिक एन्वॉयरमेंट 45 साल की उम्र से ही आपके दिमाग को प्रभावित करने लगता है।

दैनिक जीवन में करें ये जरूरी बदलाव

लगातार बढ़ता वजन और मोटापा ब्लड प्रेशर से लेकर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ा सकता है। ये दोनों ही डिमेंशिया से कनेक्टेड हैं, तो इससे बचे रहने के लिए बैलेंस डाइट लेना जरूरी है। डाइट में ताजे फल, सब्जियों, मेवों, बीज, दालें और साबुत अनाज को खासतौर से शामिल करें। इसके साथ ही जंक, प्रोसेस्ड और डिब्बाबंद फूड आइटम्स अवॉयड करें।

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट में खुलासा, फरवरी तक दो हजार घुसपैठ की कर चुके हैं कोशिश

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या दोगुनी हो गई है। ब्रिटिश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में शरण मंगाने वाले भारतीयों की संख्या 5 हजार से ज्यादा हो गई है, जो 2022 में 2,612 थी। इसी तरह ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल को पार कर अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीयों की संख्या भी एक साल के दौरान बढ़ गई।

2022 में 748 भारतीयों ने जान जोखिम में डालकर इंग्लिश चैनल को पार करने का खतरा उठाया था, जबकि 2023 में से संख्या 1192 हो गई। मालूम हो, 2023 में अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले भारतीयों की संख्या भी रिकॉर्ड एक लाख को पार कर गई, जबकि 2022 में 65 हजार भारतीय ही अवैध रूप से अमेरिका में घुसे थे। ब्रिटेन में 2023 में अवैध रूप से घुसने वाले 1192 भारतीयों में से 60 फीसदी युवा हैं। ये 18-29 की आयु वर्ग के हैं। ये डावर, प्लेमाउथ से घुसने की कोशिश करते हैं। सबसे ज्यादा 5 हजार अफगान लोगों ने घुसपैठ की।

इस साल फरवरी तक कई देशों के लगभग दो हजार लोग घुसपैठ की कोशिश कर चुके हैं। 2023 में ब्रिटेन में शरण मांगने वाले 5 हजार से ज्यादा भारतीयों में से 140 की अर्जियों पर ही प्रारंभिक चरण पर विचार किया गया। ब्रिटेन में शरण मांगने के लिए 5 साल में तीन बार अर्जियां लगाई जा सकती हैं।